CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :26°C
न्यूनतम : 12°C

नई दिल्ली, शनिवार 29 नवम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 238 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 7 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विश्वास वहीं टिकता है, जहां मन शांत, विचार स्वस्थ और भावनाएं शुद्ध हों: राष्ट्रपति पेज 2



मुंबई इंडियंस ने अधिकतर खिलाड़ियों को फिर खरीदा खेल टाइम्स



जेन गुडॉल ने दिए वन्यजीव अध्ययन को नए आयाम सम्पादकीय



अमेरिका में अब इंडियन शब्द के इस्तेमाल पर रोक !, ट्रम्प का फिर विवादित बयान पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### चार दिसम्बर को भारत आएंगे राष्ट्रपति पुतिन

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए चार दिसम्बर को भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आ रहे हैं। श्री पुतिन पीएम मोदी के निमंत्रण पर भारत यात्रा पर आ रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रूसी राष्ट्रपति पुतिन का स्वागत करेंगी और उनके सम्मान में भोज देंगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि श्री पुतिन चार से पांच दिसम्बर तक भारत यात्रा पर आ रहे हैं, जहां वह भारत रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यात्रा के दौरान श्री पुतिन श्री मोदी के साथ बातचीत करेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू श्री पुतिन की अगवानी करेंगी और उनके सम्मान में भोज का आयोजन भी किया जाएगा। श्री पुतिन की यह यात्रा भारत और रूस के द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा और विशेष तथा विशेषाधिकार रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने का विज़न तय करने और परस्पर महत्व के क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान- प्रदान करने का अवसर प्रदान करेगी।

### कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले बुलाई बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शीतकालीन सत्र से पहले संसद में पार्टी की रणनीति बनाने के लिए 30 नवम्बर को संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के आवास पर 'संसदीय रणनीतिक समूह' की बैठक बुलाई है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस अन्य विपक्षी दलों के साथ राज्यसभा और लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बार-बार आ रहे बयानों, चीन के साथ बिजनेस समझौतों तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की मांग करेगी। इसके अलावा मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) को बड़ा मुद्दा बनाया जाएगा। सूत्रों के अनुसार विपक्षी दल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग लाने की भी तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक संसद सत्र में दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठाया जाएगा। इसके अलावा दिल्ली प्रदूषण पर भी दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस रणनीति समूह की बैठक में चर्चा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से शुरू हो रहा है, जो 19 दिसम्बर तक चलेगा।

### कपिल के कनाडा के कैफे में फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैप्स कैफे में हुई फायरिंग के आरोपी को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम बंधु मान सिंह सेखों है, जो गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लो गैंग का अहम हैंडलर बताया जा रहा है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके पास से पीएक्स-3 हाई-एंड पिस्टल (मेड इन चाइना) बरामद की है, जिसमें 8 जिंदा कारतूस भी मिले। पुलिस के मुताबिक सेखों के भारत में छिपे होने की सूचना मिली थी। सेखों पर आरोप है कि उसने फायरिंग की साजिश रची थी और शूटरों से लेकर लॉजिस्टिक सपोर्ट तक मुहैया कराया था।

# सहारनपुर: बेकाबू डम्पर कार पर पलटा, सात की मौत

## मृतकों में एक ही परिवार के पांच सदस्य शामिल

शाह टाइम्स ब्यूरो/एजेंसी

**सहारनपुर।** गागलहेड़ी थाने के गांव सोना सैयद माजरा के पास टोल प्लाजा पर शुक्रवार सुबह ओवरब्रिज के अंडर पास में बजरी से भरा डम्पर बेकाबू होकर सामने से आ रही आई-20 कार पर पलट गया, जिससे कार सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

बड़ी मुश्किल से शवों को कार से निकाल कर जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने पंचनामा भर कर सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलने पर कमिश्नर डा. रूपेश कुमार, डीआईजी अभिषेक सिंह, डीएम मनीष बंसल और एसएसपी आशीष तिवारी घटना स्थल पर पहुंचे और हादसे की जानकारी ली। जिला अस्पताल पहुंचकर कमिश्नर एवं डीआईजी ने सभी शवों को देखा मृतकों के परिजनों को दिलासा दिया। उन्होंने वहां मौजूद मीडिया कर्मियों से कहा कि यह बहुत दुखद हादसा है और प्रशासन इसकी जांच कराएगा। उन्होंने बताया कि डम्पर के चालक को हिरासत में ले लिया गया है। जिला अस्पताल में मौजूद एसपी सिटी व्योम जिंदल और सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह ने बताया कि मृतकों में संदीप (25), रानी (55), जॉली (30), शेखर (35) दामाद, छांगामाजरी थाना भगवानपुर उत्तराखंड और 2 वर्षीय बालक अनिरुद्ध और विपिन निवासी ग्राम दौलतपुर थाना चिलकाना -शेष पृष्ठ दो पर

■ शवों को बड़ी मशक्कत के बाद कार से बाहर निकाला

■ भीड़ ने पांच घंटे तक सहारनपुर-देहरादून हाईवे पर लगाया जाम



### बुलंदशहर में हर्ष फायरिंग में भाजपा नेता की मौत

**बुलंदशहर।** जिला में गुरुवार देर रात एक विवाह समारोह के दौरान की गई हर्ष फायरिंग में भाजपा नेता की गोली लगने से मृत्यु हो गई। यह घटना थाना चोला क्षेत्र के ग्राम खानपुर की है, जहां ककोड़ थाना क्षेत्र के अजय नगर निवासी शिवम की बारात आई हुई थी। समारोह के दौरान सुग्रीव नामक व्यक्ति द्वारा लाइसेंसी पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग की जा रही थी। इसी दौरान गोली भाजपा नेता धर्मेन्द्र भाटी की छाती में जा लगी। गंभीर रूप से घायल भाटी की नोएडा स्थित एक अस्पताल में मौत हो गई।

# अब आधार कार्ड से जन्म तिथि साबित नहीं होगी

## योगी सरकार का नया आदेश, जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य वैध दस्तावेज होंगे अनिवार्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए स्पष्ट किया है कि अब किसी भी सरकारी प्रक्रिया में आधार कार्ड को जन्मतिथि साबित करने के दस्तावेज के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सरकार के इस आदेश के बाद अब नियुक्ति, प्रवेश, पेंशन, लाइसेंस सहित सभी ऐसे कार्यों में जहां जन्मतिथि का प्रमाण आवश्यक होता है, आधार कार्ड का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। शासन ने निर्देश जारी कर कहा है कि आधार में दर्ज जन्मतिथि अधिकतर स्थिति में स्वयं घोषित होती है और यह आधिकारिक अभिलेखों के आधार पर सत्यापित नहीं होती, इसलिए इसे जन्मतिथि के विश्वसनीय स्रोत के रूप में नहीं माना जा सकता। सरकार के आदेश के अनुसार अब जन्मतिथि साबित करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र को प्राथमिक दस्तावेज माना जाएगा, जो नगर निगम, नगर निकाय अथवा ग्राम पंचायत में दर्ज जन्म पंजीकरण अभिलेखों से जारी होता है। इसके साथ ही हाईस्कूल की मार्कशीट या विद्यालय द्वारा जारी किया गया मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र भी जन्मतिथि के वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अस्पताल रिकॉर्ड या अन्य किसी सक्षम सरकारी -शेष पृष्ठ दो पर



■ अधिकारियों को आदेश का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश

### घर बैठे आधार में मोबाइल नंबर बदल सकेंगे

**मुंबई।** जल्द ही आप घर बैठे आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदल सकेंगे। आधार को रेगुलेट करने वाली संस्था यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) ने नई डिजिटल सर्विस की घोषणा की है। इसके जरिये यूजर्स आधार एप पर ओटीपी वेरिफिकेशन और फेस आथेंटिकेशन से अपना मोबाइल नंबर अपडेट कर पाएंगे।

इस सर्विस से दूरदराज इलाकों में रहने वाले लोग और सीनियर सिटिजन को आसानी होगी। यूआईडीएआई ने शुक्रवार को मोबाइल नंबर अपडेट करने वाली सर्विस के लॉन्च की घोषणा की। यूआईडीएआई के मुताबिक मोबाइल अपडेट करने की प्रोसेस काफी सिंपल रखा गया है। इसके लिए कोई डॉक्यूमेंट या फिजिकल विजिट की जरूरत नहीं है।

■ एप पर ओटीपी और फेस आथेंटिकेशन से अपडेट होगा

■ किसी डॉक्यूमेंट की जरूरत नहीं पड़ेगी

# ऑपरेशन सिंदूर ने बढ़ाई भारत की सैन्य रैंकिंग, मेजर पावर बना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट ने शुक्रवार को बताया कि भारत अब एशिया पावर इंडेक्स-2025 में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ताकत बन गया है। रैंकिंग में अमेरिका पहले और चीन दूसरे नंबर पर है। रिपोर्ट के मुताबिक ये दर्जा तेज आर्थिक वृद्धि और बढ़ती सैन्य क्षमता के आधार पर मिला है। ऑपरेशन सिंदूर में भारत के प्रदर्शन ने भी डिफेंस रेटिंग बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई।

2024 में भारत 38.1 स्कोर के साथ मध्यम ताकत की श्रेणी में था। 2025 में स्कोर बढ़कर 40 पाइंट हो गया, जिसके बाद भारत बड़ी ताकत की श्रेणी में शामिल हो गया। लिस्ट में भारत के बाद जापान चौथे नंबर पर है, जबकि पाकिस्तान 14.5 प्वाइंट के साथ 16वें नंबर पर है। अमेरिका का कुल स्कोर 1.2 पाइंट घटा है। एशिया पावर इंडेक्स 27 देशों का 131 पैरामीटर्स पर मूल्यांकन करता है। इसमें संसाधन, अर्थव्यवस्था, सैन्य शक्ति और अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव शामिल हैं। अमेरिका एशिया में न होते हुए भी अपने बड़े प्रभाव के कारण इसमें शामिल है। इंडेक्स के अनुसार भारत निवेश के लिए तेजी से आकर्षक बन रहा है। अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा विदेशी निवेश भारत में आता है और इस मामले में उसने चीन को पीछे छोड़ दिया है, क्योंकि कंपनियां अपनी सप्लाई चेन को चीन से बाहर फैलाना चाहती हैं। ऑपरेशन सिंदूर में मिले अनुभव ने रक्षा क्षमता की रेटिंग को और मजबूत किया है। भारत आर्थिक क्षमता में जापान को पीछे छोड़कर तीसरे नंबर पर पहुंच गया है। भारत में विदेशी निवेश बढ़ा है, जिससे इकोनामिक रिलेशन इंडेक्स में यह 9वें स्थान पर पहुंचा। भारत की इकोनॉमी, कनेक्टिविटी, टेक्नोलॉजी और मिलिट्री क्षमता लगातार बेहतर हो रही है।



■ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी सैन्य ताकत बना, लिस्ट में भारत के बाद जापान चौथे और पाकिस्तान 16वें नंबर पर

■ ऑपरेशन सिंदूर बढ़ाने में अहम भूमि चीन को पीछे छोड़ा

# वायु प्रदूषण संकट पर संसद में चर्चा जरूरी: राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वायु प्रदूषण की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुएपीएम मोदी से इस दिशा में ठोस कदम उठाने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि यह गंभीर मुद्दा है और हर घर की अपने बच्चों लेकर यह बघी चिंता बन गई है, इसलिए देश के बच्चों के बेहतर और सुरक्षित भविष्य के लिए उन्हें स्वच्छ हवा में सांस लेने का हक है और इस मुद्दे पर संसद में चर्चा कराई जानी चाहिए। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को एक पोस्ट में कहा कि मैं जिस भी मां से मिलता हूं, वह मुझे एक ही बात कहती है कि उसका बच्चा ज़हरीली हवा में सांस लेते हुए बड़ा हो रहा है। वे थके हुए, डरे हुए और गुस्से में हैं।

■ कांग्रेस नेता ने वायु प्रदूषण की स्थिति पर गंभीर चिंता जताई

### व्यापक सुधार विकल्प नहीं, बल्कि रणनीतिक जरूरत: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद सहित विभिन्न क्षेत्रीय चुनौतियों के बीच सशक्त, सुरक्षित और विकसित भारत बनाने के लिए सेनाओं सहित सभी संस्थाओं में व्यापक सुधारों पर जोर देते हुए कहा है कि ये विकल्प नहीं बल्कि रणनीतिक आवश्यकता है। जब हम दुनिया के माहौल और अपने पड़ोस की असलियत को देखते हैं, तो एक बात बहुत साफ हो जाती है, हम भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए पुरानी व्यवस्था पर भरोसा नहीं कर सकते।

# दिल्ली में वायु गुणवत्ता हुई और खराब

**नई दिल्ली।** दम घोंटने वाले धुआं और धूल (स्मॉग) के साथ राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को भी वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बनी रही। कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर 'गंभीर' स्तर का दर्ज किया गया और तड़के दृश्यता भी कम रही।

वायु गुणवत्ता संबंधी सूचनाओं से पता चला कि आज पूर्वाह्न 11 बजे शहर का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 315 था, जो खतरनाक श्रेणी के अंतर्गत आता है। पीएम 2-5 (227) और पीएम10 (295) दर्ज की गई, जो सुरक्षित सीमा से कई गुना अधिक है। उच्च आर्द्रता (68 प्रतिशत), बादलों तथा हवा की कम गति की वजह से प्रदूषक जमीन से कुछ ही ऊपर बने रहे। आनंद विहार सबसे बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में से एक था, जहां दिन की शुरुआत में निगरानी डेटा के अनुसार एक्यूआई 408 तक पहुंचने के कारण घना 'धूल और धुआं' छा गया। प्रदूषण की 'गंभीर' श्रेणी वाले कई प्रमुख इलाके अशोक नगर (417 एक्यूआई), बवाना (413), चांदनी चौक (408), जहांगीरपुरी (420), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (401), और बुराड़ी क्रॉसिंग (403) शामिल हैं।



### चुनाव आयोग से मिला टीएमसी का प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची के एसआईआर के बीच यहां चुनाव आयोग के साथ मैराथन बैठक की और इस दौरान पुनरीक्षण कार्य में लगे कर्मियों की सुरक्षा का मुद्दा विशेष रूप से उठाया। डेरेक ओब्रायन ने नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस की टीम ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों आयुक्तों डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जारी के साथ एसआईआर के साथ ही अन्य मुद्दों पर लंबी बातचीत की।

# जीडीपी वृद्धि दर रही दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सभी अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2025) के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सालाना आधार पर 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसमें सेवा क्षेत्र और विनिर्माण की वृद्धि दर नौ प्रतिशत से अधिक रही।

इस दौरान निजी खपत में तेजी दर्ज की गई, जबकि सरकारी खपत में एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में हल्की गिरावट रही। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, दूसरी तिमाही में स्थिर मूल्य पर आधारित जीडीपी 48.63 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो पिछले साल की समान तिमाही के 44.94 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 8.2 प्रतिशत अधिक है। यह जनवरी-मार्च 2024 तिमाही के बाद सबसे तेज बढ़ोतरी है। इससे पहले, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही -अप्रैल-जून 2025 के दौरान जीडीपी 7.8 प्रतिशत और पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 5.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। आलोच्य तिमाही में सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 9.2 प्रतिशत और विनिर्माण क्षेत्र की 9.1 प्रतिशत दर्ज की गई। वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवा क्षेत्र में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में अप्रैल-सितम्बर 2025 के दौरान जीडीपी वृद्धि दर आठ प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई। पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में यह 6.1 प्रतिशत और दूसरी छमाही में 6.9 प्रतिशत रही थी। विशेषज्ञों ने बताया कि पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की विकास दर देश की अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित मजबूती को दिखाती है। उन्होंने कहा कि मांग की स्थिति मजबूत बनी हुई है। जीडीपी में तेज वृद्धि को पीछे सबसे महत्वपूर्ण कारक द्वितीयक क्षेत्र का प्रदर्शन है, जिसमें विनिर्माण भी शामिल है।



■ सेवा और विनिर्माण का जोरदार प्रदर्शन, वृद्धि दर नौ प्रतिशत से अधिक रही

# गरीबों के लिए आधी रात तक बैठ सकता हूं: सीजेआई

**नई दिल्ली।** सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने शुक्रवार को कहा कि गरीबों को न्याय दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, उनके लिए वे आधी रात तक कोर्ट में बैठ सकते हैं।

जस्टिस जॉयमाल्या बागची के साथ बेंच में बैठे सीजेआई ने यह टिप्पणी एक याचिका की सुनवाई के दौरान की। उन्होंने कहा कि मेरी अदालत में कोई लग्जरी मुकदमेबाजी नहीं है। ऐसे मामले अमीर लोग ही लड़ते हैं। मैं आपको बता दूं, मैं यहां सबसे छोटे, सबसे गरीब अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के लिए हूं। अगर जरूरत पड़ी, तो मैं उनके लिए आधी रात तक यहां बैठूंगा।

■ जस्टिस सूर्यकांत बोले- मैं यहां सबसे छोटे व्यक्ति के लिए हूं, मेरी कोर्ट में लग्जरी केस नहीं

## संक्षिप्त समाचार

### तेंदुए के लिए लगाए पिंजरे में दो घंटे तक फंसा रहा युवक

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद के फखरपुर थाना क्षेत्र में तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए गए पिंजरे में एक युवक के फंस जाने का मामला सामने आया है। शराब के नशे में पिंजरे के अंदर घुसे युवक को लगभग दो घंटे बाद ग्रामीणों और वन विभाग की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला। घटना उमरी दहलो गांव की है, जहां प्रदीप (45) के घर से लगभग 500 मीटर दूर तेंदुए की मौजूदगी की सूचना के बाद वन विभाग ने पिंजरा लगाया था। दो दिन पहले इसी इलाके में तेंदुए के हमले में एक वृद्ध की मौत हो गई थी। तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए गए पिंजरे में एक बकरी को चारे के रूप में बांधा गया था। गुरुवार रात करीब 10 बजे नशे में धुत प्रदीप पिजरे के पास पहुंचा और अंदर चला गया। जैसे ही वह भीतर गया, पिजरे का दरवाजा बंद हो गया। प्रदीप ने बाहर निकलने की काफी कोशिश की, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद उसने मोबाइल फोन से ग्रामीणों को सूचना दी।

### लेखपाल की आत्महत्या से नाराज लेखपालों का धरना प्रदर्शन

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में लेखपाल सुधीर कुमार की आत्महत्या से क्षुब्ध प्रदेश भर के लेखपालों ने शुक्रवार को पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन किया। वाराणसी में लेखपाल संघ के बैनर तले राजातालाब तहसील परिसर में बड़ी संख्या में लेखपालों ने धरना देकर जमकर नारेबाजी की। लेखपालों का आरोप है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के अत्यधिक कार्यभार और दबाव के कारण अधिकारियों ने सुधीर कुमार को अपनी शादी के लिए भी छुट्टी नहीं दी, जिससे मान. सिक रूप से परेशान होकर उन्होंने आत्महत्या कर ली।

# यूपी के लोगों को बिजली बिल के ब्याज पर 100 फीसदी छूट

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ उपभोक्ताओं को योगी सरकार ने दी बड़ी राहत

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत का ऐलान किया है। इसमें एक दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक विशेष अभियान में बिजली बिल के ब्याज पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी, इसके साथ ही मूलधन में भी भारी छूट का प्रावधान किया गया है।

इसमें घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 2 किलोवाट और कमर्शियल उपभोक्ता 1 किलोवाट तक शामिल हैं। 90 दिन तक चलने वाली इस योजना में बिजली के बकाया बिल पर सरचार्ज पूरी तरह खत्म होने के साथ इसे आसान किश्तों में जमा किया जा सकेगा। इस योजना में घरेलू उपभोक्ता 2 केवी और दुकानदार 1केवी को उनके लंबित बिजली बकाया में विशेष छूट दी जाएगी। उपभोक्ता पहली बार 100 प्रतिशत ब्याज माफी के साथ मूलधन पर 25 प्रतिशत तक की भारी छूट प्राप्त कर सकेंगे। छोटे-छोटे बकायों के निस्तारण हेतु उपभोक्ताओं को आसान मासिक किश्तों में भुगतान की सुविधा भी प्रदान की जाएगी, जिससे वे बिना किसी दबाव के देय राशि का समायोजन कर सकें। प्रदेश के गरीब और मध्यम वर्ग के लिए योजना बेहद राहत देने वाली है।

# उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराएगी सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ अलीगंज में विभागीय समीक्षा करते हुए बोले मंत्री कपिल देव अग्रवाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देने के लिए योगी सरकार कौशल विकास, उद्योग और रोजगार के त्रिकोणीय मॉडल को मजबूती से आगे बढ़ा रही है। इसी कड़ी में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने ने कहा कि योगी सरकार एक ऐसा मॉडल विकसित कर रही है, जो उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने के साथ युवाओं को आर्थिक स्थिरता देगा।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय, अलीगंज में विभागीय समीक्षा करते हुए मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रशिक्षण ही नहीं, युवाओं को रोजगार से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कौशल आधारित युवा शक्ति ही आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को मजबूत कर सकती है। इसके लिए सेवा मित्र पोर्टल को और उन्नत करने, अधिकाधिक आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के युवाओं को जोड़ने और व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया गया। इस दौरान उन्होंने सभी योजनाओं को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया, ताकि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित समय में हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित युवाओं की रियल टाइम आउटकम ट्रैकिंग अत्यंत आवश्यक है। यह सुनिश्चित किया जाए कि किस संस्थान से प्रशिक्षित युवक वर्तमान में कहां कार्यरत हैं, उनकी कौशल वृद्धि कितनी हुई है और किस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त हुआ है। डेटा कैप्चर की गुणवत्ता सुधारने और इसे रियल टाइम सिस्टम से जोड़ने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि सेवा प्रदाताओं और आईटीआई छात्रों का एकीकरण उद्योगों से सीधा संपर्क स्थापित करेगा और युवाओं को तत्काल रोजगार अवसर मिलेंगे।

### मुजफ्फरनगर के बच्चों की पूरी जिम्मेदारी मेरी: कपिल देव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने उन्नीसवीं नेशनल जम्बूरी में प्रतिभाग करने पहुंचे मुजफ्फरनगर जिले के स्काउट्स एवं गाइड्स दल का शुक्रवार को लखनऊ स्थित आवास पर आत्मीय स्वागत किया। मंत्री ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि ये बच्चे मुजफ्फरनगर के हैं, और इनकी पूरी जिम्मेदारी भी मेरी है। इनके ठहरने, भोजन, सुरक्षा और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था की निगरानी मैं स्वयं कर रहा हूं। मुजफ्फरनगर से आए स्काउट्स-गाइड्स का दल 22 नवम्बर से 30 नवम्बर तक मंत्री आवास पर ही ठहरा हुआ है। आवास, भोजन, परिवहन और सुरक्षा की संपूर्ण व्यवस्था मंत्री अग्रवाल ने अपने प्रत्यक्ष निर्देशन में सुनिश्चित की है। बच्चों और प्रशिक्षकों ने मंत्री द्वारा किए गए इस विशेष सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने स्काउट्स- गाइड्स संगठन को देश का सबसे अनुशासित और संस्कारित युवाओं का समूह बताते हुए कहा कि योगी सरकार युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण का आधार मानती है।

### विश्वास वहीं टिकता है, जहां मन शांत, विचार स्वस्थ और भावनाएं शुद्ध हों

# वसुधैव कुटुम्बकम आज के समय प्रासंगिक:मुर्मू

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ध्यान (योग) समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व. विद्यालय द्वारा लखनऊ में आयोजित 'विश्व एकता एवं विश्वास के लिए ध्यान (योग)' के राज्य स्तरीय उद्घाटन समारोह में भाग लेते हुए कहा कि विश्वास का आधार शांत मन, स्वस्थ विचार और शुद्ध भावनाएं ही होती हैं। उन्होंने कहा कि जब मन स्थिर होता है, तब व्यक्ति समाज और दुनिया में शांति का माध्यम बनता है।

सशक्त आत्मा ही विश्व एकता की संकल्पना को साकार करने की आधारशिला रही है और यही एक बेहतर, शांतिपूर्ण विश्व का मार्ग प्रशस्त करती है। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन की शुरुआत 'ओम शांति' से करते हुए कहा कि भारत की प्राचीन सभ्यता ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' का जो संदेश दिया है, वह आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। जब विश्व अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब 'सारा विश्व एक परिवार' का यह भाव मानवता को जोड़ने और सहअस्तित्व की नई दिशा प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह ध्यान अभियान विश्व में एकता, करुणा और विश्वास की भावना को और प्रबल बनाएगा। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत सरकार समाज को अधिक समावेशी, शांतिपूर्ण और मूल्य-आधारित बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। योग और ध्यान को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाना, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का नेतृत्व करना तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मूल्य-आधारित शिक्षा का समावेश इसी दिशा में उठाए गए सार्थक प्रयास हैं। उन्होंने मिशन लाइफ, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समावेश और पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रमों को मानवता के बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में विज्ञान और तकनीक ने मानव जीवन को सुविधाजनक बनाया है, लेकिन तनाव, अविश्वास और एकाकीपन भी बढ़ा है। ऐसे समय में आत्मचिंतन, ध्यान और आध्यात्मिक अभ्यास अत्यंत आवश्यक हो उठते हैं। राष्ट्रपति ने कार्यक्रम के आध्यात्मिक वातावरण की प्रशंसा करते हुए कहा कि राजयोग ध्यान जीवन को संतुलित और उद्देश्यमय बनाता है। उन्होंने समाज में शांति और विश्वास की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए सभी से आग्रह किया कि वे अपनी दिनचर्या में प्रतिदिन कुछ समय आत्मिक अभ्यास और ध्यान के लिए अवश्य निकालें। उन्होंने ब्रह्मकुमारियों को कलश और भाइयों को संगठन की ध्वजा सौंपकर अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया।

### महापौर ने सौंपी नगर की चाभी

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के लखनऊ आगमन पर शुक्रवार को चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा औपचारिक स्वागत एवं सम्मान के महत्वपूर्ण अवसर का साक्षी बना। राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए प्रदेश और नगर के शीर्ष जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर सुषमा खर्कवाल ने लखनऊ की गरिमामई परंपरा के अनुरूप राष्ट्रपति को नगर की चाभी भेंट कर उनका औपचारिक स्वागत किया। नगर की चाभी सौंपना लखनऊ की ओर से सर्वोच्च सम्मान का प्रतीक माना जाता है। इस सम्मान को ग्रहण करते हुए राष्ट्रपति ने लखनऊवासियों के प्रति अपना स्नेह एवं शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा बृजेश पाठक भी उपस्थित रहे।

# अमर सिंह की बेटियों पर टिप्पणी मामले में आजम खां को राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो



**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के महासचिव आजम खान अभी जेल में बंद है, इस बीच कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें अमर सिंह की बेटियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में बड़ी राहत दी। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में उन्हें बरी कर दिया। 2018 में अमर सिंह ने अपनी बेटियों पर एसिड अटैक की धमकी का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी।

राज्यसभा सदस्य रहे अमर सिंह का निधन हो चुका है। उन्होंने आजम खान के विवादित बयान पर लखनऊ के गोमत. ीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। रामपुर कोर्ट ने मामले में आजम खान को जेल से पेश होने के आदेश दिए थे। पुलिस की कैदी गाड़ी रामपुर जेल लेने गई थी, लेकिन वह तबियत का हवाला देते नहीं बैठें। वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। आजम खान ने जौहर यूनिवर्सिटी में एक निजी चैनल को दिए इंटर्व्यू में विवादित बयान दिया था। इस पर उस समय खूब हंगामा मचा था, अमर सिंह ने इसके लेकर दिल्ली से लखनऊ तक विरोध प्रदर्शन किया था। आजम के खिलाफ आईपीसी की धारा 153।, 295। और 506 के तहत कार्रवाई हुई थी। अमर सिंह ने शिकायत में अपनी बेटियों की सुरक्षा का हवाला देते हुए न्याय की मांग की थी। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही थी। मंगलवार को कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश को रिजर्व रख लिया था। आज कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में आजम खान को बरी कर दिया।



सेंसेक्स 85700.29
निफ्टी 26200.60



सोना रु. 127890
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 173100
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी थमी, मामूली गिरावट में बंद हुए प्रमुख सूचकांक

मुंबई, वार्ता



निजी बैंकों, तेल एवं गैस और रियलिटी सेक्टरों की कंपनियों में बिकवाली से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई। दोपहर बाद तक तेजी में रहने के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 13.71 अंक (0.02 प्रतिशत) टूटकर 85,700.29 अंक पर बंद हुआ।

एनएसई का निफ्टी.50 सूचकांक भी 14.95 अंक यानी 0. 06 प्रतिशत की गिरावट में 26,200.60 अंक पर रहा। दोनों सूचकांक गुरुवार को 14 महीने के उच्चतम स्तर पर बंद हुए थे। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.21 फीसदी और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.15 प्रतिशत फिसल गया। एनएसई में कुल 3,187 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,527 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,555 के शेयर गिर गए। अन्य 105 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। ऑटो, फार्मा, धातु, स्वास्थ्य क्षेत्र की कंपनियों और सार्वजनिक बैंकों में लिवाली का जोर रहा। वहीं, तेल एवं गैस, निजी बैंकों, रियलिटी और वित्तीय क्षेत्रों पर दबाव रहा। सेंसेक्स की 30 में से 18 कंपनियों के शेयर लाल निशान में और अन्य 12 के हरे निशान में बंद हुए। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 2.07 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। सनफार्मा में 1.20 प्रतिशत की तेजी रही। भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर और अडानी पोर्ट्स के शेयरों में भी तेजी रही। पावरग्रिड का शेयर सबसे ज्यादा 1.39 फीसदी लुढ़क गया। इटरनल में 0.83 फीसदी, भारती एयरटेल में 0.70 और एक्सिस बैंक में 0.55 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फिनसर्व, इंफोसिस, ट्रेंट, बीईएल, एलएंडटी और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशिया में हांगक. ांग का हैंगसेंग 0.34 फीसदी की गिरावट में बंद हुआ।

# सोने के दाम में गिरावट चांदी में तेजी बरकरार

**नई दिल्ली।** देश में शुक्रवार सुबह सोने की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड का भाव गिरकर 127890 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। दूसरे शहरों में भी कीमत लुढ़की है। प्रॉफिट बुकिंग, कमजोर वैश्विक रुख और घरेलू स्तर पर कम खरीद की वजह से सोने की कीमतों को झटका लगा। वैश्विक बाजार में सोने का हाजिर भाव गिरकर 4,158.38 डॉलर प्रति औंस रह गया। सोने से उलट चांदी की कीमत में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को चांदी का भाव 173100 रुपये प्रति किलोग्राम पर है। अमेरिकी बिजनेसमैन और किताब 'रिच डैड पुअर डैड' के लेखक रॉबर्ट कियोसाकी का अनुमान है कि चांदी जल्द ही 70 डक्कलर और शायद 2026 में 200 डक्कलर प्रति औंस तक पहुंच जाएगी। दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 127890 रुपये प्रति 10 ग्राम है। 22 कैरेट का भाव 117240 रुपये प्रति 10 ग्राम है। मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 117090 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 127740 रुपये प्रति 10 ग्राम है। पुणे और बेंगलुरु में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 127740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 117090 रुपये प्रति 10 ग्राम है। इस बीच यह उम्मीद बनी हुई है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व दिसंबर की मीटिंग में ब्याज दरों में और कटौती कर सकता है। अगर फेड की ओर से ब्याज दर में और कमी की जाती है, तो सोने की कीमत में तेजी आ सकती है। रेट कट से बॉन्ड कम आकर्षक हो जाते हैं और निवेशक सोने-चांदी जैसे सेफ एसेट्स में निवेश बढ़ाते हैं।

# विदेशी मुद्रा भंडार 4.47 अरब डॉलर घटा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में 4.472 अरब डॉलर घटकर 688.104 अरब डॉलर पर आ गया। इससे पहले 14 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 5.543 अरब डॉलर बढ़कर 692.576 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 21 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 1.69 अरब डॉलर की गिरावट रही और यह 560.60 अरब डॉलर रह गया। इसमें डॉलर के अलावा जापानी येन, यूरो और ब्रितानी पाउंड भी शामिल हैं, जिनका मूल्य उनकी संदर्भ दर के आधार पर तय होता है। स्वर्ण भंडार 2.675 अरब डॉलर घटकर 104.182 अरब डॉलर पर रहा। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की आरक्षित निधि 2.3 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 8.4 अरब डॉलर घटकर क्रमशः 4.757 अरब डॉलर और 18.566 अरब डॉलर पर आ गया। पिछले कुछ समय से भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के आसपास बना हुआ है। देश की आर्थिक मजबूती को दिखाता है और रिजर्व बैंक की जरूरत पड़ने पर रुपये को समर्थन देने की गुंजा. इश को बढ़ाता है।

### औद्योगिक उत्पादन के अक्टूबर के आंकड़े एक दिसम्बर को आएंगे

**नई दिल्ली।** औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के अक्टूबर के आंकड़े अब 1 दिसम्बर को जारी होंगे। पहले सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के दूसरी तिमाही (जुलाई-सितम्बर) के आंकड़े और आईआईपी के अक्टूबर के आंकड़े 28 नवम्बर को एक ही दिन जारी होने थे। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि जीडीपी के आंकड़े आज जारी होने के कारण आईआईपी के आंकड़ों का प्रकाशन टाल दिया गया है। अब ये आंकड़े 1 दिसम्बर को जारी किए जाएंगे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सहारनपुरः डम्पर...**

सहारनपुर और उमेश सिंह (52) निवासी मो. हद्दीपुर रावली हरिद्वार उत्तराखंड शामिल है। जानकारी के मुताबिक हादसे का शिकार हुई आई-20 कार को संदीप सिंह चला रहा था। घटनास्थल पर सांसद इमरान मसूद, पूर्व मंत्री डा. धर्म सिंह सैनी, एमएलसी शाहनवाज खान, विधायक आशु मलिक और पूर्व विधायक जगपाल सिंह आदि ने जिलाधिकारी मनीष बंसल और एसएसपी आशीष तिवारी से मांग की कि मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख मुआवजा दिया जाए। डीएम मनीष बंसल ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख का मुआवजा देने की घोषणा की। पांच घंटे के सड़क जाम के दौरान दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई, पुलिस प्रशासन ने कई वाहनों को मार्ग बदलकर निकलवाया। डीएम, एसएसपी ने जाम खुलवाने के बहुत प्रयास किए, लेकिन गुस्साई भीड़ कोई भी बात सुनने को तैयार नहीं थी। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर जाम खुलवाया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस दर्दनाक हादसे में जान गंवाने लोग सहारनपुर जिले के नकुड़ थाना क्षेत्र के गांव मोहद्दीपुर फन्दपुरी में अपनी रिश्तेदारी में हुई मौत में शोक जताने के लिए जा रहे थे कि सहारनपुर जनपद के थाना गागलहेड़ी के इस दर्दनाक हादसे में इन सभी की जान चली गई। मृतकों में एक ही परिवार के पांच सदस्यों और उनके दो निकट सम्बन्धियों की मौत हो गई।

**अब आधार...**

विभाग द्वारा जारी दस्तावेज भी परिस्थितियों के अनुसार मान्य माने जाएंगे। शासन स्तर पर यह निर्णय इसलिए लिया गया है ताकि विभिन्न विभागों में दस्तावेज सत्यापन के दौरान हो रही भ्रांतियों, फर्जीवाड़े और स्वघोषित जन्मतिथि के आधार पर बन चुके आधार कार्ड के उपयोग से उत्पन्न विवादों को समाप्त किया जा सके। कई मामलों में पाया गया कि आधार बनवाते समय लाभार्थी स्वयं जन्मतिथि अंकित कर देते हैं, जिससे आधिकारिक रिकॉर्ड और आधार में दर्ज तिथि में असंगति सामने आती है। सरकार का कहना है कि जन्मतिथि जैसे महत्वपूर्ण अभिलेख केवल उन दस्तावेज़ों के आधार पर ही स्वीकार किए जाने चाहिए जिनका स्रोत सरकारी पंजीकरण या मान्यता प्राप्त शिक्षा संस्थान हों। इस नए आदेश के लागू होने के बाद अब राज्य के सभी विभागों में दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया अधिक स्पष्ट और विश्वसनीय मानी जा रही है। शासन ने विभागों को यह भी निर्देशित किया है कि भविष्य में किसी भी अभ्यर्थी के दस्तावेज़ों की जांच करते समय आधार कार्ड को जन्मतिथि से संबंधित प्रमाण के रूप में कतई न माना जाए, बल्कि केवल वैध प्रमाणपत्रों के आधार पर ही अंतिम निर्णय लिया जाए। सरकार का यह कदम प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने और आधिकारिक अभिलेखों की विश्वसनीयता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया: गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार को कहा कि व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में विश्वसनीय साझेदारों का होना जरूरी है।

गोयल यहां उद्योग मंडल फिक्की की 98वीं वार्षिक आम बैठक और वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। वाणिज्य मंत्री ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि पिछले कुछ समय से हमने व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल होते देखा है। हमने अनुभव किया है कि दुनिया में विश्वसनीय साझेदारों का होना कितना जरूरी है, उन देशों के साथ काम करना कितना जरूरी है, जो निष्पक्ष व्यापार और परस्पर समान अवसर में विश्वास करते हैं। उन्होंने व्यापार समझौतों को लेकर सरकार की नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत अब विकसित देशों के साथ एफटीए पर काम कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन, चार विकसित यूरोपीय देशों से यूरा. ेपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ एफटीए पहले ही किया जा चुके हैं। मारीशस के साथ विस्तृत आर्थिक भागीदारी का समझौता किया गया है।

### पचास देशों के साथ एफटीए पर बात कर रहा है भारत: गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत मौजूदा समय में 14 देशों और देश के समूह के साथ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) पर बात कर रहा है जिसमें कुल 50 देश शामिल हैं। गोयल ने यहां उद्योग मंडल फिक्की के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ समय में हमने देखा है कि किस तरह से व्यापार को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया गया है। इस दौरान हमने दुनिया में विश्वसनीय सहयोगियों की जरूरत को भी महसूस किया है और यह समझा है कि हमें उन देशों के साथ मिलकर काम करना चाहिए, जो निष्पक्ष व्यापार और समान अवसर में विश्वास करते हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# डीयू कोर्ट के लिए 7 पदों पर प्रोफेशन के चुनाव में निर्विरोध चुने गए सभी सदस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीयू कोर्ट की 93 वीं बैठक का आयोजन विवि के कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में हुआ। विश्वविद्यालय के वाइस रीगल लॉज स्थित कोन्वेंशन हाल में आयोजित इस बैठक में कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने विवि की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। कुलपति ने विश्वविद्यालय में हुई नियुक्तियों के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि अभी तक कुल 4936 शैक्षणिक पदों पर नियुक्तियां की जा चुकी हैं।

कुलपति ने डीयू के रैंकिंग के आंकड़े सांझा करते हुए बताया कि नेशनल और इंटरनेशनल रैंकिंग में दिल्ली विश्वविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन किया है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग एम्प्लॉयमेंट आउटकम में डीयू दुनिया में 30वें स्थान पर पहुँच गया है। इसके साथ ही भारत के संस्थानों में इस श्रेणी में डीयू पहले स्थान पर है। कुलपति ने कहा कि क्यूएस में डीयू का ग्लोबल रैंक इस बार 328 है, जबकि हमारा लक्ष्य है कि आगामी वर्षों में डीयू विश्व के टॉप 100 विश्वविद्यालयों में शामिल हो।

डीयू कोर्ट के लिए 7 पदों पर प्रोफेशन के चुनाव के परिणाम की जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि कुल 7 आवेदन ही प्राप्त हुए थे, इसलिए सभी उम्मीदवारों को 5 साल के लिए निर्विरोध चुना लिया गया है; इनका कार्यकाल 16 दिसंबर, 2025 से शुरू होगा।

उन्होंने बताया कि अधिवक्ता अभिनव गर्ग, अधिवक्ता मोनिका अरोड़ा, अधिवक्ता राज पाल सिंह पवार, अधिवक्ता संजय कुमार, सर्जरी के निदेशक-प्रोफेसर डॉ. शैलेश कुमार, अधिवक्ता तन्मय वत्स और चार्टर्ड अकाउंटेंट वैभव भटनागर का डीयू कोर्ट के लिए निर्वाचन निर्विरोध हुआ है।

कुलपति ने सभी निर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि निर्विरोध निर्वाचन दर्शाता है कि सभी लोग डीयू के हित में मिलकर चले हैं। उन्होंने कहा कि यह अच्छी प्रथा है और सभी सदस्यों को आगे भी इसी प्रकार सहमति का प्रदर्शन करना चाहिए। बैठक के दौरान डीयू रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता ने एजेंडा प्रस्तुत करते हुए कोर्ट की 92 वीं बैठक के मिनट्स प्रस्तुत किए और इन मिनिट्स पर एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत की। कुल. पति प्रो. योगेश सिंह ने जारी शैक्षणिक सत्र में विवि के दाखिलों संबान्धित आंकड़े सांझा करते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान डीयू में अंडरग्रेजुएट एडमिशन के लिए 69 कॉलेज और 79 प्रोग्रामों में कुल 71,624 सीटों के मुकाबले इस बार 72230 एडमिशन हुए हैं। उन्होंने बताया कि कुछ प्रोग्रामों में कुछ सीटें खाली भी रही हैं, जबकि विद्यार्थियों के हित में कुछ प्रोग्रामों में सीटों से अधिक दाखिले भी किए गए हैं। कुलपति ने बताया कि पोस्टग्रेजुएट कक्षाओं में 10457 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। इसके साथ ही उन्होंने अन्य विभिन्न विषयों में भी दाखिलों के आंकड़े प्रस्तुत किए। कोर्ट मीटिंग के दौरान डीयू दक्षिणी परिसर की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी, डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी, रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता और कोषाध्यक्ष नवल किशोर सहित डीयू कोर्ट के अनेकों सदस्य उपस्थित रहे।

## बढ़ते प्रदूषण का ठीकरा भाजपा ने 'आप' पर फोड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की बिहार चुनाव की हार से उबरने के लिए जिस तरह आज कांग्रेस नेता राहुल गाँधी एवं आम आदमी पार्टी मुखिया अरविंद केजरीवाल ने बढ़ते प्रदूषण पर चिंता प्रकट की है उसे देख कर दिल्ली वाले स्तब्ध हैं और एक ही दिन में दोनों नेताओं के चिंता प्रकट करने का कारण ढूंढ रहे हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की आज राहुल गाँधी ने कुछ माताओं से मिलने का जिक्र कर जिस तरह सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट डाल कर प्रदूषण पर चिंता प्रकट की है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की दिल्ली वाले भलीभांति जानते एवं समझते हैं की दिल्ली में हर वर्ष प्रदूषण की जो स्थिती बनती है उसके लिए विगत पंद्रह वर्ष में रहीं आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस की सरकारें दोषी हैं क्योंकि दोनों सरक. ारों ने प्रदूषण स्तर कम करने के लिए कोई ठोस कदम उठाना तो दूर कोई ऐसी स्टेडी तक नही करवाई जो यह बता सके की आखिर दिल्ली में प्रदूषण के मुख्य कारण क्या हैं।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की दिल्ली वाले पूर्व मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रदूषण को लेकर ब्यानबाजी को देखकर स्तब्ध हैं और दिल्ली वाले अरविंद केजरीवाल से जानना चाहते हैं की उनकी सरकार ने दस वर्ष की सत्ता में जब हर वर्ष दिल्ली का प्रदूषण स्तर और अधिक खराब होता गया उस वक्त उन्होने प्रदूषण कम करने के उन्होने क्या ठोस उपाय किए थे ? वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की प्रदूषण के विरूद्ध लड़ाई में तत्कालीन आम आदमी पार्टी और वर्तमान भाजपा की सरकारों में अंतर साफ नजर आता है। जहां गत दस वर्ष में नवम्बर एवं दिसम्बर में प्रदूषण स्तर लगातार हर वर्ष प्रदूषण का ए.क्यू.आई. स्तर और अधिक खराब होता गया था। वहीं इस वर्ष भाजपा सरकार के प्रयासों से पूरा नवम्बर में हर दिन ए.क्यू.आई. स्तर गत वर्ष से कम रहा है।भाजपा सरकार के प्रयासों से इस वर्ष प्रदूषण स्तर में गत वर्षों के मुकाबले हुए सुधार से बौखलाए 'आप' नेता अब रोजाना भाजपा सरकार पर ए.क्यू.आई. डाटा में हेरफेर का मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं।

# झगड़े के दौरान हुई हत्या के मामले में दो सीसीएल पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस के कंझावला थाने के स्टाफ ने कराला में हुई हत्या के मामले को सुलझा कर दो सीसीएल को पकड़ा है। दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि 27 नवंबर को कंझावला थाने को अग्रसेन हॉस्पिटल, से गांव कराला निवासी बच्चे एस (16 साल) के एमएलसी के बारे में जानकारी मिली थी। उसे चाकू लगने के बाद लाया गया था और उसे मृत घोषित कर दिया गया।

जानकारी के बाद, एसएचओ कंझावला ने स्टाफ के साथ माता चौक वाली गली, कराला में क्राइम स्पॉट का मुआयना किया, जहाँ सड़क पर खून पड़ा मिला।मौके पर पूछताछ के दौरान, बताया कि वह चश्मदीद गवाह ने बताया कि बच्चे (मृतक) के झगड़े की कॉल आने के बाद, वह अपने दोस्त के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि मृतक और उसका दोस्त तीन सीसीएल से झगड़ा कर रहे थे।

झगड़े के दौरान, एक सीसीएल ने दूसरे सीसीएल से चाकू लिया और एस (मृतक) के पेट और दाहिनी जांघ पर वार किया। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गए।इसके बाद पुलिस ने कंझावला थाने में मामला दर्ज कर दो आरोपी सीसीएल को पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि मृतक एस दिल्ली के कराला में एक प्राइवेट स्कूल में क्लास 11जी का स्टूडेंट था।

# कुलजीत सिंह चहल ने किया नेहरू पार्क का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने पीएसओआई क्लब, नेहरू पार्क, चाणक्यपुरी का निरीक्षण किया और इसके बाद दो एरोबिन्स का उद्घाटन किया।

इस मौके पर एनडीएमसी के स्वास्थ्य, उद्यान और सिविल इंजी. नियरिंग विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। पीएसओआई क्लब और उसके आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद चहल ने सुविधा के समग्र संचालन और सौंदर्यीकरण को बेहतर बनाने के लिए कई निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को उद्यान कार्य सुधारने, सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत करने, और समय पर प्रभावी नागरिक रखरखाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जोर दिया कि इन सुधारों से सदस्यों और आगंतुकों का अनुभव बेहतर होगा और एनडी एमसी की उच्च मानक सुविधाओं को बनाए रखने में मदद मिलेगी।

चहल ने पीएसओआई क्लब में नया, आधुनिक जिम विकसित करने का सुझाव भी दिया, जो प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मूवमेंट के अनुरूप हो। उन्होंने कहा कि एक अच्छी तरह से सुसज्जित फिटनेस सेंटर सदस्यों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा और एनडीएमसी समुदाय में वेलनेस की संस्कृति को बढ़ावा देगा।

उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी पहलें न केवल सार्वजनिक सुविधाओं में सुधार करती हैं बल्कि फिट और सक्रिय भारत के राष्ट्रीय विजन का भी समर्थन करती हैं। निरीक्षण के बाद, चहल ने पीएसओआई क्लब में दो एरोबिन्स का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह पहल एनडीएमसी क्षेत्र में विकेन्द्रित कचरा प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है।



**एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल नेहरू पार्क का निरीक्षण करते हुए।**

## एक नजर

### शंखनाद महोत्सव 13-14 दिसम्बर को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत की सनातन संस्कृति, धर्मनिष्ठ जीवनशैली और शौर्यपूर्ण परंपराओं के प्रसार हेतु 'सेव कल्चर सेव भारत फाउंडेशन' की प्रस्तुति और 'सनातन संस्था' के आयोजन में "शंखनाद महोत्सव" 13ख्र14 दिसंबर 2025 को भारत मंडपम्, इंद्रप्रस्थ (नई दिल्ली) में आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन सनातन संस्था के रजत जयंती वर्ष का विशेष अवसर भी है। दिल्ली को केंद्र बनाकर प्रसारित होने वाला यह संदेश राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक जागरण और नागरिक चेतना को सुदृढ़ करेगा। हाल ही में हुई आतंकी घटना के मद्देनजर यह महोत्सव समाज में सजगता और सामूहिक सुरक्षा की भावना को भी बल देगा। मुख्य सभागार में "सनातन संस्कृति संवाद" के अंतर्गत सांस्कृतिक, सामाजिक व राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विशेषज्ञ चर्चा होगी। साथ ही 13-15 दिसंबर तक हॉल 12-ए में शस्त्र और संस्कृति प्रदर्शनी आयोजित होगी, जिसमें पहली बार छत्रपति शिवाजी महाराज की 'भवानी तलवार' का प्रत्यक्ष दर्शन कराया जाएगा।

### गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर किया नमन



**नई दिल्ली।** गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर डॉक्टर सरबजीत सिंह ने गुरु तेग बहादुर जी को नमन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी के आदर्शों और उनकी बातों को लोगों तक पहुंचाने का काम करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गुरु तेग बहादुर जी के नियमों को अपने जीवन में अपनाएं और उनके आदर्शों पर चलें। डॉक्टर सरब. जीत सिंह ने इस मौके पर लोगों के लिए लंगर का आयोजन किया और 350 लोगों को स्वास्थ्य किट भेंट की। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी की शहादत ने हमें सिखाया है कि धर्म और मानवता की रक्षा के लिए हमें हमेशा तैयार रहना चाहिए। गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को याद करते हुए डॉक्टर सरबजीत सिंह ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन को धर्म और मानवता की रक्षा के लिए समर्पित किया था। उनकी शहादत ने हमें प्रेरित किया है और हमें उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया है।

### डॉ. करण सिंह ने तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** इंडियन ट्रस्ट फॉर रूरल हेरिटेज एंड डेवलपमेंट (प्ज्त्भ्क) ने आज डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली में ग्रामीण बौद्ध धरोहर के संरक्षण पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस सम्मेलन में प्रमुख विद्वान, संरक्षण विशेषज्ञ, नीति निर्माता, प्रैक्टिशनर्स, अंत. रराष्ट्रीय संस्थाएँ और मठीय प्रतिनिधि शामिल हुए, जो भारत की विशाल लेकिन ज्यादातर अविकसित ग्रामीण बौद्ध धरोहर के संरक्षण से जुड़े मुद्दों और अवसरों पर विचार करने के लिए एकत्रित हुए। सम्मेलन का उद्घाटन मंत्रोच्चारण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद प्ज्त्भ्क के अध्यक्ष एस. के. मिश्रा ने मुख्य भाषण दिया। सुबह के सत्र में पद्म विभूषण डॉ. करण सिंह, धर्माचार्य शान्तुम सेठ और अन्य गणमान्य अतिथियों के संबोधन शामिल थे। पद्म विभूषण डॉ. करण सिंह ने अपने संबोधन में कहा, "भारत की ताकत उसकी बहुलता में है।" उन्होंने बताया कि यद्यपि आज बौद्ध धर्म के अनुयायी कम हैं, फिर भी इसने देश की सांस्कृतिक धरोहर पर गहरा प्रभाव डाला है।

### अमेजन इंडिया ने ब्लैक फ्राइडे सेल की घोषणा की

**नई दिल्ली।** अमेजन इंडिया ने आज ब्लैक फ्राइडे सेल की घोषणा की, जो 28 नवंबर से 1 दिसंबर 2025 तक चलेगा। सेल के दौरान ग्राहक लाखों शुरुआती डील्स का लाभ उठा सकते हैं, जिनमें होम डेकोर, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटी और परिधान जैसी श्रेणियां शामिल हैं, और यह एप्पल, सैमसंग, एचपी, बाथ एंड बॉडी वर्क्स, प्रेस्टीज, सेल्लो, टाइटन, लॉरियल, प्यूमा, वनप्लस और अन्य प्रमुख ब्रांड्स से उपलब्ध हैं।

### एसुस इंडिया ने हासिल किया दूसरा स्थान

**नई दिल्ली।** एसुस इंडिया ने वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के लिए भारत में कंज्यूमर नोटबुक कंपनी के रूप में दूसरा स्थान हासिल कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। यह रैंकिंग आईडीसी क्वार्टरली पर्सनल कम्प्यूटिंग डिवाइस ट्रैकर, 2025 क्यू3 के अनुसार है। अर्नोल्ड सू, वाइस प्रेसिडेंट, कंज्यूमर एंड गेमिंग पीसी, सिस्टम बिजनेस ग्रुप, एसुस इंडिया, ने कहा, ष्वर्ष 2025 की शुरुआत से ही हम एक ही लक्ष्य को हासिल करने पर काम कर रहे हैं- भारत में खुद को ऐसे पीसी ब्रांड के रूप में स्थापित करना, जो टेक्नोलॉजी के जरिए ग्राहकों के लिए सुविधा लाए। हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि कंज्यूमर नोटबुक पीसी कैटेगरी में हमने सालाना 7% की वृद्धि दर्ज की है, और अब हम इस कैटेगरी में दूसरे सबसे बड़े ब्रांड बन गए हैं।

## मुख्यमंत्री रोड शो में हुई सम्मिलित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी के विभिन्न वार्डों शालीमार बाग-बी, चांदनी चौक (वार्ड 74) और अशोक विहार (वार्ड 65) में आयोजित रोड शो में भाग लेकर जनता से भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान करने के लिए अपील की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विभिन्न वार्डों में हुए रोड शो के दौरान जनता का जो उत्साह और समर्थन दिखा, वह सरकार द्वारा राजधानी के विकास के लिए हो रहे कार्यों पर विश्वास का प्रमाण है। बीते आठ महीनों में सड़क, सफाई, स्वास्थ्य एवं अन्य विकास परियोजनाओं की प्रगति ने लोगों के भरोसे को और मजबूत किया है।

# स्कूली बच्चों के लिए साइबर क्राइम पर हुआ वर्चुअल अवेयरनेस सेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली** दिल्ली पुलिस ने शिक्षा निदेशालय जीएन सीडी और इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर 4 सी के साथ मिलकर पुलिस हेडक्वार्टर, में साइबर संवाद 2.0 के बैनर तले टीचर्स और स्कूली बच्चों के लिए साइबर क्राइम पर एक वर्चुअल अवेयरनेस सेशन का आयोजन किया। इस सेशन में 1000 से ज्यादा सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के लाखों स्टूडेंट्स और उनके टीचर्स अपने-अपने स्कूल लोकेशन से हाइब्रिड मोड में शामिल हुए। इसके अलावा, एनडीएमसी स्कूलों के लगभग 250 स्टूडेंट्स और टीचर्स ने आदर्श ऑडिटोरियम, पीएचक्यू में खुद जाकर प्रोग्राम में हिस्सा लिया।सेशन की शुरुआत में दिल्ली पुलिस पीआरओ संजय त्यागी, ने डायरेक्टर, डायरेक्टरेट ऑफ एजुकेशन ऑफ दिल्ली जीएनसीडी ,एनडीएमसी चेयरमैन, और डायरेक्टर, 4 सी का उनके सहयोग और सपोर्ट के लिए शुक्रिया अदा किया।

स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए, उन्होंने उनसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इस्तेमाल करते समय सावधान रहने की अपील की और माता-पिता और टीचरों को सलाह दी कि साइबरबुलिंग या ऑनलाइन हैरेसमेंट के मामलों में अधिकारियों से संपर्क करने में कभी न हिचकिचाएं। इस दौरान दीप ग्रुप ने साइबर क्राइम अवेयरनेस पर एक शानदार नुक्कड़ नाटक पेश किया, जिसमें स्टूडेंट्स को ऑनलाइन सेफ्टी की अहमियत के बारे में अच्छे से बताया गया। इसके बाद एसीपी आईएफएसओ मनोज कुमार ने एक जानकारी देने वाला ट्रेनिंग प्रोग्राम किया, जिसमें उन्होंने पार्टिसिपेंट्स को बच्चों को तेजी से टारगेट कर रहे उभरते साइबर खतरों और उन्हें अपनाने वाले जरूरी बचाव के तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने अपनी डिजिटल पहचान को सुरक्षित रखने की अहमियत पर जोर दिया और साइबरबुलिंग, साइबरस्टॉकिंग, साइबर ग्रूमिंग और ऑनलाइन जॉब फ्रॉड जैसे जरूरी मुद्दों पर डिटेल में बताया।

# एनआईआरडीसी ने किया ऐप लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लछ्य और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार कार्य नेशनल इंडस्ट्रीज रिसर्च एंड डेवलपमेंट काउंसिल (एनआईआरडीसी) ने इंडऐप लॉन्च किया। जिसे एमएसएमईज के लिए व्यवसाय करने में आसानी को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है भारत का स्वदेशी रूप से विकसित डिजिटल प्लेटफॉर्म है। इस एप्लिकेशन का शुभारंभ उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बी. एल. वर्मा ने किया। इस समारोह में एनआईआरडीसी के वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। जिनमें रिटायर्ड आईएएस शंभू सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ. ललित वर्मा, रिटायर्ड आईएएस, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष; सुबीश पी. वासुदेव, राष्ट्रीय प्रशासक; डॉ. के.वी. प्रदीप कुमार, राष्ट्रीय निद. ेशक, प्रशासन एवं स्थापना; मनोज, निदेशक, दक्षिणी क्षेत्र, तथा अन्य अधिकारी शामिल थे। इस अवसर पर राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने इस प्लेटफॉर्म के महत्व पर जोर देते हुए कहा, कि एमएसएमई क्षेत्र जीडीपी, निर्यात और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में अपने योगदान के माध्यम से भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।




**दिल्ली पुलिस ने शिक्षा निदेशालय इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर 4 सी के साथ मिलकर स्कूली बच्चों के लिए साइबर क्राइम पर वर्चुअल अवेयरनेस सेशन का आयोजन किया।**

# बाल विवाह मुक्त दिल्ली बनाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूरे देश से बाल विवाह को उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से भारत सरकार की 100 दिन की विशेष कार्ययोजना से उत्साहित गैरसरकारी संगठन बेसिक फाउंडेशन ने कहा कि वह दिल्ली को साल भर के भीतर बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सरकारी एजेंसियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगा।



'100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' जिसे बाल विवाह मुक्त भारत के एक वर्ष पूरे होने के मौके पर पूरे देश में शुरू किया गया है। 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के 27 नवंबर को एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर बेसिक फाउंडेशन ने स्कूलों, समुदायों और अन्य संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम और पूरे जिले में जगह- जगह बाल विवाह के खिलाफ शपथ समारोह आयोजित किए। बाल विवाह के खिलाफ जारी अभियान को और गति व मजबूती देने वाली सरकार की इस घोषणा का स्वागत करते हुए जलालुद्दीन ने कहा, "यह 100 दिवसीय गहन अभियान देश की दिशा बदलने वाला साबित होगा और हमें प्रधानमंत्री के विकसित भारत के लक्ष्य के करीब लाएगा। सदियों से हमारी बेटियों को अवसरों से वंचित किया गया है और विवाह के नाम पर उन्हें अत्याचार, शोषण और बलात्कार की ओर धकेला गया है। सौ दिन के इस गहन जागरूकता अभियान को तीन चरणों में बांटा गया है और इसका आखिरी चरण 8 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर समाप्त होगा। इसका पहला चरण 31 दिसंबर तक चलेगा जिसमें स्कूलों, कालेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों में जागरूकता के प्रसार पर जोर रहेगा।

# अक्षय कला यात्रा पूरब का आयोजन

**नई दिल्ली।** हिना भट्ट आर्ट वेंचर्स की ओर से अक्षय कलायात्रा-2: पूरब का आयोजन डॉन बॉस्को इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट गुवाहाटी मे 25 से 29, नवंबर तक किया गया। कार्यक्रम को हिना भट्ट आर्ट वेंचर्स की फाउंडर हिना भट्ट द्वारा क्यूरेट और कौशलेश कुमार द्वारा कोऑर्डिनेट किया गया है। इस आर्ट वेंचर में असम, वेस्ट बंगाल, नागालैंड, मेघालय, सिक्किम, त्रिपुरा, मिजोरम, ओडिशा, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और नॉर्थ ईस्ट की कई जगहों से कलाकारों के ग्रुप एक साथ आये है



इसमें अमिताभ सेनगुप्ता (कोल. काता-पश्चिम बंगाल), बुद्धि थापा (कोहिमा ख्र नागालैंड), नोनी बोरपा. ेजुआरी (गुवाहाटी - असम), राफेल वारजरी (शिलांग-मेघालय), विजय मणि थुलुंग (गंगटोक-सिक्किम), तमाली दासगुप्ता (कोलकाता-पश्चिम बंगाल), तपती भौमिक मजूमदार (अगरतला-त्रिपुरा), मानस रंजन जेना (भुवनेश्वर ख्र ओडिशा), प्रबीन कुमार नाथ (गुवाहाटी-असम), दादुल चालिहा (गुवाहाटी ), गोलमेई गंडुम्पू (इंफाल ख्र मणिपुर), सुभाष पुजाहारी (भुवनेश्वर-ओडिशा), मीनाक्षी बुरागोहेन (गुवाहाटी ख्र असम), गुरु किंकर धंग (कोलकाता ख्र पश्चिम बंगाल), मिंटू डेका (गुवाहाटी ख्र असम), लालहमिंग मावी (आइजोल- मिजोरम), बिपिन बिहारी मार्था (कोलकाता ख्र पश्चिम बंगाल), प्रमोद बोरूआ (कोलकाता ख्र पश्चिम बंगाल), लीना मेहर (बलांगीर), पलटू घोष (सिलीगुड़), कौशलेश कुमार (गुवाहाटी ख्र असम), रिंकी चक्रवर्ती (अगरतला ख्र त्रिपुरा), सुभेंदु मिश्रा (पुरी ख्र ओडिशा), भास्करज्योति गोगोई (गुवाहाटी), जैकी बोडो आदि भाग ले रहे हैं।

## प्रशासन ने कराया पिंडदान स्थल का निर्माण

**नांगल सोती।** ग्राम अभिपुरा में बीते एक माह से पिंडदान स्थल की भूमि को लेकर पक्षों में विवाद चल रहा था। एक पक्ष के इंतखाब का कहना था कि उक्त भूमि उनसे खरीदी है, जिसका उसके पास बैनामा है। इसलिए उक्त स्थान पर पिंडदान नहीं बनाया जा सकता है। जबकि ग्रामीण सुशील कुमार, सुरेन्द्र सिंह, सुनील कुमार, धर्मेंद्र सिंह, कामेंद्र सिंह, पंकज कुमार आदि का कहना था कि उक्त भूमि ग्राम समाज की है, जिस पर वर्षों से पिंडदान किया जा रहा है। गुरुवार को कुछ ग्रामीण उक्त स्थल पर चबूतरे का निर्माण करना चाहते थे, जिसे सूचना पर पहुंची पुलिस ने रुकवा दिया था।

# डब्लूएचओ संधि में सुधार की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे सरकारें विश्व स्वास्थ्य संगठन के FCTC के COP11 की तैयारी कर रही हैं, टैक्सपेयर्स प्रोटेक्शन अलायंस (टीपीए) द्वारा अपनी गुड COP2.0 पहल के तहत हाल ही में आयोजित एक वेबिनार ने संधि की दिशा पर बहस को फिर से छेड़ दिया है। भारत और दुनिया भर में तंबाकू से होने वाले नुकसान में कमी को लेकर बढ़ती चर्चाओं के बीच, एफसीटीसी के मूल निर्माताओं में से एक डॉ. डेरेक याच और टीपीए के अंतर्राष्ट्रीय फेलो एवं नुकसान में कमी के समर्थक मार्टिन कलिप ने आधुनिक विज्ञान और नवाचार की वास्तविकताओं को प्रति. बिंबित करने के लिए एफसीटीसी में तत्काल सुधार का आह्वान किया। एफसीटीसी के प्रारंभिक चरणों से जुड़े डॉ. डेरेक याच ने वैश्विक स्वास्थ्य नवाचार के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा, "एफसीटीसी उस दौर में विकसित की गई थी जब डब्ब्लूटीओ की दोहा राउंड में एचआईवी/एड्स दवाओं जैसे नवाचारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई थी। मार्टिन कुलिप ने कहा कि यह संधि, जिसका मूल उद्देश्य दुनिया भर में एक अरब से अधिक लोगों पर धूम्रपान के विनाशकारी प्रभाव को कम करना था, अब ऐसी नीतियों के तहत संचालित हो रही है जो नवाचार की अनदेखी करती हैं।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

जम्मू-कश्मीर में दो दिवसीय स्टडी टूर के तहत

# प्रतिनिधि मंडल ने किया विश्व विख्यात चिनाब व अंजी ब्रिज का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नॉर्दर्न रेलवे सलाहकार समिति का प्रतिनिधि मंडल जम्मूख्रकश्मीर के दो दिवसीय अध्ययन दौरे के दौरान विश्वप्रसिद्ध चिनाब ब्रिज तथा अंजी ब्रिज के निरीक्षण हेतु पहुँचा। इस प्रतिनिधि मंडल में गाजियाबाद से नॉर्दर्न रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य अभिजीत मुखर्जी भी शामिल रहे। इस अवसर पर नॉर्दर्न रेलवे के प्रमुख अधिकारीख्र अपर महाप्रबंधक मोहित चंद्र, उप महाप्रबंधक गुँजन भारद्वाज, जम्मू डिवीजन के मंडल रेल प्रबंधक विवेक कुमार, एवं परियोजना के



मुख्य अभियंता दिनेश त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने इन दोनों मेगा प्रोजेक्ट्स की तकनीकी विशेषताओं, इंजी. नियरिंग प्रक्रियाओं और सुरक्षा मानकों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण भी दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 6 जून को राष्ट्र को समर्पित चिनाब ब्रिज आधुनिक इंजीनियरिंग का एक अद्वितीय चमत्कार है। यह विश्व का सबसे ऊँचा रेलवे पुल है, जिसकी निर्माण ऊँचाई एफिल टॉवर से भी अधिक है। यह पुल जम्मूख्रकश्मीर को मजबूत, स्थायी और रणनीतिक रेल- कनेक्टिविटी प्रदान करता है। इस पुल के शुरू होने से जम्मू से श्रीनगर तक की यात्रा पहले की तुलना में अधिक तेज, सुरक्षित और निर्बाध हो गई है। ये दोनों ब्रिज रेलवे के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के बुनियादी ढांचे, रक्षा, पर्यटन और रणनी. तिक क्षमताओं को शक्ति प्रदान करते हैं।

इस अध्ययन दौरे के दौरान अधिकारियों ने बताया कि चिनाब एवं अंजी ब्रिज भारत के इंजीनियरिंग कौशल, दूरदृष्टि और आधुनिक तकनीक के संयुक्त प्रयास का प्रतीक हैं। प्रतिनिधि मंडल ने इन परियोजनाओं को रेलवे के लिए ऐतिहासिक और राष्ट्रहित में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

# नियमों को ताक पर रखकर बनवा दिया बेसमेंट और कर दिया अवैध निर्माण का खेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री अवैध निर्माण और अवैध खनन के सख्त विरुद्ध है वही उनके अधिकारी आदेशों की धज्जियां उड़ाने में सर्वोत्तम है। मामला गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले प्रवर्तन जोन 4 का है।जहां मालीवाडा चौक के निकट नियमों के विपरीत बिना किसी स्वीकृत मानचित्र के बेसमेंट का निर्माण कर उसके ऊपर एक मंजिल लेटर डालकर इमारत का निर्माण कर दिया गया है।

अवैध निर्माणकर्ता और जीडीए अधिकारियों का गठन जोड़ इतना बेखौफ है की मुख्य मार्ग यानी अंबेडकर रोड पर जहां से हर अधिकारी का आवागमन रहता है, इस मुख्य मार्ग पर बिना किसी स्वीकृत मानचित्र के बेसमेंट और प्रथम तल का निर्माण करा दिया गया है। आप फोटो में साफ तौर पर देख सकते हैं कि किस तरह पहले उच्च अधिकारियों की आंख में धूल झोंकने के लिए सुपरवाइजर और अवर अभियंता ने सील का दिखावा कर और फिर चुपचाप ग्रेप 3, लगा होने के बावजूद पूरे निर्माण को अंजाम दे दिया। अब देखना यह होगा कि इस खबर के बाद जीडीए उपाध्यक्ष कितनी जल्दी उक्त प्रकरण का संज्ञान लेते हुए अधिरस्तों पर कार्यवाही करते हैं या इस तरह के निर्माण यूं ही जारी रहेंगे।



# कविनगर वेलफेयर एसोसिएशन ने किया बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कविनगर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट कार्यक्रम का उद्घाटन विधिवत रूप से किया गया। आपको बता दें कि टूर्नामेंट में प्रत्येक आयु वर्ग के मैच होंगे। पुरुष एवं महिला वर्ग में एकल एवं युगल मैच आयोजित किये जायँगे। विजेताओं एवं उपविजेताओ को धनराशि तथा ट्राफी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश चावला, महासचिव अमित चौधरी, कोषाध्यक्ष अनिल शुक्ला, उपाध्यक्ष शैलेष जैन, सचिव सचिन गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य ललित जायसवाल, विनीत गोयल, सुबोध अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, सुमन कपूर, सुनील अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में प्रतिभाशाली छात्रों ने गुरुजनों का किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में भारत विकास परिषद, मोदीनगर के तत्वाधान में "गुरु वंदनख्रछात्र अभिनंदन" कार्यक्रम अत्यंत गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा को सशक्त बनाना, शिक्षकों के अमूल्य योगदान को सम्मानित करना तथा विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन, सेवा और समर्पण की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।इस विशेष अवसर पर विद्यालय के विलक्षण प्रतिभा के धनी छात्रों ने मंच पर उपस्थित होकर अपने गुरुजनों का वंदन किया और आदर-सम्मान प्रकट किया। उनके इस भावपूर्ण सम्मान ने पूरे समारोह को अत्यंत प्रेरणादायी बना दिया।कार्यक्रम में



भारत विकास परिषद, मोदीनगर के अध्यक्ष खेमराज आर्य (अध्यक्ष मोदीनगर), शिवानी शर्मा, डॉ. राखी कौशिक, आशीष गोयल, अंकित गोयल एवं गौरव शर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए विद्यालय के शिक्षकोंख्रसुमन शर्मा, रीना त्यागी, ललिता राणा, डॉ. प्रांजल शर्मा, अर्चना शर्मा, कुमारी जया कौशिक एवं अभिषेक चौधरी को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।साथ ही छात्रों में अनुष्का चौधरी, अनुष्का त्यागी, अविका, मेधावनी, दिव्या चौधरी एवं अभि चौधरी को उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा के लिए ट्रॉफी व प्रमाणपत्र प्रदान किए । इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सरिता सिंधु को भी परिषद द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु ने सभी छात्रों व शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि "गुरु ही समाज एवं राष्ट्र निर्माण की धुरी हैं। शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि चरित्र, संस्कार और मानवीय मूल्यों का विकास करना है। "गुरुजनों ने भी मंच से छात्रों को मूल्य- आधारित शिक्षा, सत्यनिष्ठा, सहानुभूति, अनुशासन और कर्तव्यपरायणता जैसे जीवन-मूल्यों पर प्रेरक विचार प्रस्तुत किए।विद्यालय के प्रबंधक तुषार गुप्ता तथा डॉ. शिखा दरबारी ने भी सभी छात्रों एवं शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि विद्यालय सदैव ऐसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करता रहेगा जो विद्यार्थियों में संस्कार, प्रतिभा और आत्मविश्वास का संवर्धन करें।

पूर्ण ज्ञानांजलि इंटर कॉलेज के बच्चों के लिए

# डिजिटल स्मार्ट एलइडी, वाटर कूलर व सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन दी गई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** पूर्ण ज्ञानांजलि इंटर कॉलेज में उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक ट्रस्टी ललित बिष्ट वाइस प्रेसिडेंट अभिवादन दयाल और सीनियर्स मैनेजर कुमारी प्रीति प्रभाकर के द्वारा विद्यालय के बच्चों के लिए डिजिटल स्मार्ट एलइडी, वाटर कूलर और सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन दी गई। बच्चों को डिजिटल स्मार्ट एलईडी के द्वारा पढ़ने में और अधिक रोचकता और समझने में आसानी होगी। ललित बिष्ट ने बच्चों को डिजिटल स्मार्ट एलईडी के द्वारा शिक्षा को और कैसे सुगम बनाया जाए बच्चों को समझाया। प्रीति प्रभाकर ने बच्चों को स्वास्थ्य स्वच्छता के बारे में जागरूक कराया। विद्यालय के प्रबंधक योगेंद्र चौधरी ने कहा कि है आज के बच्चों के लिए बहुत ही आवश्यक है जिससे कि बच्चे और अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित कर सकते हैं।

# आईटीएस मोहन नगर में हैकाथॉन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस मोहन नगर के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा "हैकथॉन का भव्य आयोजन किया गया । यह पूरे दिन चलने वाला नॉन-स्टॉप कोडिंग ईवेंट था जिसमें एम सी ए एवं बीसी ए पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने प्रोग्रामिंग क्षमताओं का प्रदर्शन किया। आई टी एस समूह के चेयरमैन ख्र डॉ आर पी चड्ढा ने अपने सन्देश में इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए हर्ष व्यक्त किया। आई टी एस समूह के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने सन्देश में कहा कि हैकाथॉन न केवल छात्रों की तकनीकी दक्षता बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें उद्योग के अनुरूप तैयार करेगा एवं स्टार्टअप संस्कृति को भी प्रोत्साहित करेगा।" कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन आई टी एस, मोहन नगर के निद. शक डॉ सुनील कुमार पांडेय, एम सी ए पाठ्यक्रम की संयोजिका डॉ पूजा धर, सह संयोजिका प्रोफ स्मिता कंसल तथा आयोजन समिति के सदस्यों प्रोफ सौरभ सक्सेना, प्रोफ



अश्विनी कुमार तथा प्रोफ अभय कुमार राय ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आई टी ए मोहन नगर के निदेशक डॉ सुनील कुमार पांडेय ने अपने सम्बोधन में कहा कि "यह प्लेटफॉर्म युवाओं में नवाचार, स्टार्टअप थिंकिंग, नेतृत्व क्षमता एवं प्रोग्रामिंग उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने का माध्यम बनेगा। छात्रों को क्षेत्र के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ ज्ञान साझा करने का अवसर मिलेगा।" आई.टी.एस., मोहन नगर सदैव से विद्यार्थी-केंद्रित पहल करता रहा है, जहाँ इनोवेशन + इंडस्ट्री इंटीग्रेशन + इंटेलिजेंट स्किल्स डेवलपमेंट की विचारधारा को सर्वोपरि रखा जाता है। इस हैकाथॉन में प्रतिभागियों नै रीयल-टाइम टेक्निकल प्रॉब्लम्स सॉल्व किये जिसके आधार पर इना. वेशन, एल्गोरिद्म, कोड ऑप्टिमाइजेशन एवं टीमवर्क का मूल्यांकन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार हर्ष त्यागी तथा लोकेश, द्वितीय पुरस्कार बिपाशा चौधरी तथा तृतीय पुरुस्कार ऋषभ भट्ट एवं मनीष कुमार को दिया गय।

# संविधान दिवस के उपलक्ष्य में रालोद ने किया कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल द्वारा भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. यशवीर सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुंवर पी के सिंह राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नरेंद्र खजूरी सदस्य एस सी एस टी आयोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार ने सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया।

सभी अतिथियों ने बाबा भीमराव अंबेडकर जी और चौधरी चरण सिंह जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के महान कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारिणी



सदस्य मनवीर चौधरी एवं तेजपाल चौधरी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू (प्रभारी/ उत्तर प्रदेश अर्बन कमेटी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष खेल विजय कौशिक सत्यवीर घिस्सा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला पूनम गर्ग ओमेंद्र गौतम प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमचन्द भर्ती प्रदेश महासचिव लेखराज प्रदेश सचिव प्रदेश महासचिव रविन्द्र चौहान रेयान त्यागी प्रदेश अध्यक्ष खेल उस्मान त्यागी प्रदेश सचिव ओ डी त्यागी किसन राघव संजय बैंसला प्रदेश उपाध्यक्ष अमित त्यागी आर के प्रदेश उपाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ छेत्रीय सचिव योगेंद्र पतला संजीव अरोड़ा महानगर अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ सुरेंद्र तेवटिया देशपाल दुहाई राजू गौतम युवा जिलाध्यक्ष जयदीप सिंह युवा महानगर अध्यक्ष तुषार कौशिक दिनेश शर्मा शेरसिंह मौर्य महिला जिलाध्यक्ष सुमन चौधरी महानगर अध्यक्ष राखी दीपा सिरोही नीरज देवी सुमन अग्रवाल सभी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। एडवोकेट ज्योति कसाना ने अपने साथियों सहित पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

काफी संख्या में नए लोगों ने पार्टी की विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करने और जन जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

# सिकन्दर यादव ने की ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ समाजस. वी सिकन्दर यादव ने कहा कि एनसीआर का प्रमुख शहर गाजियाबाद जहाँ वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम प्रयासरत है, वहीं ध्वनि प्रदूषण पर अब तक प्रभावी जागरूकता की कमी देखी जा रही है। शहर में तेज आवाज वाले वाहन, डीजे और अनियंत्रित हॉर्न के कारण शोर स्तर लगातार खतरनाक सीमा को पार कर रहा है। इसका दुष्प्रभाव न केवल नागरिकों पर बल्कि पक्षियों और पालतू पशुओं पर भी देखा जा रहा है। समाजसेवी सिकंदर यादव ने इस गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी को पत्र लिखकर ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की है।

उन्होंने अपने पत्र में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख किया है। ध्वनि प्रदूषण के प्रमुख कारण वाहनों द्वारा अनावश्यक हॉर्न बजाना, जिससे सड़कों पर लगातार शोर बढ़ रहा है। सुबह कूड़ा संग्रह करने वाली गाड़ियों में तेज आवाज में बजाया जाने वाला संगीत, जिससे नागरिकों की नींद पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। शादी-विवाह और आयोजनों में देर रात तक बजने वाले डीजे, जिनकी आवाज इतनी तेज होती है कि कई बार घरों की खिड़कियों तक में कंपन उत्पन्न हो जाता है। सड़कों पर झाडू लगने के दौरान उड़ने वाली धूल, जिससे वायु प्रदूषण और अस्थमा जैसी समस्याएँ बढ़ती हैं। पानी का छिड़काव करने से इसे रोका जा सकता है।



शहर के व्यापारिक प्रतिष्ठानों को सड़क किनारे घास लगाने के लिए प्रेरित करना, जिससे न केवल सुंदरता बढ़ेगी बल्कि धूल भी नियंत्रित होगी। सड़क के सेंट्रल डिवाइडर पर हरियाली लगाने से भी शोर और धूल, दोनों में कमी आएगी। अस्पताल, स्कूल और धार्मिक स्थलों के आसपास 'नो हॉर्न जोन' लागू करने की मांग। सप्ताह में एक दिन 'नो हॉर्न डे' मनाने का सुझाव, ताकि लोग अनावश्यक हॉर्न बजाने की आदत कम कर सकें।

सिकंदर यादव का कहना है कि यदि इन सुझावों को लागू किया जाए तो शहर के नागरिकों, छात्रों, बुजुर्गों और पक्षियोंख्रसभी को बड़ी राहत मिल सकेगी। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि ध्वनि प्रदूषण को वायु प्रदूषण के समान गंभीरता से लेते हुए इसे नियंत्रित करने के कदम शीघ्र उठाए जाएं।

# प्राधिकरण द्वारा सील की गई अवैध दुकानों को भूमाफियाओं ने सील तोड़ किया निर्माण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जीडीए पर्वतन जोन 5 क्षेत्र तिगड़ी गोल चक्र के पास जीडीए की ग्रीन बेल्ट की भूमि पर भूमाफिया द्वारा पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा कर दुकानों को सील किया गया था लेकिन अभी 7 दिन भी नहीं बीते दबंगों ने सील लगी दुकान फिर से खोली कर जीडीए अधिकारियों को खुली चुनौती दी है। गाजियाबाद जीडीए पर्वतन जोन 5 क्षेत्र तिगड़ी गोल चक्र के पास जीडीए की ग्रीन बेल्ट की भूमि पर भूमाफिया द्वारा पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा कर लिया गया था, जिसको पूर्व जीडीए वीसी एवं डीएम राकेश सिंह, के कड़े निर्देश के बाद जीडीए के पूर्व तहसीलदार दुर्गेश सिंह, OSD सुशील कुमार चौबे, जीडीए इंजीनियर विभाग के पूर्व Ae प्रशांत गौतम, सदर तहसील के एसडीएम विनय कुमार, कांगो लेखपाल और उनकी टीम, जीडीए जॉन 5 की टीम, जीडीए पुलिस बल और स्थानीय पुलिस बल की मजबूती में ध्वस्तीकरण किया गया था, लेकिन इन सब अधिकारियों के जाने के बाद भूमपियों ने लगातार अवैध कब्जा करना शुरू कर लिया, जिसकी शिकायत लगातार जीडीए के उच्चअधिकारियों को की जाती रही, लेकिन किसी भी अधिकारी ने भूमाफिया को रोकने की हिम्मत नहीं जुटाई, जीडीए में जब से सचिव का राजेश कुमार ने संभाला है तभी से दबंग लोग सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने में लगातार कामयाब रहे, कई बार जीडीए को शिकायत भी की गई।

पूर्व जीडीए वीसी अतुल वत्स को जब लिखित शिकायत सबूतों सहित दो गई तो उन्होंने हमारे सामने जीडीए सचिव को मार्क कर करवाई करने के लिया कहा, जीडीए वीसी के सामने तो सचिव बोले जल्दी ही निरीक्षण करने के बाद कारवाही करवाते है। लेकिन जब कोई जीडीए द्वारा करवाई नहीं हुई तो फिर जीडीए सचिव के ऑफिस में जाकर उनसे मिले तो उन्होंने कहा कि मैं इन दबंग लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकता आपको मेरी शिकायत जहां करनी है




कर लीजिए, फिर हम अगले दिन पूर्व जीडीए वीसी अतुल वत्स से मिलने उनके ऑफिस गए और उन्हें बताया कि सचिव बोल रहे है कि मैं उन दबंग लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं कर सकता आप मेरी शिकायत जहां मर्जी कीजिए, फिर उन्होंने कहा अब हम आपकी शिकायत अपर सचिव प्रदीप कुमार को देते है उन्होंने अपने दफ्तर से कर्मचारी को बुलाया और कहा आप इन्हें अपर सचिव के पास लेकर जाओ और बताओ, फिर हम अपर सचिव से मिले, उन्होंने कहा हम निरीक्षण करने के बाद जल्द कार्रवाई करवाते हैं, पूर्व जीडीए वीसी वत्स ने माना था कि यह भूमि जीडीए की है,जल्द ही कार्रवाई करके कब्जा मुक्त कर जाएगा, जीडीए सचिव और संबंधित अधिकारी की कृपा से ही सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने में भूमाफिया कामयाब और ग्रीन बेल्ट की भूमि पर काबिज हो है। फिर हमने मेरठ कमिश्नर को लिखित में शिकायत दी उसके बाद कुछ हलचल हुई और जीडीए वीसी के निर्देश के बाद संबंधित अधिकारियों ने फॉर्मेलिटी के तौर पर लगभग चार पांच दुकानें सील करके फोटो जीडीए वीसी साहब को दी, लेकिन आप तस्वीरों में देख सकते हैं संबंधित जीडीए ने जो दुकानें सील की थी वह सारी दुकानें खुली हुई है इसका मतलब साफ है कि या तो जीडीए के बड़े अधिकारी का इन पर हाथ है या फिर संबंधित अधिकारी की साठगांठ है तभी तो सील लगी दुकानों फिर से खुल गई। अवैध कब्जाधारी दबंग लोग और जीडीए और प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं।

# आईटीएस कॉलेज में सांस्कृतिक व खेलकूद कार्यक्रमों में छात्रों नें दिखाया जोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस कालेज ऑफ फार्मेसी मुरादनगर में दो दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ आईटीएस - दी एजूकेशन ग्रुप के चेयरमैन डा आरपी चढ्डा एवं वाइस चेयरमैन अर्पित चढ्डा, सुरेन्द्र सूद, डारेक्टर - पीआर, आईटीएस - दी एजुक. शन ग्रुप, अतिथीगण गण एवं डा एस सदीश कुमार, निदेशक फार्मेसी कॉलेज ने सरस्वती मॉ के समक्ष दीप प्रजवलन व सरस्वती वन्दना के साथ किया।

इस कार्यक्रम को आरम्भ करते हुए चेयरमैन डा आरपी चढ्डा ने सभी टीमों को नियमों के अनुसार खेल भावना से इस मीट में भाग लेने की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेलों एवं सांस्कृतिक प्रतियोगियों को सर्वोच्च प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर वाइस चेयरमैन श्री अर्पित चढ्डा ने छात्रों से कहा कि खेल एक ऐसी विद्या है, जो मनुष्य को हमेशा युवा बनाये रखती है। इसमें कोई जीतता है और कोई सीखता है। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के डी फार्मा, बी फार्मा एवं एम फार्मा पाठ्यक्रम के लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में अनेक खेलों का आयोजन किया गया जैसे - दौड़, क्रिकेट, टग ऑफ वार, वॉलीबॉल, शॉर्ट पुट, बैडमिंटन,




टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गायन, नृत्य एवं वादन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। क्रिकेट के मैच ने मैदान मे दर्शको का रोमांच चरम पर पहुॅचा दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि डॉ एम एस त्यागी, निद. शक, तकनीकी, अंतरराष्ट्रीय खौ खौ फेडरेशन, मिस निर्मला भाटी, गोल्ड मेडलिस्ट, कैप्टन, प्रथम खौ खौ विश्व कप 2025 विजेता तथा डॉ अरुण त्यागी को शाल, स्मृति चिन्ह और गुडलक पौधा प्रदान कर स्वागत और सम्मान किया। सुरेन्द्र सूद, डारेक्टर - पीआर, आईटीएस - दी एजुकेशन ग्रुप ने भारत के एथलीटों की सराहना की है जिन्होंने यह दर्शाया है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से वैश्विक सफलता प्राप्त की जा सकती है। एक युवा खेल आइकन मिस निर्मला भाटी ने दुनिया को भारतीय प्रतिभा की ताकत और आत्मविश्वास दिखाया है। संस्थान के निदेशक डॉ एस सदीश कुमार ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेलकूद वह सांस्कृतिक कार्यक्रम मानव के शरीर में तनाव, चिंता व उत्तेजना को कम करके हमारे शरीर को स्वस्थ रखते हैं।

उक्त अवसर पर डॉ एमएस त्यागी ने कहा कि देश को उन्नत करने के लिए खेलकूद को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि शरीर की फिटनेस व मान. सिक विकास के लिए खेल कूद के साथ फार्मेसी, फिजियोथैरेपी, दंत चिकित्सा आदि सभी क्षेत्र को मिलकर काम करना चाहिए। मिस निर्मला भाटी ने कहा कि सपने आपके हैं, उन्हें पूरा भी हमें स्वयं करना है। कार्यक्रम के आयोजन के लिए आईटीएस दी एजूकेशन ग्रुप के चेयरमैन डा आरपी चढ्डा एवं वाइस चेयरमैन अर्पित चढ्डा को सभी छात्रों व अध्यापक गणों ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अंत में डॉ राज कुमारी, डीन, आईटीएस कालेज ऑफ फार्मेसी ने अध्यापक गणों, मैनेजमेंट एवं छात्रों को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में डॉ राजकुमारी (डीन), डॉ मनोज कुमार शर्मा, मि गौरव चौधरी, मिस मीनाक्षी शर्मा, मि शुभ दीप यादव एवं मि गौरव ने संचालन किया।

# नाबालिग छात्रा की चाकू से गोदकर हत्या, दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कंझावला के कराला गांव में आपसी रंजिश में एक नाबालिग छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी। वारदात में शामिल दो नाबा. लिग को पुलिस ने पकड़कर वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कंझावला पुलिस को रोहिणी सेक्टर-22 स्थित महाराजा अग्रसेन अस्पताल से एक सूचना मिली थी। बताया गया कि कंझावला के गांव कराला के रहने वाले एक 16 सल के नाबालिग को अस्पताल में भर्ती कराया गया था,जिसकी मौत हो गई है। उसके जांघ पर चाकू मारा गया था। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लिया। पता चला कि नाबालिग को माता चौक वाली गली, कराला में तीन लडकों से झगड़ा हुआ था। पुलिस मौके पर पहुंची। क्रॉइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। मौके पर खून काफी दूरी तक पड़ा हुआ था। मृतक के चाचा जोकि 11वीं कक्षा की पढाई कर रहा है। उसने बताया कि झगड़े के बारे में पता चलने पर वह अपने दोस्त अरमान के साथ मौके पर पहुंचा था। भतीजे से तीन लडके झगड़ा कर रहे थे। जिसमें से एक ने उसके भतीजे की जांघ में चाकू मार दिया था। भतीजे को अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया। तीनों लडकों की पहचान करने के बाद दो को उनके ठिकानों पर छापेमारी करके पकड़ लिया। मृतक नाबालिग प्राइवेट स्कूल से 11वीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा था। उसके पिता एनडीपीएल में नौकरी करते हैं। जबकि गवाह अरमान डीजे ऑपरेटर के तौर पर काम करता है।

# चाकू मारकर की थी हत्या मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के सराय रोहिल्ला इलाके में बीच-बचाव करने की कोशिश में युवक अमित कुमार (39) की चाकू मारकर हत्या कर देने के मामले में पुलिस ने मुख्य फरार आरोपी रिजवान को गिरफ्तार कर लिया है। नॉर्थ दिल्ली के उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि रिजवान लगातार अपना ठिकाना और पहचान बदलकर गिरफ्तारी से बच रहा था, लेकिन पुलिस ने तकनीकी निगरानी के आधार पर उसे 21 नवंबर को बुराड़ी इलाके से पकड़ लिया। इस मामले में पुलिस पहले ही दो अन्य आरोपियों अभय गुप्ता (21) और यश कुमार उर्फ बाबू (22) को 5 जुलाई को गिरफ्तार कर चुकी थी, जबकि चौथा आरोपी रोहन अभी भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। रिजवान पर पहले से ही हत्या के प्रयास, अपहरण और मारपीट जैसे तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। हत्या की यह वारदात 4 जुलाई की शाम शास्त्री नगर में हुई थी, जिसकी सूचना पीसीआर कॉल के जरिए सराय रोहिल्ला थाने को मिली थी। घायल अमित को दीपचंद बंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक अमित अपने पड़ोसी के साथ शास्त्री नगर के दो गुटों के बीच चल रहे झगड़े में बीच-बचाव करने पहुंचा था, तभी आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। रिजवान से पूछताछ में पता चला कि यह पूरा झगड़ा 2 जुलाई को उसके दोस्तों द्वारा हर्ष नाम के युवक को थप्पड़ मारने से शुरू हुआ था। 4 जुलाई की रात, जब वे 56 बीघा पार्क के पास थे, तभी हर्ष के पिता अजय और उनके परिचित राहुल मामले को सुलझाने आए। इसी दौरान बहस बढ़ गई और अमित ने बीच-बचाव करने की कोशिश की। आरोपियों को लगा कि अमित दूसरे पक्ष का समर्थन कर रहा है।

# ठंड बढ़ने के साथ ही फिर बढ़ा वायु प्रदूषण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शुक्रवार को एक बार फिर से वायु प्रदूषण देखने को मिल रहा है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 385 दर्ज किया गया है, जो "बहुत खराब" श्रेणी का माना जाता है।

दिल्ली-एनसीआर में ठंड से जूझ रहे लोगों को वायु प्रदूषण से राहत नहीं मिल रही है। प्रदूषण में यह बढ़ोतरी अधिकारियों द्वारा ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान स्टेज-III की पाबंदियों को हटाने के ठीक एक दिन बाद हुई है, जिन्हें गंभीर प्रदूषण लेवल को रोकने के लिए लागू किया जाता है। हालांकि, यह राहत ज्यादा देर तक नहीं रही, क्योंकि हवा एक बार फिर तेजी से खराब हो गई। गुरुवार को शहर का कुल एक्यूआई तेजी से बढ़कर 377 हो गया, जो पिछले दिन 327 था, जिससे 24 घंटे के अंदर हवा की गुणवत्ता में काफी गिरावट आई। बिगड़ते हालात के बावजूद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने साफ किया है कि स्टेज-प्प्प की रोक तभी फिर से लगाई जाएगी, जब एक्यूआई 400 को पार कर जाएगा, जो "गंभीर" श्रेणी में आता है। तब तक अधिकारी ज्यादा सख्त रोक लगाए बिना हालात पर नजर रखने की योजना बना रहे हैं।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, हवा की रफ्तार लगातार कम रहने की वजह से गुरुवार को पूरे दिन प्रदूषण लेवल लगातार बढ़ता रहा। सुबह 8 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 351 रिकॉर्ड किया गया, जो शाम 7 बजे तक बढ़कर 381 हो गया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि दिन में ज्यादा समय हवा लगभग रुकी हुई रही, सिर्फ 4-5 किलोमीटर प्रतिघंटा की थोड़ी-बहुत रफ्तार से हवा चली, जो प्रदूषण को फैलाने के लिए काफी नहीं थी। अनुमान बताते हैं कि अगले कुछ दिनों तक राष्ट्रीय राजधानी "बहुत खराब" श्रेणी में ही रहेगी। इस बीच, दिल्ली और आसपास के शहरों में चल रही ठंडी हवाएं संकट को और बढ़ा रही हैं। कम तापमान, कोहरा और ज्यादा प्रदूषण लोगों की सेहत के लिए खराब कर रहे हैं। दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत के कई शहरों में तापमान कम से कम 8 से 12 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। सुबह से ही शहर में धुंध की एक मोटी परत छाई हुई थी और शाम को यह वापस आ गई, जिससे सड़कों पर विजिबिलिटी काफी कम हो गई।

डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि ऐसी प्रदूषित हवा में सांस लेने के गंभीर नतीजे हो सकते हैं, खासकर बच्चों, बुजुर्गों और सांस या दिल की बीमारियों वाले लोगों के लिए। वे लोगों को सलाह देते हैं कि वे जितना हो सके घर के अंदर रहें। ज्यादा मेहनत वाली बाहरी एक्टिविटीज से बचें और सिर्फ जरूरी होने पर ही घर से निकलें।

## डीयू साहित्य महोत्सव को लेकर बैठक आयोजित

**नई दिल्ली।** डीयू द्वारा पहली बार आयोजित होने वाले विशाल साहित्य महोत्सव को लेकर तैयारियां आरंभ हो चुकी हैं। इस कार्यक्रम के सफल एवं सुगम संचालन के लिए पहले से गठित कोर कमेटी के अतिरिक्त 19 उप कमेटियों का गठन किया जा चुका है। इन कमेटियों के चेयरपर्सन और कन्वीनर की एक बैठक का आयोजन डीयू कल्चर काउंसिल के चेयरपर्सन और दिल्ली यूनिवर्सिटी लिटरेचर फेस्टिवल कोर कमेटी के वाइस-चेयरपर्सन एवं कन्वीनर अनूप लाठर की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान सभी कमेटियों के रोल, जिम्मेदारियों और टाइमलाइन के साथ-साथ ऑपरेशनल रोडमैप पर भी चर्चा की गई। गौरतलब है कि दिल्ली यूनिवर्सिटी लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन 12 फरवरी 2026 से 14 फरवरी 2026 तक किया जाएगा।

# ठक-ठक गैंग के दो बदमाश धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आरके पुरम थाना पुलिस ने 'ठक-ठक गैंग' के दो कुख्यात बदमाशों को 24 नवम्बर को मदनगीर स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया है। आरोपियों घ्घ्संजू मद्रासी और गौरव के पास से चोरी का लैपटॉप, एक्सेसरीज, पैन कार्ड, आधार कार्ड, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, स्कूटी और अन्य सामान बरामद किया गया है। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है। आरोपियों पर दक्षिण, दक्षिण-पूर्वी और दक्षिण- पश्चिमी दिल्ली के अलग-अलग पुलिस स्टेशनों में चोरी, लूट, झपटमारी एनडीपीएस एक्ट और ठगी के 15 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि 21 नवम्बर को एक महिला अपने ओखला स्थित आफिस से द्वारका जा रही थी। इसी दौरान हयात होटल के पास रिंग रोड पर एक स्कूटी पर दो लोगों ने उसे दशारा किया कि उसकी काम में कुछ दिक्कत हैं। महिला ने आरके पुरम सेक्टर-12 बस स्टैंड के पास अपनी गाड़ी रोकी और गाड़ी की जांच के लिए नीचे उतरीं। इसी दौरान एक शख्स उसकी कार के पास आया और उसमें रखा काला बैग लेकर फरार हो गया।

महिला की शिकायत पर एसएचओ आरकेपुरम रविन्द्र कुमार त्यागी की टीम ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। एसआई सत्येंद्र गुलिया हेड्कांस्टेबल संपत राम और कुलदीप ने मौके का दौरा किया और वहां से सीसीटीवी फुटेज जब्त की। आरोपियों की जानकारी जुटाने के लिए तकनीकी सर्विलांस की मदद ली गई और 23 नवम्बर को पुलिस ने गौरव को दबोच लिया। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने संजू मद्रासी को 24 नवम्बर को गिरफ्तार किया।



**दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कनाडा में कपिल शर्मा के कप्स कैफे पर फायरिंग करने की साजिश में शामिल शूटर बंधु मान सिंह सेखों को गिरफ्तार कर मीडिया के सामने पेश किया।**

# कैफे पर गोलियां चलाने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए कनाडा में कपिल शर्मा के कप्स कैफे पर फायरिंग करने की साजिश में शामिल शूटर बंधु मान सिंह सेखों को गिरफ्तार किया है। बंधु मान सिंह सेखों, गैंगस्टर गोल्डी बराड़ से जुड़ा हुआ है। सेखों लॉरेंस बिश्नोई गैंग के मोस्ट वांटेड गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लन के भी संपर्क में था। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की यह बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।

पुलिस के अनुसार बंधु मान सिंह सेखों पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से एक हाई-एंड पीएक्स-3 पिस्टल, जो चीन में बनी है, और आठ जिंदा कारतूस बरामद हुए। गोल्डी ढिल्लों गैंग भारत और कनाडा दोनों देशों में सक्रिय एक बड़ा आपराधिक नेटवर्क है और बंधु मान सिंह इस गैंग का एक महत्वपूर्ण सदस्य माना जाता है।

पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग की साजिश कैसे तैयार की गई और इसमें और कौन-कौन लोग शामिल हो सकते हैं। क्राइम ब्रांच को इसके भारत के पंजाब में होने की सूचना मिली थीं, सूचना के बाद क्राइम ब्रांच डीसीपी संजीव कुमार यादव,एसीपी संजय नागपाल के नेतृत्व में इंस्पेक्टर मान सिंह,सुंदर गौतम, इंस्पेक्टर अरविंद, तेज तर्रार हैड कॉस्टेबल संजीव गांव मोहम्मदपुर जो कि पिछले कई ऑपरेशंस में अपनी काबिलियत साबित कर चुके हैं।आदि की टीम बनाई गयी स टीम ने सीक्रेट सर्विलांस के जरिए बंधू मान सिंह की पहचान की और उसे गिरफ्तार कर लिया स कपिल शर्मा का 'कप्स कैफे' कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के सरे शहर में जुलाई में खोला गया था। इस कैफे पर तीन बार गोलीबारी की घटनाएं सामने आई हैं स पहली जुलाई की 10 तारीख को, फिर सात अगस्त और फिर 16 अक्टूबर को हालांकि, इन हमलों में किसी को कोई चोट नहीं पहुंची।

सेखों एक खतरनाक गैंगस्टर है, जिसके तार कनाडा और भारत के कुख्यात आपराधिक गिरोहों से जुड़े हैं। उसकी गिरफ्तारी को दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। जांच में सामने आया है कि बंधु मान सिंह सेखों सीधे तौर पर कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बराड़ का सहयोगी है। गोल्डी बराड़ वही गैंगस्टर है, जिसने सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड की जिम्मेदारी ली थी।

# युवतियों का सशक्तिकरण प्रगतिशील राष्ट्र का निर्माणः गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता युवा बेटियों को मजबूत आधार प्रदान करते हैं और नए भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब हमारी बेटियाँ आगे बढ़ती हैं, पूरा समाज आगे बढ़ता है," यह बात दिल्ली विधान सभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी, सेक्टर-9 स्थित राजापुर के सम्पूर्णा केंद्र में आयोजित 'स्वयंसिद्धा' कार्यशाला में कही। गुप्ता ने कहा कि युवतियों का सशक्तिकरण विकसित भारत के निर्माण और आत्मनिर्भर समाज की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे आत्मविश्वासी व्यक्तित्व और राष्ट्र के विकास में योगदान देने वाली नागरिक तैयार होती हैं। संपूर्णा की इस पहल के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में 150 से अधिक किशो. रियों और युवा महिलाओं को आत्मविश्वास, जागरूकता और जीवन कौशल का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रतिभागियों को व्यक्तिगत सुरक्षा, उचित निर्णय क्षमता, भावनात्मक सामर्थ्य और दैनिक चुनौतियों से निपटने की व्यावहारिक सीख दिलाई गई।प्रशिक्षण कार्यक्रम 'ट्रेनिंग मैप इंडिया' की संस्थापक एवं एफसीसीआई एफएलओ की 'नेशनल वेडिंग इनिशिएटिव' प्रमुख, सुश्री शालिनी बेरीवाल द्वारा संचालित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को फूल निर्माण और बैग बनाने का प्रशिक्षण दिया गया, जिसे सभी ने उत्साहपूर्वक सीखा। अध्यक्ष ने सम्पूर्णा की ओर से पुराने और अनुपयोगी कपड़ों से तैयार किए गए पर्यावरण-अनुकूल उत्पादोंख्रजैसे राम सौभाग्य बैग, सीता बैग, लक्ष्मण बैग, बंधन बार, थालपोश आदि को भी सराहा। उन्होंने कहा कि ये पहलें पर्यावरण संरक्षण के साथ महिलाओं और बच्चों में रचनात्मकता तथा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती हैं।

कार्यक्रम में डॉ. शोभा विजेंद्र ने बताया कि सम्पूर्णा कौशल -आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के अपने मिशन को निरंतर आगे बढ़ा रहा है।



**समाज कल्याण मंत्री व उप महापौर बेगमपुर में स्वच्छता और विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए।**

# विकास कार्यों का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** समाज कल्याण मंत्री एवं उत्तर पश्चिमी दिल्ली के प्रभारी रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने उप महापौर एवं स्थानीय पार्षद जय भगवान यादव के साथ वार्ड-27 बेग. मपुर में सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्र में पानी की लाइनों और सीवर लाइन नेटवर्क का विस्तार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बेगमपुर में सड़क, सीवर, नालों, पुलिया और समुदाय भवन के अधूरे कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द पूरे करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पिछली सरकार के समय हुए कार्यों में अनियमितताएँ स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि या तो कई कार्य किए ही नहीं गए, और जो काम हुए, उनमें भ्रष्टाचार की गहरी परतें सामने आ रही हैं।

उन्होंने कहा कि इस भ्रष्टाचार के गड्ढे को भरने और जनता को राहत देने के लिए आज संबंधित अधिकारियों के साथ पूरे क्षेत्र का दौरा किया गया है। समाज कल्याण मंत्री ने डीएसआईआईडीसी को बाँके बिहारी रोड पर अधूरे पड़े सड़क एवं नाले के निर्माण कार्य को तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी को मुख्य मार्ग पर स्थित नाले का लंबित कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग को शमसान रोड पर पुलिया निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए।बेगमपुर स्थित सामुदायिक भवन में लंबित बिजली कनेक्शन का कार्य तुरंत पूरा कर स्थानीय लोगों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भी कहा।बरवाला रोड पर चल रहे सड़क और सीवर के कार्यों का निरीक्षण करते हुए मंत्री ने संबंधित विभागों को इन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी एजेंसियाँ निर्धारित समय-सीमा में अपने-अपने कार्य पूरे करें, ताकि जनता को जल्द से जल्द राहत मिल सके।कैबिनेट मंत्री रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि जनहित सर्वोपरि है और माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी के स्पष्ट निर्देश हैं कि सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर वार्डों और विधानसभाओं की समस्याओं का समाधान निर्धारित अवधि में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता विकास और जनता को सुविधाएँ प्रदान करना है और विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की लगातार समीक्षा की जा रही है।

## हंदूराव अस्पताल ने मनाया 75वां स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के अंतर्गत आने वाला हिंदूराव अस्पताल दिल्ली का सबसे पुराना और प्रतिष्ठित स्वास्थ्य संस्थान के 75वें स्थापना दिवस और वार्षिक दिवस 2025 के उपलक्ष में एक समारोह का आयोजन किया गया। पिछले सात दशकों में अस्पताल ने लगातार जनता, विशेषकर गरीब एवं वंचित वर्ग को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। इस मौके कर मेयर सरदार राजा इकबाल,अध्यक्ष स्थायी समिति सत्या शर्मा, निगम आयुक्त अश्विनी कुमार, अतिरिक्त आयुक्त पंकज नरेश अग्रवाल, चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. आनंद प्रकाश नारनौलिया, निद. ेशक अस्पताल प्रशासन, डॉ. राजेश के. बंसल सहित हिंदूराव अस्पताल के डॉक्टर्स और स्टॉफ मौजूद थे।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दिल्ली के मेयर, सरदार राजा इकबाल सिंह ने अस्पताल के 75 वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हिंदूराव अस्पताल ने हमेशा जरूरतमंद नागरिकों को सहानुभूति, देखभाल और समर्पण के साथ उपचार प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि आर्थिक चुनौतियों के बावजूद हिंदूराव अस्पताल के डॉक्टर, नर्सें और पैरामेडिकल स्टाफ जिस निष्ठा और समर्पण के साथ सेवाएँ दे रहे हैं।

# इंडो-हंगेरियन कल्चरल कार्निवल का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बरनाली, जो बर्नी-लई के रहने के नाम से उपजा है, 'विविध संस्कृतियों की फैशन शैलियों और स्वादों' की एक प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति बन जाता है। इस प्रदर्शनी में, भारतीय और हंगे. रियन शिल्प पद्धतियाँ तथा खाद्य परंपरा और रंग-संतुलन के संदर्भ में कलात्मक रचनात्मकता मुख्य आकर्षण होगी।



नई दिल्ली स्थित नेशनल हैंडलूम म्यूजियम और हस्तकला परिषद् तथा वेस्टर्नहंगरी हैंडलूम कल्चरल सेंटर दिल्ली संयुक्त रूप से ष्बरनाली: इंडो-हंगेरियन कल्चरल कार्निवलष को प्रस्तुत कर रहे हैं। इस प्रदर्शनी में राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और महाराष्ट्र के भारतीय संग्रह के साथ-साथ गोरे के न्यू डाईग वीवा. ेग्राम का हंगेरियन संग्रह भी दिखाया जा रहा है। हंगेरियन संग्रह को मेजेइ क्यूवेडी अकैडमिया (हंगेरियन एकेडमी ऑफ आर्ट्स) द्वारा सहयोग प्रदान किया गया है।

## कोर्ट के आदेश के बाद हत्यारोपी पति सहित छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ग्राम मेवा नवादा की मौजूदा प्रधान रहील परवीन की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। मृतका के मायके पक्ष ने पति इरशात अली सहित छह लोगों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाते हुए स्योहारा पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया था। परिजनों द्वारा दायर प्रार्थना पत्र पर सीजेएम बिजनौर के आदेश के बाद अब स्योहारा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। महरूमुद्दीन पुत्र बजरूद्दीन निवासी ग्राम ढाकी थाना शिवालाकला ने प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी बहन रहील परवीन की शादी इरशात अली से हुई थी। आरोप है कि इशरत का एक अन्य महिला से अवैध संबंध था, जिसके चलते वह रहील परवीन को प्रताड़ित करता था। कई बार रहील ने फोन पर बहनों को बताया था कि पति और ससुराल पक्ष उसे मारने की धमकी देते हैं। परि. जनों के अनुसार 19 अगस्त 2025 की शाम इरशात अली ने अपने साथियों हारुन दानिश, राशिद, पुप्पेन्द्र और वहाजुद्दीन सभी निवासी ग्राम मेवा नवादा थाना स्योहारा को घर बुलाकर रहील परवीन की हत्या की योजना बनाई थी।

# हाई-प्रोफाइल स्नेचिंग मामले में भगोड़ा पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने महिला से जुड़े हाई-प्रोफाइल स्नैचिंग मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है। आरा. ेपी अमन विहार थाने का बीसी है और पहले 68 मामलों में शामिल रहा है।

**महिला से जुड़े हाई-प्रोफाइल स्नैचिंग मामले में वांछित गिरफ्तार**

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) हर्ष इंदौरा ने बताया कि कैलिफोर्निया की रहने वाली एक महिला जो अपने पति के साथ दिल्ली आई थी,की शिकायत पर करोल बाग, थाने में केस दर्ज किया गया।

05.अप्रैल को सुबह करीब 11:50 बजे, पदम सिंह रोड पर एटीएम से पैसे निकालने के बाद, एक काली स्कूटी पर सवार दो अनजान लड़कों ने उसकी सोने की चेन (लगभग 15 ग्राम) छीन ली थी। उसने शोर मचाया, लेकिन वे भाग गए। जांच के दौरान, सह-आरोपी राहुल (ड्राइवर) को गिरफ्तार कर लिया गया और स्कूटी और सोने की चेन बरामद कर ली गई। हालांकि, उसका साथी तरुण उर्फ घ्घ्गादम वाला घटना के बाद से फरार था। इसके बाद से आरोपी तरुण की तलाश जारी थी।

इसी बीच हेड कांस्टेबल सुनील को एक गुप्त सूचना मिली कि कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित तरुण उर्फ घ्घ्गादम वाला अमन विहार में कही छुपा हुआ है। इस सूचना पर एसीपी सतेंद्र मोहन की देखरेख में इंस्पेक्टर महिपाल के नेतृत्व में टीम ने अपना जाल बिछाकर आरोपी तरुण को अमन विहार से पकड़ लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी और फरार तरुण / गादम वाला ने माना कि वह पीछे बैठा था और उसने सोने की चेन छीनी थी, जबकि सह-आरोपी राहुल ने स्कूटी चुराई थी और क्राइम की प्लानिंग की थी। घटना के बाद, सोने की चेन बेच दी गई और उसे अपने हिस्से के तौर पर 6,000/- रुपये मिले।

उसने आगे बताया कि वह ड्रग एडिक्ट है, और उसने पैसे के लिए क्राइम किया।पुलिस ने बताया कि आरोपी अमन विहार थाने का बीसी है और पहले 68 मामलो में शामिल रहा है जिनमें मुख्य रूप से चोरी और स्नैचिंग शामिल हैं, साथ ही कुछ मामले रॉबरी, सेंधमारी और आर्म्स एक्ट के भी हैं। वह अभी अंडे बेचने और ढोल बजाने का काम करता है।

**उत्तर रेलवे**

**केस नं. 752-ई/सीएमपी/एन आर सी एच/25**
**संविदा चिकित्सक (सीएमपी) की नियुक्ति**

उत्तर रेलवे, केन्द्रीय चिकित्सालय, बसंत लेन, नई दिल्ली में आपातकालीन (कैसुअल्टी) और स्वास्थ्य केंद्र मे संविदा चिकित्सक (सीएमपी) के तीन पदों (01 Ortho Specialist + 01 General Medicine Specialist+ 01 GDMO) के लिए नियुक्ति हेतू योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। तात्कालिक साक्षात्कार दिनांक 09.12.2025 को आयोजित किया जायेगा। रिक्तियों कि स्थिति, नियम एवम शर्तें, आवेदन पत्र का प्रारूप के साथ विरतृत विज्ञापन उत्तर रेलवे कि वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in.** पर उपलब्ध है।

**चिकित्सा निदेशक,**
**उत्तर रेलवे केन्द्रीय चिकित्सालय, नई दिल्ली**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3698/25

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्वय, मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए **e-निविदाएं** आमन्त्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| 1. | **कार्य का नाम : 12(A)** HNZM-PTNR-ANDI सेक्शन में 'C' रूट में RDSO के टैकिकल स्पेसिफिकेशन के अनुसार 38 ट्रैक बेस्ड रेल गेज फेस लुब्रिकेटर (1Km के लिए इलेक्ट्रॉनिक टाइप) पूरे सिस्टम की सप्लाई, इंस्टॉलेशन, कमीशनिंग और ऑपरेशन (5 साल के लिए)।<br>**12(B)** GD और GQ 'A' रूट (NDLS-GZB-CPYZ और NDLS-PWL सेक्शन) में RDSO के टैक्निकल स्पेसिफिकेशन के अनुसार 36 ट्रैक बेस्ड रेल गेज फेस लुब्रिकेटर (1Km के लिए इलेक्ट्रॉनिक टाइप) पूरे सिस्टम की सप्लाई, इंस्टॉलेशन, कमीशनिंग और ऑपरेशन (5 साल के लिए)। |
| 2. | **अनुमानित लागत : 12(A)** रु. 3,31,20,590.62, **12(B)** रु. 3,13,77,401.64 |
| 3. | **धरोहर राशि : 12(A)** रु. 3,15,600/-, **12(B)** रु. 3,06,900/- |
| 4. | **समापन अवधि : 12(A)** 60-माह, **12(B)** 60-माह |
| 5. | **निविदा खुलने की तिथि : 12(A)** 19.12.2025, **12(B)** 19.12.2025 |

**सूचनाः** निविदा रेलवे की वैबसाइट **'www.ireps.gov.in'** पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर **19.12.2025, 15.00 बजे** तक ही भरी जायेगी।

**सं.: 128-डब्ल्यु/व.मं.अधि./सं/निविदा-12-A-B-25-26-डब्ल्यु सी दिनांक: 27.11.2025 3687/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**नई रेल सेवा की शुरूआत**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा दिनांक 01.12.2025 से शकूरबस्ती एवं जैसलमेर स्टेशनों के बीच एक नई सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ी सेवा संख्या 12249/12250 (प्रतिदिन) की सेवा का शुभारम्भ किया जायेगा। इस रेलगाड़ी की समय-सारणी एवं ठहराव निम्नानुसार होंगेः-

**12249/12250 शकूर बस्ती-जैसलमेर-शकूर बस्ती सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन)**

| रेलगाड़ी सं. 12249 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 12250 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ... | 17:10 | शकूरबस्ती | 09:30 | ... |
| 17:54 | 17:56 | दिल्ली कैंट | 08:35 | 08:37 |
| 18:11 | 18:13 | गुड़गाँव | 08:18 | 08:20 |
| 19:05 | 19:07 | रेवाड़ी | 07:28 | 07:30 |
| 20:06 | 20:09 | अलवर | 05:29 | 05:32 |
| 21:10 | 21:12 | दौसा | 04:14 | 04:16 |
| 22:30 | 22:40 | जयपुर | 03:20 | 03:30 |
| 23:33 | 23:35 | फुलेरा | 02:25 | 02:27 |
| 00:13 | 00:15 | नावा सिटी | 01:32 | 01:34 |
| 00:29 | 00:31 | कुचामन सिटी | 01:16 | 01:18 |
| 00:44 | 00:47 | मकराना | 00:51 | 00:54 |
| 01:17 | 01:20 | डेगाना | 00:18 | 00:21 |
| 01:49 | 01:54 | मेड़ता रोड | 23:42 | 23:47 |
| 03:40 | 04:00 | जोधपुर | 21:50 | 22:20 |
| 05:01 | 05:03 | ओसियां | 20:14 | 20:16 |
| 05:37 | 05:39 | मारवाड़ लोहावट | 19:41 | 19:43 |
| 06:12 | 06:17 | फलोदी | 19:05 | 19:10 |
| 07:01 | 07:04 | रामदेवरा | 18:18 | 18:21 |
| 07:16 | 07:18 | आशापुरा गोमट | 18:08 | 18:10 |
| 09:00 | ... | जैसलमेर | ... | 17:00 |

**चलने के दिन : 12249 शकूर बस्ती से** दिनांक 01.12.2025 से (प्रतिदिन) और **12250 जैसलमेर से** दिनांक 02.12.2025 से (प्रतिदिन)।
**स्थान :** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
3696/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

# शव का चेहरा दिखाए बिना श्मशान घाट में नहीं होगी एंट्री

## अंतिम संस्कार प्रक्रिया में लागू हो रही नई व्यवस्था, नगर पालिका सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ नगरी बृजघाट में हाल ही में सामने आए फर्जी अंतिम संस्कार साजिश मामले के बाद अब नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर पूरी तरह से सख्त हो गई है। बीमा क्लेम प्राप्त करने के लिए शव की जगह प्लास्टिक का पुतला जलाने के प्रयास से प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर उठे गंभीर सवालों के बाद पालिका ने श्मशान घाट की सुरक्षा, पारदर्शिता और निगरानी सिस्टम को मजबूत करने के लिए तत्काल नई व्यवस्था लागू कर दी है।

पालिका के अधिशासी अधिकारियों के निर्देश पर अब श्मशान घाट में प्रवेश से पहले मृतक का चेहरा दिखाना अनिवार्य होगा। इसके तहत नगर पालिका के कर्मचारी हर अंतिम संस्कार से पहले मृतक का आधार कार्ड, चेहरा और पहचान दस्तावेज़ों का मिलान कर रहे हैं, ताकि भविष्य में किसी भी तरह की धोखाधड़ी, फर्जी दावे और साजिश को समय रहते रोका जा सके। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि श्मशान घाट जनभावनाओं और आस्था का स्थल है, इसकी गरिमा को बनाए रखना और अंतिम संस्कार प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना हमारी जिम्मेदारी है। इसी जिम्मेदारी के तहत अब श्मशान घाट पर पहचान सत्यापन की प्रक्रिया को अनिवार्य कानूनी और प्रशासनिक सुरक्षा मानक का हिस्सा बनाया जा रहा है। जिसमे अब बिना मृतक का



चेहरा दिखाए श्मशान घाट में प्रवेश नहीं मिलेगा। पालिका कर्मचारी आधार कार्ड और पहचान का सत्यापन कर रहे हैं।

चेहरा, नाम, और दस्तावेज़ पहचान का मिलान मौके पर ही किया जा रहा। मृतक का चेहरा देखे बिना मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं होगा। जिससे नए नियम से अब जांच के बिना बीमा क्लेम की साजिश पर पूरी तरह रोक लगेगी। वही सुरक्षा के लिए श्मशान घाट पर अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती और निगरानी बढ़ाई गई। अंतिम संस्कार क्षेत्र में आने वाले लोगों से भी सहयोग की भी अपील की गई। इस पूरे मामले में गढ़मुक्तेश्वर पुलिस भी सक्रिय हो गई है। कोतवाली प्रभारी मनोज बालियान ने बताया कि नगर पालिका द्वारा सुरक्षा बढ़ाना अत्यंत सराहनीय कदम है, और पुलिस स्तर से भी अब अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील मामलों में हर सूचना और गतिविधि पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। संदिग्ध गतिविधि मिलने पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पालिका ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह व्यवस्था किसी भी व्यक्ति, वर्ग या परिवार को परेशान करने के लिए नहीं, बल्कि सिस्टम में पारदर्शिता, धोखाधड़ी रोकने और अंतिम संस्कार की गरिमा बचाने के लिए लागू की गई है। नगर पालिका परिषद ने अंतिम संस्कार में आने वाले सभी नागरिकों से सत्यापन प्रक्रिया में पूरा सहयोग देने की अपील की है, ताकि भविष्य में ऐसी धोखाधड़ी की घटनाओं को पूरी तरह रोका जा सके और श्मशान घाट की गरिमा व पारदर्शिता बनी रहे।

# बस-कार की भिड़ंत में 5 लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हाफिजपुर थाना क्षेत्र के चितौली अंडरपास के पास गुरुवार रात करीब 8 बजे तेज रफ्तार रोडवेज बस और कार की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक अजीजुर्रहमान समेत पांच लोग घायल हो गए। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क के बीच बने डिवाइडर से जा टकराई और वहीं बुरी तरह फंस गई।

घटना के समय आसपास मौजूद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत मदद करते हुए कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की सहायता से इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों के अनुसार, घायलों को चोटें आई हैं, लेकिन सभी की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, कार अमरोहा से गाजियाबाद की ओर जा रही थी। जैसे ही कार चितौली अंडरपास पहुंची, तभी



पीछे से तेज गति में आ रही रोडवेज बस ने ओवरटेक करने की कोशिश में कार को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बस चालक बस को तेज रफ्तार में चला रहा था और अचानक नियंत्रण खो बैठा, जिसके चलते दुर्घटना हुई। सूचना मिलते ही हाफिजपुर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि हादसे में घायल हुए सभी लोग कार सवार थे और मामले की जांच पड़ताल जारी है। पुलिस बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का केस दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

# जीएस यूनिवर्सिटी परिसर में सर्ज खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जीएस यूनिवर्सिटी द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले बहुप्रतीक्षित खेल महोत्सव का विश्वविद्यालय परिसर में अत्यंत जोश, गरिमा और खेल भावना के साथ भव्य शुभारंभ किया गया। पिछले वर्ष इस आयोजन को मिली शानदार सफलता के बाद इस वर्ष भी विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रतिभा, टीम स्पिरिट और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह महोत्सव बड़े स्तर पर आयोजित किया जा रहा है।

महोत्सव का शुभारंभ सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शशि शर्मा, सीईओ डा. नेहा शर्मा, प्रो वाइस चांसलर डा. रूपाली शर्मा और कुलपति प्रो. डा. यतीश अग्रवाल द्वारा फीता काटकर किया गया। खेल



समिति के अध्यक्ष डा. कुलदीप गोगिया ने बताया कि सर्ज के अंतर्गत सभी खेल प्रतियोगिताएँ 4 दिसंबर तक संचालित होंगी। इसी दिन फाइनल मुकाबले, विजेताओं की घोषणा और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों की भारी भागीदारी की संभावना जताई जा रही है। इस खेल महोत्सव में विश्वविद्यालय के सभी प्रमुख घटक महाविद्यालयों जीएस मेडिकल कालेज, जीएस नर्सिंग कालेज, जीएस फार्मेसी कालेज, विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी और स्टाफ सदस्य बड़ी संख्या में हिस्सा ले रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि सर्ज 2025 केवल खेल प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन, निर्णय क्षमता, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और टीम भावना विकसित करने का एक सशक्त मंच भी है।

शुभारंभ समारोह में विश्वविद्यालय के डीन डा. प्रदीप गर्ग, एमएस सुरेन्द्र कुमार, उपनिदेशक मनोज शिशोदिया, अंकित विज, एसएन सिंह, रजिस्ट्रार सुमित सिंह, डा. नीरज यादव सहित सांस्कृतिक और खेल समिति के सभी वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने युवाओं की खेल प्रतिभा और ऊर्जा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें खेल भावना और निष्ठा के साथ भाग लेने की प्रेरणा दी।

# जिले में नहीं थम रहा वायु प्रदूषण, शहरवासियों की बढ़ी मुश्किलें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में वायु प्रदूषण लगातार गंभीर होता जा रहा है। मौसम में बढ़ती धूल, वाहनों से निकलने वाला धुआं और निर्माण कार्यों के चलते हवा की गुणवत्ता दिन-प्रतिदिन खराब हो रही है। प्रदूषण के बढ़ते स्तर ने आम जनजीवन पर सीधा असर डालना शुरू कर दिया है। शहर की प्रमुख सड़कों, तिराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में धूल के गुबार से यात्री व स्थानीय निवासी खासे परेशान हैं।

प्रदूषित हवा के कारण सड़कों पर सफर करने वाले यात्रियों को आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गों



और बच्चों को हो रही है। सुबह के समय शहर में स्मॉग जैसा वातावरण बन जाता है, जिससे दृश्यता भी प्रभावित हो रही है और सड़क हादसों की आशंका बढ़ जाती है।

वायु प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए नगर पालिका परिषद सक्रिय हो गई है। पालिका द्वारा शहर की प्रमुख सड़कों पर प्रतिदिन पानी के कैंटर और टैंकरों से छिड़काव कराया जा रहा है, ताकि हवा में उड़ने वाली धूल को कम किया जा सके और यात्रियों को राहत मिल सके। खास तौर पर दिल्ली-लखनऊ हाइवे से जुड़ने वाली सड़कों, रेलवे रोड, गढ़ रोड, बुलंदशहर रोड, तगासराय, तहसील चौपला जैसे क्षेत्रों में पानी का छिड़काव किया जा रहा है। नगर पालिका के अधिकारियों ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण कोई एक दिन का कार्य नहीं है, यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। इसलिए जनता का सहयोग जरूरी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि लंबे समय तक प्रदूषित हवा में रहना फेफड़ों और श्वसन तंत्र को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में जरूरी है कि लोग भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्क का प्रयोग करें और अनावश्यक बाहर निकलने से बचें, खासकर सुबह और शाम के समय जब प्रदूषण का स्तर सबसे अधिक होता है। नगर पालिका द्वारा किये जा रहे प्रयासों से सड़क की धूल में अस्थायी कमी देखी जा रही है, लेकिन जिले की वायु गुणवत्ता में व्यापक सुधार अभी भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। प्रदूषण से राहत पाने के लिए प्रशासन और जनता-दोनों को मिलकर लंबे समय तक समन्वित प्रयास करने होंगे, ताकि स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# अवैध साप्ताहिक बाजार हटवाने को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित रामलीला मैदान में अवैध रूप से लगाए जा रहे साप्ताहिक बाजार को बंद कराने की मांग तेज़ हो गई है। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर- 2 की सभासद उर्मिला पत्नी अशोक कुमार मुर्गे वाले के नेतृत्व में क्षेत्र के सैकड़ों महिला-पुरुष और स्थानीय नागरिक जिला मुख्यालय पहुँचे और मेरठ मंडलायुक्त को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा।

ज्ञापन में सभासद उर्मिला और क्षेत्रीय निवासियों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि रामलीला समिति द्वारा सार्वजनिक रामलीला मैदान में अवैध रूप से साप्ताहिक बाजार लगवाया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बाजार के कारण सड़कों पर अतिक्रमण और यातायात प्रभावित रहने से लोगों को भयावह असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। सबसे चिंताजनक स्थिति बिजली सुरक्षा को लेकर बताई गई है।

ज्ञापन में कहा गया कि मैदान के ऊपर से 11 हज़ार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है तथा मैदान परिसर के आसपास दो बड़े ट्रांसफार्मर भी लगे हुए हैं। ऐसे में अनियंत्रित भीड़ के बीच किसी भी समय बड़ा विद्युत हादसा हो सकता है। नागरिकों ने कहा कि अगर क्षेत्र में किसी घर में आग लग जाए या चिकित्सा आपातकाल हो, तो साप्ताहिक बाजार की अव्यवस्थित भीड़ के कारण दमकल, एम्बुलेंस और पुलिस सहायता समय पर नहीं पहुँच पाती, जिससे जनहानि का गंभीर खतरा बना रहता है। सभासद उर्मिला ने कहा कि यह मैदान सार्वजनिक उपयोग के लिए है, न कि निजी या व्यावसायिक आयोजन हेतु, इसलिए इसका अवैध इस्तेमाल नियम-कानून के विरुद्ध है।

उन्होंने मांग उठाई है कि अवैध साप्ताहिक बाजार को तुरंत हटवाया जाए। ज्ञापन में डीएम से तत्काल संज्ञान लेकर शीघ्र कार्रवाई की गुहार लगाई गई, जिससे भविष्य में किसी अप्रिय हादसे से क्षेत्र को बचाया जा सके और आम जनता को राहत मिल सके। इस दौरान क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की और चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो जनता बड़े आंदोलन को बाध्य होगी।

# महिला से बैग लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार, सामान व हथियार बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली पुलिस ने महिला से बैग लूटने की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को बृहस्पतिवार देर रात नगर पालिका के गेट नंबर-3 के पास से उस वक्त दबोचा, जब वे लूट के चांदी के सामान को बेचने की फिराक में खड़े थे। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने लूटा हुआ चांदी का सामान, एक तमंचा, जिंदा कारतूस और बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद की है।

पुलिस जांच के मुताबिक लूट की घटना 24 नवंबर 2025 की सुबह करीब 6:15 बजे की है। दोनों आरोपी बाइक पर सवार होकर बुलंदशहर रोड से कोठी गेट होते हुए कसेरठ बाजार पहुंचे, जहां पूजा करके घर लौट रही एक महिला को अपना निशाना बनाया और झपटा मारकर उसका बैग छीन लिया। पीड़िता के बैग में 500 रुपये नकद, एक चांदी की प्लेट, कटोरदान, चांदी की पायल की एक जोड़ी, बिछुआ और एक ब्रेसलेट रखा था। बदमाशों ने लूट के बाद फरार होकर नकद रकम को खाने-पीने में खर्च कर दिया, जबकि चांदी का सामान बेचने की योजना बना ली। पुलिस ने गुप्त सूचना पर नगर पालिका गेट के पास घेराबंदी की और दोनों को धर-दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने लूट की वारदात को कबूल कर लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान हिमांशु निवासी मोहल्ला तगासराय और हर्षित उर्फ गुरु निवासी मोहल्ला नबी करीम के रूप में हुई है। दोनों बदमाश पहले भी संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पाए गए हैं, जिसकी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। तलाशी में तमंचा, कारतूस और चांदी का सामान मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से कोर्ट के आदेश पर दोनों को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने पीड़ित महिला का चांदी का सामान बरामद होने पर जल्द उसे सौंपने की बात कही है और बाइक के संबंध में भी जांच शुरू कर दी है कि इसका इस्तेमाल पूर्व में किन वारदातों में किया गया है।

# नईम चौधरी बने भाकियू भानु के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** भाकियू भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने संगठन विस्तार की प्रक्रिया के तहत गढ़ क्षेत्र के गांव बदरखा निवासी नईम चौधरी को संगठन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति का पत्र जारी होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

भानु प्रताप सिंह ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने तथा संगठन की विचारधारा को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में नईम चौधरी की सक्रिय भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने आशा जताई कि नईम चौधरी अपने अनुभव, सरल व्यवहार और संघर्षशील छवि के माध्यम से किसानों की आवाज़ को मजबूती से उठाएंगे। नईम चौधरी ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। क्षेत्र के किसान नेताओं और ग्रामीणों ने नईम चौधरी की नियुक्ति पर बधाई देते हुए कहा कि उनके राष्ट्रीय पद पर पहुंचने से गढ़ क्षेत्र के किसानों की आवाज़ और अधिक बुलंद होगी।



# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में शकुंतलम भारत थीम पर वार्षिक उत्सव संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में विद्यालय के दूसरे वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन अत्यंत भव्य और प्रेरणादायक वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की थीम शकुंतलम भारत रही, जिसका उद्देश्य आधुनिक शिक्षा प्रणाली के साथ भारत की सांस्कृतिक-पौराणिक विरासत और मूल्यों का संगम प्रस्तुत करना था। इस ऐतिहासिक और यादगार आयोजन में 900 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास ने पूरे सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण जगद्गुरु महामंडलेश्वर प्रेमानंद महाराज रहे, जिन्होंने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित कर उत्सव




का शुभारंभ किया। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक गरिमा और भावनात्मक ऊर्जा प्रदान की। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. निधि मलिक ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के छह वर्षों के गौरवशाली सफर का उल्लेख किया। विद्यालय के चेयरमैन राकेश सिंघल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों और अभिभावकों का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया। इसी क्रम में मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल और सेक्रेटरी डा. रोहन सिंघल ने अभिभावकों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जेएमएस परिवार अभिभावकों के अटूट विश्वास और निरंतर सहयोग के लिए उनका सदैव ऋणी रहेगा। कार्यक्रम में शकुंतलम नाटक की प्रस्तुति इतनी भावपूर्ण और जीवंत थी कि हर दर्शक की आँखें नम हो उठीं। स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी प्रतिभागी छात्रों को सम्मानित और पुरस्कृत किया गया, साथ ही शिक्षकों की मेहनत को भी विशेष रूप से सराहा गया। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह मात्र वार्षिक उत्सव नहीं था, बल्कि छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग से गढ़ी गई सफलता की एक सांस्कृतिक कहानी थी।

# एसपी की जनप्रतिनिधियों संग बैठक, जनसमस्या समाधान पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को पुलिस कार्यालय के सभागार में ज़िलें के जनप्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनता से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान, अपराधों पर अंकुश, जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना रहा।

गोष्ठी में विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, सभासद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं व सुझावों को एसपी के समक्ष रखा। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा कि जिले की सुरक्षा और जनता की सेवा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनप्रतिनिधि जनता और प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण सेतु हैं, इसलिए पुलिस व जनप्रतिनिधियों के बीच निरंतर संवाद जरूरी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्रीय जनसमस्याओं का निस्तारण तुरंत किया जाएगा। एसपी ने बताया कि ज़िलें में अपराधों में कमी लाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार ऑपरेशन तलाश, ऑपरेशन कन्विक्शन, ऑपरेशन त्रिनेत्र, जैसे कार्यक्रम सक्रिय रूप से चलाए जा रहे हैं। बैठक के दौरान शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात जाम की समस्या, स्कूल-कालेज के बाहर सुरक्षा, धार्मिक स्थलों पर पुलिस व्यवस्था, आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण संपन्न कराने सहित संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने पर भी रणनीति बनाई गई।




गोष्ठी में शामिल जनप्रतिनिधियों ने एसपी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि हापुड़ पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। गोष्ठी के समापन पर एसपी ने सभी थाना प्रभारियों व संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिए है कि जनता से मधुर एवं संवेदनशील व्यवहार करें। कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें। अवैध व असामाजिक गतिविधियों पर ज़ीरो टॉलरेंस नीति अपनाएं।

# कई राज्यों में बीएलओ पर दबाव, दो की मौत के बाद भी सरकार मौन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने निर्वाचन आयोग द्वारा गठित SIR कार्यों को लेकर बूथ लेवल ऑफिसर पर बढ़ते दबाव के खिलाफ गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के विभिन्न जिलों में बीएलओ को उनके नियमित कार्यों के अलावा एसआईआर कार्यों की जिम्मेदारी भी दी जा रही है, जिससे उन पर कार्य का असामान्य और मनोवैज्ञानिक दबाव बढ़ गया है। इसके परिणाम अब बेहद भयावह रूप में सामने आने लगे हैं। पंडित गोपाल शर्मा ने जारी बयान में कहा कि जनपद गोंडा के बूथ लेवल अधिकारी विपिन यादव और जनपद फतेहपुर के अधिकारी सुधीर कुमार ने एसआईआर कार्य के अतिरिक्त दबाव और उत्पीड़न से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। यह घटना प्रशासन और सरकार के लिए गंभीर चेतावनी है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि केंद्र और राज्य सरकारें अभी तक इस मसले पर पूरी तरह खामोश हैं।

पार्टी के यूपी प्रदेश कानूनी सलाहकार पंडित नरेश चंद शर्मा एडवोकेट ने इस मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा 21 बीएलओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने को अनुचित, असंवैधानिक और कर्मचारी हितों के विरुद्ध बताया। उन्होंने कहा कि बीएलओ चुनाव आयोग के कार्यों को निष्ठा से निभा रहे हैं, बावजूद इसके अधिकारियों के दबाव और एसआईआर समीक्षा में मामूली त्रुटि को लेकर पुलिस में मुकदमा दर्ज कराना केवल झूठी कार्रवाई है। पंडित गोपाल शर्मा ने बताया कि यह समस्याएं केवल उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं हैं। कई स्थानों पर उन्हें आधार कार्ड संशोधन, वोटर कार्ड सुधार, सर्वे रिपोर्ट अपलोड, घर-घर सत्यापन जैसे कार्य एक साथ करने को दिए जा रहे हैं। कार्य न पूरा होने पर अधिकारी धमकी, नोटिस और एफआईआर तक का दबाव बना रहे हैं। पंडित गोपाल ने सरकारों पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस मुद्दे को नजरअंदाज करना आने वाले समय में और भी बीएलओ के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। यदि सरकार जल्द कदम नहीं उठाती, तो पार्टी बीएलओ के सम्मान और सुरक्षा के लिए राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करने को मजबूर होगी। उन पर काम का बोझ बढ़ाकर, कार्रवाई की तलवार लटकाकर और उनकी बातों की अनदेखी करना लोकतंत्र के लिए भी घातक है। सरकारों को अब जागना होगा।

## एक नजर

### लाइट पोल से बैटरा चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में अपराध नियंत्रण और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए हापुड़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बहादुरगढ़ पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने गांव जखेड़ा-रहमतपुर में लाइट पोल से बैटरा चोरी करने की घटना का तेज़ी और सतर्कता के साथ खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से चोरी किया गया बैटरा बरामद कर लिया है।

बहादुरगढ़ थाना प्रभारी धीरज मलिक ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि बीते दिनों गांव जखेड़ा स्थित लाइट पोल से बैटरा चोरी की घटना सामने आई थी, जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने तकनीकी और स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से आरोपी की पहचान सुनिश्चित की और लगातार उसकी तलाश में दबिश अभियान तेज़ कर दिया। पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी अंशुल पुत्र पप्पू सिंह, निवासी ग्राम जखेड़ा रहमतपुर थाना बहादुरगढ़, जनपद हापुड़ को ठेरा-जखेड़ा रोड पर बने एक ट्यूबवेल के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस की तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी का बैटरा बरामद किया गया, जिसकी पुष्टि ग्रामीण लाइट पोल से चोरी हुए बैटरा के रूप में हुई है। थाना प्रभारी धीरज मलिक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद को अपराध मुक्त बनाना और असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि उक्त गिरफ्तारी से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में लिप्त अन्य अपराधियों में भी डर का माहौल बनेगा और ग्रामीणों का पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत होगा। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है और उससे पूछताछ कर चोरी से जुड़े अन्य संभावित पहलुओं और उसके साथ जुड़े नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में भी जुटी है कि आरोपी ने इससे पूर्व किसी और चोरी की घटना को अंजाम दिया है या नहीं।

### एयरगन के साथ फोटो लेकर सोशल मीडिया पर वायरल करना पड़ा भारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश चंद ने बताया कि क्षेत्र के गांव वैट निवासी सारिक के द्वारा सोशल मीडिया पर एयरगन के साथ वीड़ियो वायरल किया था। उस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन एयरगन बरामद नहीं हो सकी थी। पुलिस ने अब आरोपी से उसके पास से एयरगन को बरामद कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### खुले आसमान के नीचे सर्दी में सोने से वृद्ध की हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बृजघाट गंगा नगरी में बुजुर्ग का शव पड़ा हुआ मिला। उसकी मौत खुले आसमान के नीचे सोने से होना प्रतीत हो रहा है। इसको लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रही है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शुक्रवार की सुबह गंगा नगरी में लोग अपनी दुकान खोलने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान गंगा नगरी में एक बुजुर्ग का शव पड़ा हुआ देख वह दंग रह गए। मृतक का शरीर अकड़ा हुआ था। इसको लेकर विडियो बनाकर लोगों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। लोगो का कहना है कि बुजुर्ग की खुले आसमान के नीचे सोने से मौत हो गई है। लोगो का कहना है कि बुजुर्ग भीख मांगकर अपना गुजर बसर करता था। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। एसडीएम श्रीराम सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। रात को जो भी खुले आसमान के नीचे सोता है उसको रेन बसेरे में व्यवस्था कराई जाएगी।

# 5.6 करोड़ की ठगी में दो गिरफ्तार

## 65.27 लाख खाते में आए थे, निवेश का दिया था झांसा, खातों को किया गया फ्रीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा शेयर मार्केट में निवेश कर लाभ कमाने का झांसा देकर 5.6 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले दो ठगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से साइबर अपराध में शामिल 02 मोबाइल फोन बरामद किए गए। इनके नाम साहब सिंह और नीरज हुई है। साइबर पुलिस ने बताया कि 30 अक्टूबर को सेक्टर-50 निवासी एक महिला ने शिकायत दी कि उसे एक वॉट्सऐप ग्रुप जोड़कर शेयर मार्केट में निवेश का झांसा दिया।



ठगों ने पहले महिला को मुनाफा दिखाया और पैसे रिटर्न किए। विश्वास में लेने के बाद महिला ने ठगों के बताए खाते में पैसा ट्रांसफर करना शुरू किया। महिला ने 5.6 करोड़ अलग-अलग खातों में ट्रांसफर किए। जब पैसे निकालने के लिए कहा तो महिला को ग्रुप से बाहर कर दिया। साइबर सेल ने बैंक खातों को फ्रीज कराया। जिसमें साहब सिंह के खाते में 65 लाख 27 हजार 404 रुपए आए थे। 'एनसीआरपी पोर्टल' उक्त बैंक खाते के खिलाफ 22 शिकायतें दर्ज है।

साहब सिंह ने ये पैसा निकाल. कर अपने मेरठ निवासी साथी नीरज को सौंपा। इस काम के लिए उसे कमीशन मिला। बताया गया कि उसका साथी नीरज, चालू बैंक खातों को अपने एक अन्य साथी चरणजीत को उपलब्ध कराया था। जिसके बताए अनुसार सभी लोग यह कार्य करते थे और धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि इन्हीं खातों में आती थी। इस अवैध गतिविधि में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को उसके अनुसार अपना-अपना कमीशन मिलता था।

## ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे का कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूरा

**नोएडा।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से फरीदाबाद तक बनने वाले ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे का कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूरा हो गया है। हवाई अड्डे के एंट्री प्वाइंट 32.44 किलोमीटर से 22 किलोमीटर प्वॉइंट तक एक्सप्रेस वे बनकर तैयार हो गया है। साथ ही फरीदाबाद में 3 किलोमीटर प्वॉइंट और नोएडा में 26 किलोमीटर प्वॉइंट पर टोल प्लाजा भी बनकर तैयार है। यमुना पर पुल का कार्य भी 80 प्रतिशत तक पूरा हो गया है। यमुना पर पुल 2026 जून तक पूरा हो जाएगा। एक्सप्रेसवे पर लंबे समय से रुका 8 किलोमीटर का एलिवेटेड रोड का कार्य भी शुरू हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के मुख्य महाप्रबंधक शफी मोहम्मद ने बताया कि छह लेन के ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का कार्य 2027 जून तक पूरा हो जाएगा।

# नोएडा के आठ पार्कों का होगा कायाकल्प

## सलाहकार कंपनी का किया जाएगा चयन, अंडरपास का तैयार किया जाएगा डिजाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लो. केश एम ने उद्यान विभाग के कार्यों की समीक्षा की । बैठक में वाईआरएफ, वेदवन पार्क, औषधि पार्क-91, बायोडायवर्सिटी पार्क, वेटलेंड सेक्टर-54 एवं वेटलेंड सेक्टर-91, डॉग पार्क, मेघदूतम पार्क सेक्टर-50 का दोबारा से कायाकल्प किया जाए। इसके लिए सलाहकार का चयन किया जाएगा।

प्राधिकरण सीईओ ने इसके लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट जारी करने के लिए कहा है। साथ ही बेहतर ट्रांसपोर्ट के लिए सिग्नेचर ब्रिज के नीचे अंडरपास डिजाइन करने का निर्देश दिए।

उन्होंने औषधि पार्क में पहले बनाई गई दुकानों को संचालित किए जाने के लिए कहा। वेदवन पार्क के आस-पास मार्ग का विकास एवं सौन्दर्यीकरण जैसे फुटपाथ का लेवलिंग, साफ-सफाई, मरम्मत आदि कार्य करायें जाने के निर्देश दिये गये। उद्यान विभाग के तीनों खंडों के अंतर्गत ऐसे स्थलों का चयन कर जहां कहीं पेड़ों के कारण अंधेरा रहता है उन स्थलों पर पेड़ों की गहन, तकनीकी छटाई का कार्य कराया जाए। तीनों खंडों के अंतर्गत सड़क पर रोटेरी व पूर्व में बनाये गये तिकोना का सौन्दर्यीकरण का कार्य कराकर म्यूरल्स/स्कल्पचर्स स्थापित किए जाए।

**खराब स्कल्चपर को हटाकर नया लगाया जाए:** सेक्टर-10 एवं 12 के चौराहे पर पूर्व में स्थापित खराब हो चुके स्कल्पचर को हटवा कर उसके स्थान पर नया स्कल्पचर स्थापित किया जाये। सेक्टर-38ए एवं सेक्टर-128 में बनाये जा रहे क्लॉक टावर के कार्य में प्रगति लाकर शीघ्र कार्य पूर्ण कराया जाए। महामाया फ्लाई ओवर के समीप एक्सप्रेस-वे पर 3डी स्कल्पचर (शेर की आकृति) को स्थापित किये जाने के लिए निर्देश दिए गए। डी-पार्क व सेक्टर-108 हरित पट्टिका में बनाये जा रहे तालाब का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराने के लिए कहा गया।

**अंडरपास का तैयार करे डिजाइन:** पर्थला सिग्नेचर ब्रिज के नीचे प्रस्तावित अंडरपास परियोजना का डिजाइन तैयार कराने के लिए उप महाप्रबनधक (सिविल) को निर्देशित किया गया। एडॉप्टेशन पर दिये गये उद्यानिकी क्षेत्रों की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही के लिए कहा गया। प्रगतिरत जैपनिज पार्क के विकास कार्यों के अंतर्गत पार्क के मुख्य द्वार को जैपनिज गेट-वे की तर्ज पर बनाये जाए।

# 35 हजार लोगों के लिए जल्द साफ होगा रजिस्ट्री का रास्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में मकान हजारों फ्लैट खरीदारों के लिए बड़ी खबर है। माना जा रहा है कि जल्ध्द ही उनके फ्लैट की रजिस्ट्री का रास्ता साफ हो जाएगा। नोएडा में करीब 35 हजार ऐसे फ्लैट खरीदार हैं, जिन्हें उनके मकान का पजेशन तो कई साल पहले मिल चुका है लेकिन आज तक उसकी रजिस्ट्री नहीं हुई है। इसकी वजह से उनके पास अपने ही मकान का मालि. काना हक नहीं रहा है। अब नोएडा प्राधिकरण ने इस दिशा में सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं और बिल्डरों पर मकान खरीदारों की रजिस्ष्ट्री कराने का दबाव बनाना शुरू कर दिया है।

नोएडा अथॉरिटी ने फ्लैट का रजिस्ट्रेशन कराने की कवायद तेज कर दी है। इससे पहले नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत की अगुवाई में गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट नोएडा प्राधिकरण को सौंप दी है। इस रिपोर्ट के आधार पर प्राधिकरण ने अब बिल्डरों पर जल्द रजिस्ट्री का दबाव बनाना शुरू कर दिया है। इन बिल्डरों ने प्राधिकरण के बकाया शुल्क को अभी तक जमा नहीं किया है, जिसकी वजह से उन्हें रजिस्ट्री कराने की छूट नहीं दी जा रही है। बिल्डरों की इस मनमानी का सीधा असर मकान खरीदारों पर दिख रहा है। लेकिन, पिछले सप्ताह हुई बैठक के बाद रजिस्ट्री की उम्मीदें एक बार फिर बढ़ गई हैं।

**अथॉरिटी ने क्या उठाया कदम:** नोएडा और ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी ने पिछले सप्ताह बैठक के बाद ऐसे बिल्डरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है, जो प्राधिकरण का बकाया नहीं चुका रहे हैं। अमिताभ कांत की अगुवाई वाली समिति की सिफारिशों के आधार पर अथॉरिटी ने फैसला किया है कि ऐसे बिल्ध्डरों से सभी तरह के लाभ वापस ले लिए जाएंगे, जो जानबूझकर बकाया नहीं चुका रहे और खरीदारों की रजिस्ट्री अटकी हुई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने ऐसे ही 13 बिल्डरों पर कार्रवाई का आदेश भी जारी कर दिया है।

**छूट के बाद भी जमा नहीं किया बकाया:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बताया कि अमिताभ कांत की समिति की सिफारिशों के बाद बिल्डरों को छूट दी गई थी कि अगर वे 25 फीसदी बकाया भुगतान कर देते हैं तो उन्हें रजिस्ट्री कराने की छूट दी जा सकती है। बावजूद इसके 13 बिल्डरों ने यह फीस नहीं जमा कराई, जिसकी वजह से 35 हजार से ज्यादा फ्लैट की रजिस्ट्री आज भी अटकी हुई है। कांत की समिति ने अधूरी परियोजनाओं की रजिस्ट्री कराने के लिए साल 2023 में ही अपनी सिफारिश सौंपी थी, जिसके बाद से फ्लैट खरीदारों के हित के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं।

**85 बिल्डरों ने उठाया छूट का फायदा:** अमिताभ कांत की समिति ने साल 2023 में अपनी सिफारिशें की थी, जिसके बाद से अब तक 98 में से 85 बिल्डरों ने इसका फायदा उठाया है। जिन 13 बिल्डरों ने अभी तक पैसे जमा नहीं किए उनमें एवीजे डेवलपर्स (सेक्टर बीटा टू), एलिगेंट इंफ्राकॉन (सेक्टर टेकजोन-4), इंतरिक्ष इंजी. नियरिंग (सेक्टर-1) जैसे बड़े नाम शामिल हैं। अथॉरिटी के बोर्ड ने कहा है कि बिल्डरों के खिलाफ कोई भी कदम उठाते समय इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि मकान खरीदारों के हितों की पूरी सुरक्षा की जाए।

**18 हजार फ्लैट की हो चुकी रजिस्ट्री:** अमिताभ कांत की समिति की रिपोर्ट सामने आने के बाद से अब तक हजारों लोगों को इसका लाभ मिल चुका है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कांत की सिफारिशों के आधार पर तमाम बिल्डरों को छूट दी और उन्होंने इसका लाभ भी उठाया। इससे 18 हजार से ज्यादा लोगों को उनके फ्लैट की रजिस्ट्री कराने में सफलता मिल चुकी है।

# 35 साल पुराने अवैध मकानों पर चला बुलडोजर

■ कार्रवाई से गांव में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में यमुना प्राधिकरण के अधिसूचित जहांगीरपुर क्षेत्र के गांव आसफपुर में प्रशासन द्वारा लगभग 35 साल पुराना अवैध कब्जा ध्वस्त किया गया।



खुर्जा तहसील प्रशासन ने गांव के समीप खाद के गड्ढों में बने अवैध मकानों पर बुलडोजर चलाकर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया है। ग्राम प्रधान पति सुदेश चौधरी का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी जमीनों से कब्जा मुक्त कराने के आदेश के पालन किया है।

तहसील प्रशासन के द्वारा कब्जेदारों से जमीन का विवरण मांगा गया। जिसके आधार पर खुर्जा तहसील के गांव आसफपुर में खाद के गड्ढों पर अवैध रूप से कब्जा पाया गया।

सरकारी जमीन को मुक्त कराने के लिए तहसील खुर्जा से तहस. ीलदार सहित राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच बुलडोजर चलावाते हुए सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया। इस कार्रवाई पर उन्होंने शासन-प्रशासन का आभार जताया और जल्द ही सरक. ारी जमीन पर पार्क बनबाने की बात कही है।

## एसआईआर फार्म भरने के लिए नोटिस लगाए

**नोएडा।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के फार्म भरने के लिए शहर के सार्वजनिक स्थानों पर नोटिस लगाए जा रहे। लोगों को एसआईआर के तहत फार्म भरने के लिए प्रेरित किया जा रहा। जिला प्रशासन एसआईआर के तहत शत-प्रतिशत फार्म भरने के प्रयास में जुटा है। बीएलओ लोगों के घरों पर तीन-तीन बार चक्कर लगा रहे। फार्म वितरित करने, इसे भरने में भी मदद करने सहित जमा भी कर रहे हैं। वहीं गांव और कस्बों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर नोटिस लगाकर लोगों को एसआईआर का फार्म करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार शहर में हरौला, झुंडपुरा, सदरपुर, छलेरा, सलारपुर, भंगेल, चोटपुर, छिजारसी व बरौला आदि सार्वजनिक स्थानों पर नोटिस लगाए जा रहे हैं।

# नोएडा पीएफ ई-नामांकन में सबसे आगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पीएफ ई-नामांकन में प्रदेश में पहले नंबर पर नोएडा है। यहां पांच लाख से अधिक पीएफ ई-नामांकन पूरे हुए हैं। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के अनुसार अब तक पीएफ ई-नामांकन की अंतिम तारीख नहीं है, लेकिन लोग जल्द इस प्रक्रिया को पूरा करने पीएफ संबंधी सुविधाओं को सुरक्षित कर लें। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा में 1082822 पीएफ खाता धारक हैं।

इन सभी लोगों के पीएफ खाते सक्रिय हैं। इनमें से 558867 खाता धारकों का ई-नामांकन पूरा हो गया है। बाकी पीएफ खाता धारकों का ई-नामांकन तेजी से कराने में संगठन जुटा हुआ है। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त प्रथम सुयश पांडे ने कहा कि सभी पीएफ खाता धारकों के लिए ई-नामांकन बेहद जरूरी है। इसलिए इस प्रक्रिया को पूरा कर लें। यदि खाताधारकों को नामांकन में कोई समस्या है तो वे सेक्टर-24 स्थित कर्मचारी भविष्य निधि संगठन कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए प्रत्येक माह की 27 तारीख को आयोजित होने वाले निधि आपके निकट कार्यक्रम में भी ई-नामांकन की प्रक्रिया में मदद की सुविधा दी जाती है। यहां बड़ी संख्या में मौजूद कर्मचारी लोगों की ई नामांकन में मदद करते हैं। भले ही यह कार्यक्रम अलग-अलग कंपनियों में होता है, लेकिन कोई भी व्यक्ति पीएफ से जुड़ी सेवाओं का इनमें लाभ उठा सकता है। रकम पाने में आसानी होगी संगठन के अनुसार पीएफ ई-नॉमिनेशन इसलिए जरूरी है, क्योंकि यह सदस्य की मृत्यु के बाद उसके परिवार को पीएफ, पेंशन और बीमा का पैसा आसानी से और ऑनलाइन दावा करने में मदद करता है। इसके बिना, परिवार को यह पैसा पाने के लिए लंबी कानूनी प्रक्रिया से गुजरना पड़ सकता है। इसके अलावा ईपीएफओ के नियमों के तहत यदि ई-नॉमिनेशन किया है, तो पीएफ राशि निकालने में भी आसानी रहती है। यदि खाताधारक की सभी सही जानकारी दर्ज है तो यह प्रक्रिया घर बैठे पांच मिनट में पूरी हो जाती है। ऐसे प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे सबसे पहले, ईपीएफओ की वेबसाइट पर जाएं और यूनिवर्सल अकाउंट नंबर और पासवर्ड डालकर लॉग इन करें। ई-नॉमिनेशन चुनें में जाकर पारिवारिक विवरण भरें। इसके बाद नामांकित व्यक्ति की जानकारी दें। इसमें सभी आवश्यक जानकारी भरे। इन जानकारियों में नामांकित व्यक्ति का नाम, आधार नंबर, जन्मतिथि, संबंध, पता और फोटो अपलोड करना अहम है।

## एक नजर

### खेल विभाग ने सभी बास्केटबॉल अकादमियों में सुरक्षा अभियान चलाया

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** हरियाणा के रोहतक और बहादुरगढ़ जिले में 48 घंटे के भीतर हुई दो किशोर बास्केटबॉल खिलाड़ियों की मौत के बाद गौतमबुद्ध नगर खेल विभाग भी हरकत में आया। खेल विभाग की ओर से शुक्रवार को जिले में कई स्कूल व कॉलेजों में संचालित बास्केटबॉल अकादमी में लगे बास्केटबॉल पोल व अन्य उपकरण का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि हरियाणा ही नहीं, बल्कि स्कूल व कॉलेजों में लगे पोल जर्जर अवस्था में है। खेल अधिकारी की ओर से अकादमियों में लगे पोल को दुरुस्त कराने और एनओसी के लिए नोटिस जारी किए गए हैं।

### 24 साल की युवती लापता

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर रेलवे स्टेशन के पास एक कॉलोनी से 24 वर्षीय युवती चार दिन से लापता है। परिजनों ने शुक्रवार को दनकौर कोतवाली में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती संदिग्ध परिस्थितियों में घर से निकली थी और तब से वापस नहीं लौटी है।

परिवार के सदस्यों के अनुसार, युवती चार दिन पहले किसी काम से घर से निकली थी। उसके बाद से उसका मोबाइल फोन लगातार स्विच ऑफ आ रहा है, जिससे परिजनों की चिंता बढ़ गई है। उन्होंने आस-पड़ोस और रिश्तेदारों के यहां भी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

पीड़ित पिता ने बताया कि बेटी के अचानक गायब होने से परिवार में भय और बेचौनी का माहौल है। उन्होंने पुलिस से तत्काल कार्रवाई करने और बेटी को सुरक्षित ढूंढ निकालने की अपील की है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि पुलिस कॉल डिटेल्स, स्थानीय जानकारी और क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की मदद से सुराग जुटा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस टीमें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं और जल्द ही युवती का पता लगा लिया जाएगा।

### 2.59 लाख की चोरी के मामले में घरेलू सहायिका को नहीं मिली अग्रिम राहत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने 2.59 लाख रुपये की चोरी के मामले में नामजद घरेलू सहायिका रीना देवी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। थाना सेक्टर-39 में दर्ज मुकदमे में महिला ने गिरफ्तारी से संरक्षण मांगा था। जिसे अदालत ने अपराध की गंभीरता व लंबित विवेचना का हवाला देते हुए अस्वीकार कर दिया।

मुकदमे के अनुसार वादी दीपक कुमार निवासी ग्रेट वैल्यू शरणम सेक्टर-107 ने 3 सितंबर 2025 को अपनी अलमारी से 2.59 लाख रुपये गायब मिलने की सूचना पुलिस को दी थी। आरोप था कि घटना के तुरंत बाद रीना देवी घर से भाग गई और उसके बाद से संपर्क नहीं हो सका। वादी ने आशंका व्यक्त की थी कि आरोपी ने ही यह राशि चोरी की है। पुलिस ने मामला पंजीकृत कर जांच प्रारंभ की थी। अग्रिम जमानत सुनवाई के दौरान महिला की ओर से तर्क दिया गया कि उसे झूठे आरोप में फंसाया गया है। रिपोर्ट 43 दिन की देरी से दर्ज की गई। अभियोजन पक्ष ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि महिला विवेचना में सहयोग नहीं कर रही है और चोरी की गई राशि की बरामदगी अभी शेष है। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद जमानत देने से इनकार कर दिया।

### एलिवेटेड रोड बनाने के लिए से एनओसी का इंतजार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर बढ़ते वाहनों के बोझ को कम करने के लिए यमुना पुश्ते पर एलिवेटेड रोड बनाया जाना प्रस्तावित है। इस पुश्ते को बनाने से पहले मंजूरी की प्रक्रिया काफी धमी गति से चल रही है। प्राधिकरण ने करीब तीन महीने पहले सिंचाई विभाग से अना. पत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) मांगा था, जो अब तक नहीं मिली है। यह एलिवेटेड रोड नोएडा के सेक्टर-94 से सेक्टर-150 तक बनना है। सेक्टर-150 के पास इस एलिवेटेड रोड को नोएडा-ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाना प्रस्तावित है।

यह एलिवेटेड रोड करीब 29 किलोमीटर लंबा बनाया जाएगा। पुश्ता सिंचाई विभाग का हिस्सा है। ऐसे में यहां पर किसी भी तरह का निर्माण करने के लिए सिंचाई विभाग की एनओसी जरूरी है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि करीब तीन पहले सिंचाई विभाग से एलिवेटेड रोड बनाने को एनओसी मांगी गई थी, जिसका जबाव अब तक नहीं आया है। बीच में कुछ अन्य जानकारी भी सिंचाई विभाग की ओर से मांगी गई, जिसे भेजा जा चुका है। सिंचाई विभाग के अधिकारी मौखिक रूप से पुश्ते के क्षतिग्रस्त होने की आशंका जता रहे हैं। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि एनओसी का आवेदन भी खारिज नहीं किया गया है। इस एलिवेटेड रोड परियोजना से संबंधित प्रस्ताव नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में मंजूर हो चुका है। वहीं, दूसरी ओर नेशनल हाईवे घोषित कराने की मांग भी शासन स्तर पर पीडब्ल्यूडी के जरिए केंद्र को भिजवाई जाने की प्रक्रिया चल रही है। नेशनल हाईवे घोषित होने पर एनएचएआई इसका निर्माण करेगा।

# जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को शत-प्रतिशत सफल बनाने और प्रत्येक पात्र मतदाता को मतदाता सूची में शामिल करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मेधा रूपम ने आज एनआईसी सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में मतदाता सत्यापन, खोज एवं गणना प्रपत्र प्राप्ति की प्रगति पर विस्तृत विचार-विमर्श एवं राजनीतिक दलों से सहयोग का अनुरोध किया गया। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा कल 29 नवंबर 2025 को प्रातः 10 बजे जनपद के प्रत्येक बूथ पर 'विशेष महा-अभियान दिवस' आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रशासन व समस्त राजनैतिक दल – समस्त ठस्० एवं ठस। आपसी सहयोग से अभियान में लगेंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अब सीमित दिन शेष हैं, और प्रशासन इस अभियान को अंतिम चरण तक अत्यंत गंभीरता से संचा. लित कर रहा है। उन्होंने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि उनके बूथ लेवल एजेंट निर्धारित बूथों पर उपस्थित रहकर ठस्० का पूर्ण सहयोग करें। विशेषकर ऐसे मतदाताओं की खोज में जिनका नाम सूची में दर्ज है, लेकिन पता भौतिक रूप से उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि "जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे।"

बैठक में बताया गया कि जनपद के कुछ क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता चिह्नित हुए हैं जिनका नाम सूची में दर्ज तो है, परंतु उनका पता ठस्० को प्राप्त नहीं हो पाया है। इन क्षेत्रों में राजनीतिक दलों के बीएलए की भूमिका अत्यधिक महत्त्वपूर्ण होगी।

जिलाधिकारी ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक बूथ पर उन मतदाताओं की सूची अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जिनका नाम सूची में है, परंतु पता सत्यापित नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक प्रदर्शन से स्थानीय नागरिकों को जानकारी मिलेगी, खोज प्रक्रिया तीव्र होगी और अभियान में जनसहभागिता भी बढ़ेगी।

## जिले में जल्द खुलेंगे 25 नए प्रदूषण जांच केंद्र, विभाग सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद में जल्द ही 25 नए प्रदूषण जांच केंद्र खुलेंगे। वर्तमान में 136 प्रदूषण जांच केंद्र हैं। जनपद में बढ़ती वायु प्रदूषण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। शहर में वाहनों से निकलने वाला धुआं प्रदूषण का एक बड़ा कारण है। इसी को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग अब बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। परिवहन विभाग जल्द ही इन नए प्रदूषण जांच केंद्रों के लिए जगह चिह्नित करेगा। इसके बाद इन जगहों पर केंद्र खोलने के लिए लोगों से आवेदन मांगे जाएंगे। आवेदनों के अनुसार, केंद्रों के लाइसेंस लोगों को सौंपे जाएंगे।

जिले में इस समय लगभग 11. 70 लाख वाहन पंजीकृत हैं, जिनकी जांच के लिए केवल 136 सक्रिय प्रदूषण जांच केंद्र ही उपलब्ध हैं। केंद्रों की कमी के चलते पीयूसी लेने वाले वाहन चालकों की संख्या तेजी से घट रही है। फिलहाल करीब 70 हजार ऐसे वाहन हैं, जो बिना पीयूसी के सड़कों पर दौड़ रहे हैं। बिना प्रदूषण जांच के वाहन चलाने पर 10,000 रुपए तक के चालान का प्रावधान है। पिछले कुछ महीनों में 21 केंद्र बंद हैं, क्योंकि संचालकों ने लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराया। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी रितेश तिवारी ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर में रोजाना 30-35 फीसदी तक केवल वाहनों के संचालन से ही प्रदूषण उत्पन्न होता है। ऐसे में वाहनों की समय पर प्रदूषण जांच बेहद ही जरूरी है।

## ट्रक की चपेट में आकर पंप कर्मचारी की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-52 स्थित पेट्रोल पंप पर ट्रक बैक करते समय पंप कर्मचारी चपेट में आ गया। इसमें इलाज के दौरान कर्मचारी की मौत हो गई। मामले में मृतक के बेटे ने कोतवाली सेक्टर-24 में प्राथमिकी दर्ज कराई है। सेक्टर- 44 के रहने वाले मोहित के पिता राजवीर चौहान सेक्टर 52 स्थित इंडियन आयल पेट्रोल पंप पर पांच साल से काम कर रहे थे। 26 नवंबर को राजवीर ड्यूटी पर गए थे। तभी ट्रक चालक ओमपाल ने लापरवाही से बैक करते हुए राजवीर को एकाएक टक्कर मारकर घायल कर दिया। करीब आधे घंटे बाद राजवीर को अस्पताल पहुंचाया गया। उपचार के दौरान राजवीर की मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि इस मामले में ओमपाल, मुकेश व प्रताप के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# एयरपोर्ट से भाजपा का मिशन-2027 अभियान उड़ान भरेगा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से भाजपा का मिशन-2027 अभियान उड़ान भरेगा। इसके शुभारंभ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा से उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के प्रचार की शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रस्तावित जनसभा स्थल को देखा और भाजपा पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक महीने बाद एक बार फिर एयरपोर्ट का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री की जनसभा के लिए प्रस्तावित स्थल का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अगले महीने दिसंबर में एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रस्तावित है।

इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से समय मांगा गया है। जल्द तारीख तय कर सूचित किया जाएगा। प्रधानमंत्री 25 नवंबर 2021 को एयरपोर्ट के शिलान्यास कार्यक्रम में भी आए थे। नया उत्तर प्रदेश उड़ान भरेगा मुख्यमंत्री ने कहा कि एयरपोर्ट के उद्घाटन पर एक भव्य और विशाल कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता की उपस्थिति में एयरपोर्ट का शुभारंभ करेंगे। यह जनसभा ऐतिहासिक होगी और मील का पत्थर साबित होगी। विकास के रनवे पर नए भारत का नया उत्तर प्रदेश उड़ान भरेगा।

> नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट एक बड़ी उपलब्धि बनने जा रहा है। यहां से नया भारत उड़ान भरने के लिए तैयार है। एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश और एनसीआर में तरक्की की नई राह खोलेगा। लाखों लोगों को रोजगार मिलेंगे।
>
> **-डॉ. महेश शर्मा, सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री**

> नोएडा एयरपोर्ट जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। इसके उद्घाटन पर होने वाली जनसभा ऐतिहासिक होगी। इसकी तैयारी शुरू की जा चुकी है। जनसभा स्थल एयरपोर्ट की पार्किंग के पास खाली मैदान को बनाया गया है। यहां पर पूरे पश्चिम के लोग जुटेंगे।
>
> **-अभिषेक शर्मा, जिलाध्यक्ष, भाजपा**

> एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट यहां बना है तो जनसभा भी बड़ी ही होगी। इसके लिए तैयारी शुरू हो चुकी है। शीघ्र ही संगठन की बैठक आयोजित कर जनसभा के लिए जिम्मेदारी तय की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान जो निर्देश दिए, उनका अनुपालन किया जाएगा।
>
> **-सतेन्द्र सिसौदिया, भाजपा के पश्चिम क्षेत्र के अध्यक्ष**

जनसभा स्थल पर चार गेट बनेंगे भाजपा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि जनसभा स्थल पर चार गेट बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कौन से गेट से प्रधानमंत्री आएंगे और किस गेट से अन्य लोगों का आगमन होगा, इसे लेकर निर्देश दिए। भाजपा के नेताओं का दावा है कि एयरपोर्ट के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित होने वाली जनसभा से ही उत्तर प्रदेश में भाजपा मिशन-2027 का शुभारंभ करेगी। जनसभा के बाद प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के कार्यक्रमों की शुरुआत हो जाएगी।

## पशु प्रेमी महिला से मारपीट मामले में छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पुलिस ने सेक्टर ओमीक्रोन में रहने वाली महिला पशु प्रेमी से मारपीट करने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की थी। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। महिला पशु प्रेमी कावेरी राणा ने बताया कि सेक्टर में लोगों ने लावा. रिस जानवरों को रोकने के लिए गेट लगा दिया था, जिसका वह विरोध कर रही थीं। उनकी शिकायत पर गुरुवार को प्राधिकरण की टीम जांच के लिए पहुंची थी। प्राधिकरण के दस्ते में शामिल एक कर्मचारी घटना का वीडियो बनाने लगा। कावेरी राणा ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट की।

कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर आरा. ेपी कश्मीरा पहलवान, दीपक, गौरव, पूरन सिंह, अरविंद और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# बागपत में ग्रेप लागू, धूल-धुएं पर एक्शन मोड में प्रशासन

## ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के तहत हुआ ईट-भट्ठों की ग्रीन नेट फेसिंग का कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शीतकाल में बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए बागपत जिला प्रशासन ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान को मिशन मोड में लागू कर पूरे जिले में कड़े कदम उठाए हैं। नगर निकायों द्वारा मुख्य बाजारों, प्रमुख मार्गों, बस अड्डों, औद्योगिक इलाकों और निर्माणाधीन स्थलों पर लगातार जल छिड़काव कराया जा रहा है। एंटी-स्मॉग गन और हाई-कैपेसिटी स्प्रिंकलरों के माध्यम से उड़ती धूल को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिससे हवा में मौजूद प्रदूषक कणों को कम किया जा सके।

जिलेभर में ईंट भट्टों की ग्रीन नेट फेसिंग की पहल भी की गई जिसके तहत ईंट भट्टों में तय 6 फीट की फेसिंग सुनिश्चित की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्माण प्रक्रिया के दौरान उड़ने वाली धूल हवा को सबसे अधिक





प्रभावित करती है, इसलिए अनुपालन न करने वालों पर कार्रवाई तय है। यह कदम बच्चों, बुजुर्गों और किसानों को धूल प्रदूषण से राहत देने के लिए जरूरी है। ग्रेप के तहत अन्य विभाग भी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को सख्ती से निभा रहे हैं। परिवहन विभाग द्वारा प्रदूषणकारी वाहनों की चेकिंग बढ़ाई गई है, जबकि सभी बस अड्डों पर वाहनों के इंजनों को अनावश्यक रूप से चालू रखने पर रोक लगाई गई है। कृषि विभाग गांवों में पराली न जलाने को लेकर जागरूकता चला रहा है और नगर निकायों द्वारा खुले में कूड़ा जलाने की घटनाओं पर विशेष निगरानी जारी है। प्रशासन ने 'आपदा मित्र' स्वयंसेवकों को कूड़ा जलाने की सूचना गोटो सहित उपलब्ध कराने पर 2500 की प्रोत्साहन राशि देने की प्रक्रिया भी शुरू की है। प्रशासन ने लोगों से भी अपील की है कि वायु प्रदूषण नियंत्रण केवल सरक. ारी कार्रवाई से संभव नहीं है, बल्कि सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ हवा सुनिश्चित की जा सकती है। नागरिक कूड़ा या सूखी पत्तियां न जलाएं, कूड़ा जलते पाए जाने पर तुरंत सूचना दें, वाहन सर्विसिंग समय पर कराएं, वाहन का प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र अपडेट रखें और संभव हो तो कम दूरी के लिए साइकिल का उपयोग करें। घरों में सूखी पत्तियों को कंपोस्टिंग में बदलना भी एक सरल और प्रभावी उपाय है। पेड़-पौधों की संख्या बढ़ाने और धूल फैलाने वाली गति. विधियों से बचने जैसे छोटे कदम भी बड़े परिणाम दे सकते हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ग्रेप चरण-3 का पालन जनहित में अनिवार्य है और वायु गुणवत्ता में सुधार तभी संभव है जब अधिकारी, संस्थान और आम नागरिक एक साथ मिलकर जिम्मेदारी निभाएं।

# व्यापारी ने अधिकारियों के सामने SIR से संबंधित समस्याओं को रखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** व्यापारी समाज SIR अभियान में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है। शुक्रवार को व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासनिक अधिकारियों के सामने SIR से संबंधित समस्याओं को रखा, साथ ही विशेष कैंप लगाने की मांग की।

इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष योगेश जिंदल ने बताया कि उनकी टीम बागपत और बड़ौत क्षेत्र में काम कर रही है। वे बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) का सहयोग कर रहे हैं, क्योंकि उन पर काम का अधिक दबाव है और उन्हें समय व सहयोग की आवश्यकता है। जिंदल अपनी 50 से अधिक लोगों की टीम के साथ नगर और आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चला रहे हैं ताकि SIR की प्रक्रिया जल्द पूरी हो सके। खिदमत सेवा समिति के अध्यक्ष इरफान मलिक ने भी बताया कि उन्होंने अपनी ओर से 50 लोगों को बीएलओ के सहयोग के लिए फील्ड में लगाया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यह कार्य समय पर पूरा हो और हर व्यक्ति को इसका लाभ मिल सके। इरफान मलिक ने सुझाव दिया कि SIR प्रक्रिया शुरू करने से पहले बीएलओ को उचित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए था। इससे कार्य समय पर और त्रुटि रहित हो पाता। उन्होंने सभी से इस कार्य में सहयोग करने की अपील की, इसे प्रत्येक व्यक्ति का अपना काम बताया। इस दौरान, व्यापारियों ने अधिकारियों से बड़ौत क्षेत्रमें एक विशेष कैंप लगवाने की मांग की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही यह कैंप लगाया जाएगा।



# कॉलेज के पास खुले में रखे विद्युत ट्रांसफार्मर हादसों को दे रहे न्योता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** टीकरी कस्बे में हरचंद मल जैन इंटर कॉलेज के पास खुले में रखे विद्युत ट्रांसफार्मर हादसों को न्योता दे रहे हैं। इन ट्रांसफार्मरों के पास से ग्रामीण और बच्चे लगातार गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना का डर बना रहता है।

इन ट्रांसफार्मरों को न तो कंटीले तारों से घेरा गया है और न ही इनके चारों ओर कोई बाउंड्रीवॉल बनाई गई है। यह स्थिति बारिश के मौसम में और भी खतरनाक हो जाती है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। कस्बे के आनंद प्रकाश, लोकेंद्र राठी, ओमबीर, सतेंद्र, राजेंद्र, विक्की और अमरजीत सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि खुले में रखे ट्रांसफॉर्मर लगातार हादसों का कारण बन रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई है, लेकिन आज तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार, सुरक्षा उपायों की कमी के कारण कई बार बंदर और गौवंश जैसे जानवर इन ट्रांसफार्मरों की चपेट में आकर हादसे का शिकार हो चुके हैं। इस संबंध में टीकरी बिजलीघर के जेई रविरंजन ने बताया कि खुले में रखे ट्रांस्फार्मरों के चारों ओर बाउंड्रीवॉल बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस कार्य को जल्द ही पूरा कराया जाएगा।

# किसानों ने पुलिस को दी अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गढी कलंजरी गांव के जगंल मे रात्रि अज्ञात चोरो ने 11 नलकूपों पर धावा बोल हजारों रूपये के केवल काट ले गये। पीड़ित किसानो ने थाने पहुंच अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर दी है।

गढी कलंजरी निवासी बुद्ध प्रकाश पुत्र हुकुम सिंह ने थाना चांदीनगर में तहरीर देते हुए बताया कि रात्रि उसके नलकूप और उनके गांव के ही विरेन्द्र पुत्र हरिराम, पुष्पेन्द्र पुत्र नवल, सोनपाल, सतीश, गोलू, बलबीर, उत्तर, भगवान दास, जगदीश, रामकुमार के नलकूपों पर चोरो ने धावा बोल बिजली के केवल काट ले गये जिससे किसानो में रोष है। चांदीनगर क्षैत्र के ढिकोली, चमरावल, सहित अन्य गावों मे पिछले दो वर्षो से चोरो का आतंक बना हुआ है चोर नलकूपों को निशाना बना चोरी कर ले जाते है। किसानो ने उच्च अधिकारियों से चोरो को पकड़वाने की मांग की है।




## एक

# 11वीं कक्षा के छात्र ने खाया जहरीला पदार्थ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एक निजी स्कूल में 11वीं कक्षा के एक छात्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर स्कूल प्रशासन और परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टरों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया। छात्र की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। यह घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के एक निजी स्कूल में हुई। छात्र ने स्कूल में होने वाली पेरेंट्स मीटिंग के डर से घर से आकर स्कूल में जहरीला पदार्थ निगल लिया। जब छात्र की हालत बिगड़ने लगी, तो इसकी सूचना परिजनों को दी गई। स्कूल प्रशासन और परिजनों ने छात्र को अस्पताल पहुंचाया। छात्र के पिता ने बताया कि स्कूल में शिकायत होने के डर से उनके बेटे ने यह कदम उठाया। प्रारंभिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने छात्र को मेरठ रेफर कर दिया था। उसकी हालत अब ठीक बताई जा रही है, लेकिन उसे आगे के उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती रखा जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने इस मामले में फिलहाल कोई जानकारी देने से इनकार किया है।

# खेल महोत्सव के दूसरे दिन हुए रोमांचक मुकाबले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** जिवाना के गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को कबड्डी, खोखो व वॉलीबॉल स्पर्धाओं के रोमांचक मुकाबले हुए। सीनियर बालक वर्ग कबड्डी स्पर्धा में नर्मदा हाउस के टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अलकनंदा हाउस को 25-18 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जबकि जूनियर वर्ग में अलकनंदा हाउस ने नर्मदा हाउस को 25-8 से हराकर कर फाइनल में प्रवेश किया। जबकि गंगा हाउस ने यमुना हाउस को एकतरफा मुकाबले में 43-6 से पराजित कर फाइनल में स्थान बनाया। बालक वर्ग खोखो स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में गंगा हाउस ने कांटे के मुकाबले में यमुना हाउस को 8-7 से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया। वॉलीबॉल स्पर्धा में गंगा हाउस ने नर्मदा हाउस को 15-8 से परा. जित कर फाइनल में प्रवेश किया। विभिन्न स्पर्धाओं के फाइनल मुकाबले व पुरस्कार वितरण शनिवार को होगा। आयोजन में प्रबंधक डा.अनिल आर्य, निदेशक डा.सुनील आर्य, एडवोकेट कुणाल आर्य, प्रधानाचार्य पवन त्यागी, उप प्रधानाचार्य डा. सुशील वत्स, प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश शर्मा, एसएसआई नरेश चंद यादव, कपिल तोमर, गुड़िया खोखर, तबिंदा सैफी, चंद्रवीर सिंह आदि का सहयोग रहा।

# दहेज उत्पीड़न से जुड़ी महिला की मौत से गांव में तनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** शबगा गांव में दहेज उत्पीड़न से जुड़ी एक महिला की मौत के मामले ने शुक्रवार को तनावपूर्ण स्थिति पैदा कर दी। मृतका दीपा का अंतिम संस्कार गुरुवार देर रात 8 बजे तक नहीं हो सका। परिजन और ग्रामीण आरो. पियों की गिरफ्तारी और पुलिस अधीक्षक के मौके पर पहुंचने की मांग पर अड़े रहे, जिसके चलते उन्होंने चिता जलाने से इनकार कर दिया।



मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी विजय सिंह ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी मांगों पर कायम रहे। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता और एसपी मौके पर नहीं आते, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। मृतका के भाई शिवकुमार पुत्र जगपाल, निवासी शबगा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बहन दीपा की शादी 26 जनवरी 2022 को बागपत के सरूरपुर कलां निवासी गौरव पुत्र रामपाल से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति गौरव, जेठ दीपक, सास पिंकी और जेठानी अनिता दहेज में दिए गए सामान से असंतुष्ट थे। वे लगातार पांच लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी गौरव और उसके साथी दीपा पर गलत संबंध बनाने का दबाव डालते थे। मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का विरोध करने पर उसकी स्थिति और बिगड़ती गई। मृतका अपने पीछे दो मासूम बच्चे छोड़ गई है, जिनकी उम्र लगभग दो वर्ष और आठ माह बताई जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने जानकारी दी कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि सुबह के समय अंतिम संस्कार कराया जाएगा और पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से छानबीन कर रही है।

# विभिन्न मांगों को लेकर लेखपालों ने दिया धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के तत्वाधान में लेखपालों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। लेखपाल सिंह के तहसील अध्यक्ष अंकित कुमार के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम भावना सिंह को सोपा गया। धरना देते हुए लेखपालों ने कहा कि प्रदेश सरकार लेखपालों के साथ खिलवाड़ कर रही है। इस मौके पर बिजेंद्र कुमार रुबीना देवी शशांक भारद्वाज संजीव कुमार संजय सिंह अमित शर्मा के अलावा भारी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे।

# स्वच्छता और सम्मान का संगम बनेगा जनपद का पहला शवदाह गृह, लगभग एक करोड़ की लागत से होगा तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला प्रशासन ने बड़ौत में एक अत्याधुनिक शवदाह गृह स्थापित करने की महत्वपूर्ण पहल की है। इसके माध्यम से पर्यावरण-अनुकूल दाह-संस्कार प्रक्रिया को बढ़ावा मिलेगा तथा स्वच्छता और सार्वजनिक स्वास्थ्य के मानकों में सुधार होगा।

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संचालित इलेक्ट्रिक एवं गैस शवदाह गृहों के सफल अनुभवों को ध्यान में रखते हुए, बड़ौत में भी हाई-एफिशिएंसी क्रेमेटर यानी उच्च दक्षता से युक्त शवदाह तकनीक स्थापित की जा रही है। यह तकनीक प्रदूषण नियंत्रण, संसाधन-दक्षता और सुचारू संचालन के आधुनिक मानकों पर आधारित है। इस शवदाह गृह के निर्माण से लोगों को पर्यावरण-अनुकूल दाह-संस्कार का विकल्प मिलेगा और पारंपरिक लकड़ी-आधारित शवदाह पर निर्भरता कम होगी। पारंपरिक चिता-दाह में लकड़ी की अधिक खपत, वायु प्रदूषण, राख और धुएँ से उत्पन्न स्वास्थ्य समस्याएँ तथा भीड़-भाड़ जैसी चुनौतियाँ बनी रहती हैं। लकड़ी के अत्यधिक उपयोग के कारण हर वर्ष बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई भी होती है। नया अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त शवदाह गृह इन समस्याओं का प्रभावी समाधान प्रस्तुत करेगा। इसमें लकड़ी की आवश्यकता लगभग समाप्त हो जाती है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होगा और कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आएगी। दाह-संस्कार की पूरी प्रक्रिया नियंत्रित एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न होगी, जिससे धुआँ, राख और प्रदूषण लगभग नगण्य रहेगा। बड़ौत नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मनोज रस्तोगी ने बताया कि यह शवदाह गृह सीएनजी गैस पर आधारित होगा। आर्थिक दृष्टि से भी यह प्रणाली अधिक किफायती है, जिससे मृतक के परिजनों पर पारंपरिक दाह-संस्कार की तुलना में कम आर्थिक बोझ पड़ेगा। इस प्रकार, बड़ौत में स्थापित होने वाला यह शवदाह गृह पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जनसुविधा और संसाधन-बचत-चारों स्तरों पर सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। प्रशासन द्वारा इस परियोजना के माध्यम से अंतिम संस्कार प्रक्रिया को अधिक गरिमामय, स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने का लक्ष्य रखा गया है। 15 वित्त के बजट से लगभग एक करोड़ की लागत से बनने वाले इस शवदाह गृह परिसर में प्रतीक्षा कक्ष, स्वच्छ जल-व्यवस्था, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, दिव्यांगजन-अनुकूल मार्ग, शीतलन सुविधा तथा सीसीटीवी निगरानी जैसी सुविधाएँ विकसित की जाएँगी, ताकि परिवारों को शांत और सम्मानजनक वातावरण में अंतिम संस्कार की सुविधा प्राप्त हो सके। गर्मियों की तेज़ लू, सर्दियों की घना कोहरा, बारिश या बाढ़ जैसी परिस्थितियों में पारंपरिक दाह-संस्कार अक्सर बाधित हो जाते हैं। इलेक्ट्रिक शवदाह गृह इन परिस्थितियों से प्रभावित हुए बिना निरंतर और सुरक्षित रूप से संचालित हो सकता है। इससे आम जनता को मौसम या प्राकृतिक परिस्थितियों का इंतज़ार किए बिना तत्काल और सुगम अंतिम संस्कार की सुविधा मिलती है, जो जनसुविधा के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**सूचना**

हमारी पुत्री हमारे कहे में नही है इसलिए हम अपनी पुत्री तनु मलिक व उसके पति तुषार मलिक से सम्बंध विच्छेद करते है भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

योगेन्द्र मलिक पुत्र सतपाल सिंह व पुष्पा पत्नि योगेन्द्र मलिक निवासी ग्राम हिसावदा तहसील व जनपद बागपत।

# नगर पालिका अध्यक्ष राजुद्दीन को पद से हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर पालिका अध्यक्ष राजुद्दीन को पद से हटा दिया गया है। उन पर दुकान आवंटन और संपत्ति कर में गड़बड़ी के आरोप थे, जो जांच में सही पाए गए। यह कार्रवाई गन्ना समिति के चेयरमैन प्रदीप ठाकुर की शिकायत पर हुई।

राजुद्दीन पर आरोप था कि उन्होंने 10, 20, 50 या 100 रुपये के स्टांप पर 739 प्लॉटों को संपत्ति कर रिकॉर्ड में दर्ज कराया। इनमें से केवल 39 प्लॉटों के दस्तावेज पूरे पाए गए। नियमानुसार, ये प्लॉट केवल बैनामों के आधार पर दर्ज होने चाहिए थे। इस अनियमितता के कारण सरकारी जमीन पर कब्जे हुए और सरकार को स्टांप शुल्क का भारी नुकसान हुआ। इन आरोपों की जांच एडीएम द्वारा की गई, जिसकी रिपोर्ट मई 2023 में शासन को भेजी गई थी। इसके बाद राजुद्दीन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया। उनके जवाब के आधार पर शासन ने दोबारा जांच कराई, जिसमें सभी आरोप सही पाए गए।

यह दूसरी जांच रिपोर्ट अप्रैल 2025 में शासन को मिली। नगर निकाय के प्रमुख सचिव पी. गुरुप्रसाद ने बृहस्पतिवार को राजुद्दीन को चेयरमैन पद से हटाने के आदेश जिलाधिकारी को भेजे। राजुद्दीन को पालिका निधि को हानि पहुंचाने, उसका दुरुपयोग करने और नगर पालिका के हित के विरुद्ध कार्य करने का दोषी पाया गया है। अब जिलाधिकारी या उनके द्वारा नामित अधिकारी प्रशासक के तौर पर पालिका की जिम्मेदारी संभालेंगे। रोजुद्दीन वर्ष 2023 में लगातार तीसरी बार नगर पालिका चेयरमैन बने थे। इससे पहले भी वह दो बार इस पद पर रह चुके थे। तीसरे चुनाव के दौरान नगर पालिका के सीमा विस्तार से उनकी कुर्सी खतरे में पड़ गई थी, लेकिन हाईकोर्ट द्वारा सीमा विस्तार पर रोक लगाने से उन्हें लाभ मिला था। राजुद्दीन के खिलाफ अन्य मामलों में भी जांच चल रही है। इनमें शहर के पक्का घाट पर श्मशान घाट निर्माण में घोटाले, केतीपुरा में भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाने के लिए कब्रिस्तान की जमीन पर इंटरलॉकिंग लगवाने, नगर पालिका के बाहरी क्षेत्र में कार्य कराकर धन खर्च करने और सब्जी मंडी में अवैध दुकानों का निर्माण व आवंटन करने के आरोप शामिल हैं।

# पुलिस ने चोर गिरोह के एक सदस्य को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस ने चोर गिरोह के एक सक्रिय सदस्य आस मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। वह गाजियाबाद के लोनी स्थित निशांत कॉलोनी का निवासी है। पुलिस ने उसके पास से 24.50 लाख रुपए मूल्य के 57 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

आस मोहम्मद के दो साथी, काला (निवासी अमन गार्डन) और तालिब (निवासी नसबंदी कॉलोनी, लोनी), मौके से जंगल में भागने में सफल रहे। यह कार्रवाई निवाड़ा चौकी पर नियमित चेकिंग के दौरान हुई। पुलिसकर्मियों ने एक बाइक पर सवार तीन युवकों को रोका और पूछताछ शुरू की। इसी दौरान बाइक पर पीछे बैठे दो युवक भाग निकले। पुलिस ने आस मोहम्मद को पकड़ लिया और उसके बैग की तलाशी ली, जिसमें से 57 मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में पता चला कि ये मोबाइल दिल्ली, हरियाणा, गाजियाबाद और नोएडा के विभिन्न इलाकों से झपटमारी और चोरी करके जमा किए गए थे। आस मोहम्मद ने यह भी खुलासा किया कि वह दिल्ली और आसपास के इलाकों में बाइक से मोबाइल झपटने वाले गिरोह का सरगना है। वह झपटमारों से सस्ते दामों पर मोबाइल खरी. दता था और फिर उन्हें रटौल निवासी नईम को बेच देता था। गिरफ्तारी के समय, भी तीनों आरोपी मोबाइल बेचने के इरादे से रटौल जा रहे थे। कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि चोर गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार कर बड़ी संख्या में मोबा. इल फोन बरामद किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि फरार हुए अन्य साथियों की तलाश जारी है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।



# अपनी आत्मा के स्वरूप को समझो: सागर महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कारप्रणेता, ज्ञानयोगी, आचार्य श्री 108 सौरभ सागर महामुनिराज ने मुनिसुव्रतनाथ दिग. ंबर जैन मंदिर कमेटी के तत्वावधान में आयोजित धर्मसभा में अतिथि भवन बड़ौत में कहा कि किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें उस वस्तु के सत्य के स्वरुप को समझना चाहिए।

तभी हम सफलता प्राप्त कर सकते है, बिना सत्य के स्वरुप को जाने बिना हमें असफलता ही मिलती है। श्चारों कषायों की निर्जरा के बाद ही हम सत्य को प्राप्त कर सकते हैं, जिसने द्रव्य, गुण, पर्याय से वस्तु को जान लिया,वहीं अपने आत्म स्वरुप को समझता है। अतः व्यवहार से भगवान ने सत्य के 10 स्वरुप बतायें और निश्वय से अपनी आत्मा की अनुभूति ही सत्य धर्म है। सत्य की खोज में जाते है, असत्य मिलता है, शुद्ध की चाह में अशुद्धि की प्राप्ति होती है, चाहते सब कुछ है, माला फैरते है,सामायिक पूजा करते करते एनर्जी शक्ति चाहिए, थकान आ गई क्यों, क्योंकि हम दूसरों के लिये कर रहे थे, अपनी आत्मा के लिए नहीं किया, पर के लिए किया इसलिए ऐसा हुआ। सभा में पंकज जैन, अजय जैन काले, प्रवीण जैन, मनोज जैन, राजकुमार जैन, सुखमाल जैन, राकेश जैन, सौरभ जैन, कमल जैन, अमित जैन, अंकुर जैन आदि उपस्थित थे।

# सपा बूथ लेवल एजेंट के सम्मान में कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में पिलाना ब्लॉक पिलाना विकासखंड के सपा बूथ लेवल एजेंट के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने की और कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव नीरज पाल रहे।

कार्यक्रम में विशेष गहन पुन. निरक्षण मतदाता सूची के लिए समाजवादी पार्टी ने जनपद प्रदेश भर में प्रत्येक बूथ पर अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए हैं जो आम जान की मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में आने वाली परेशानियों में सहायता करने और प्रदेश में कोई मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित न हो उस कार्य को कर रहे हैं। इसी क्रम में जनपद बागपत की पिलाना विकासखंड में बबी एल ए का सम्मान समारोह किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासि. चव नीरपाल ने कहा कि सपा प्रदेश में एसआईआर के माध्यम से पीडीए समाज के लोगों के वोट के अधिक. ार पर चोट नहीं होने देगी और 2027 के चुनाव की तैयारी के लिए प्रत्येक मतदाता के साथ खड़ी रहेगी अभी हाल में संपन्न बिहार चुनाव में एसआईआर के माध्यम से लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव और सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी ने कहा कि भाजपा एसआईआर कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी तंत्र का प्रयोग करते हुए प्रत्येक चुनाव को प्रभावित करना चाहती है, लेकिन उत्तर प्रदेश में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में भाजपा के मनसुबों को और सरकारी संस्थाओं को विपक्षी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं के विरुद्ध हथियार के रूप में प्रयोग नहीं होने देगी। इस अवसर पर सभी सपा बी एल ए को शाल औरऺटका पहनाकर सम्मानित किया और सभी समाजवादी नेतागणों पदाधिकारी गण और कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, एसपी यादव, रवि बैसला, शाहरुख, सतीश, राहुल यादव, तरुण यादव , भालेंद्र, रक्षक, कादिर, दीपक आदि मौजूद रहे।



# झाड़ियों से मिला शिशु, दंपति ने मांगी पालने की अनुमति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को क्षेत्र के गांव पीरखेड़ा निवासी एक दंपति कलक्ट्रेट पहुंचा और एसडीएम सदर अर्चना शर्मा से झाड़ियों में मिले एक शिशु को पालने की अनुमति देने की मांग की।

पीड़ित संजीव कुमार पुत्र स्व। सुखपाल ने प्रार्थना पत्र में बताया कि 26 नवंबर की शाम करीब 5 बजे गांव निवासी प्रवीन पुत्र जसबीर उनके घर आया और एक नवजात शिशु थमाते हुए कहा कि यह बच्चा उसे झाड़ियों में मिला है, इसे संभाल लो। दंपति की कोई संतान नहीं थी, जिसके चलते उन्होंने बच्चे को खुशी-खुशी रख लिया। संजीव का आरोप है कि दो



दिन बाद प्रवीन दोबारा उनके घर पहुंचा और बच्चे को वापस मांगने लगा। इससे दंपति में भय और असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। दंपति ने एसडीएम से मांग की है कि उन्हें शिशु को पालने की आधिकारिक अनुमति प्रदान की जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी परेशानी न हो और बच्चे का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।



**चाइल्ड हेल्पलाइन को मिली थी सूचना जिसके बाद विभाग द्वारा नवजात शिशु को जिला अस्पताल में भर्ती कराकर। पेरेंट्स की खोजबीन शुरू कर दी है।**

## क्रिकेट ट्रायल की प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के दिशा-निर्देशों के तहत सत्र 2025-26 के लिए अंडर-14 क्रिकेट ट्रायल की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शामली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट कोऑर्डिनेटर विनय कुमार ने बताया कि जिले में अंडर-14 ट्रायल आगामी 30 नवंबर को आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ट्रायल का आयोजन शामली क्रिकेट एकेडमी, करनाल रोड पर किया जाएगा। ट्रायल शाम 2 बजे शुरू होंगे। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील की है कि वे अपने रजिस्ट्रेशन फॉर्म की रसीद और आधार कार्ड साथ लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित हों। विनय कुमार ने बताया कि सभी पंजीकृत खिलाड़ी रविवार को शाम 3 बजे तक शामली क्रिकेट एकेडमी के ग्राउंड पर पहुंच जाएं ताकि ट्रायल प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न की जा सके।

# नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का विरोध करने पर महिला को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मवी अहसमाल तिमाली में नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ और महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कोतवाल कैराना पर तहरीर देकर कई लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़िता के अनुसार उसका पति और बड़ा बेटा रोजगार के लिए घर से बाहर रहते हैं,वह अपनी दो बेटियों के साथ घर पर रहती है। आरोप है कि गांव का ही एक युवक पिछले कई दिनों से उसकी 15 वर्षीय बेटी को गलत नजरों से देखता था और जब-तब घर के सामने घूमता था। पीड़िता का कहना है कि वह इस व्यवहार का लगातार विरोध कर रही थी, लेकिन युवक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। घटना 27 नवंबर की शाम करीब 4 बजे की है। पीड़िता किसी काम से बाहर थी तभी उसकी नाबालिग बेटी ने शोर मचाकर बताया कि उपरोक्त युवक उसे पकड़कर छेड़छाड़ कर रहा है। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने उससे गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच आरोपी के परिजन मौके पर आ गए और महिला के साथ धक्का-मुक्की व अभद्रता की। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी और कहा कि शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पीड़िता के अनुसार उसकी बेटी को भी आरोपियों ने धमकाया और दबाव बनाकर चुप करवाने का प्रयास किया।पीड़िता ने कोतवाली पर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## बैंकेट हॉल से बाइक चोरी, तो किसानों के घर से उड़द की चोरी की घटना से दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गंगोह मार्ग पर स्थित एक बैंकेट हाल के निकट से गंगारामपुर निवासी एक व्यक्ति की बाइक को बदमाशों ने चोरी कर लिया और फरार हो गए।घटना में पीड़ित ग्राम प्रधान बताया गया है। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है।इसके अलावा दो किसानों ने पुलिस को घर से फसल चोरी का आरोप लगाया है। चौसाना चौकी क्षेत्र के गंगोह मार्ग पर पेट्रोल पंप के निकट स्थित एक बैंकेट हॉल से बदमाशों ने गंगारामपुर के ग्राम प्रधान नंदू की बाइक को चोरी कर लिया और फरार हो गए।घटना से सनसनी फैल गई।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों की तलाश में जुट गई।

# सुपीरियर फूड ग्रेंस ने किया दस करोड़ का गन्ना भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** सुपीरियर फूड ग्रेंस प्राइवेट लिमिटेड ने शुक्रवार को गत वर्ष का संपूर्ण गन्ना भुगतान कर दिया है चीनी मिल द्वारा बकाया करीब 10 करोड़ की धनराशि किसानों के खाते में भेज दी है। सुपीरियर फूड ग्रेंस प्राइवेट लिमिटेड ने गत वर्ष के पेराई सत्र में कल 303.76 करोड रूपए के गन्ने की खरीद की थी चीनी मिल द्वारा 25 नवंबर तक समस्त गन्ना बकाया भुगतान करने का वादा किया था शुक्रवार को चीनी मिल द्वारा गत वर्ष का बकाया 10.35 करोड़ रूपए गन्ना समितियां के खाते में भेज दिया जिसे किसानों के खाते में भेजा गया है चीनी मिल के मार्केटिंग हेड सतएंद्र सिंह ने बताया कि चीनी मिल द्वारा गन्ना समिति ऊन को 7.02 तथा शामली समिति को 3. 13 करोड रूपए भेज दिए गए हैं जो किसानों के खाते में भी पहुंच गए हैं चीनी मिल के वरिष्ठ गन्ना महाप्रबंधक कुलदीप पिलानिया ने बताया कि चीनी मिल द्वारा गत वर्ष के संपूर्ण बकाया भुगतान को कर दिया है। यूनिट हेड अवनीश चौधरी ने बताया कि गत वर्ष का संपूर्ण भुगतान करने के बाद चीनी मिल शीघ्र ही वर्तमान पेराई सत्र का भुगतान शुरू कर देगी।

# नवीन पुलिस लाइन का एसपी ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह द्वारा नवीन पुलिस लाइन शामली में आयोजित शुक्रवार परेड के दौरान निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह द्वारा पुलिस लाइन में आयोजित परेड की सलामी ली गई, जहां परेड में सम्मिलित अधिकारी एवं कर्मचारियों के टर्नआउट, ड्रिल कौशल तथा संपूर्ण अनुशासन का विस्तृत अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय ने पुलिस लाइन की परिवहन शाखा तथा यूपी-112 इकाई में तैनात वाहनों की स्थिति, उपलब्ध संसाधनों एवं उनके रख-रखाव से संबंधित व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। परेड में आरटीसी प्रशिक्षण ले रहे अभ्यर्थी भी शामिल



रहे, जिनके प्रदर्शन की सराहना की गई। पुलिस अधीक्षक ने नवीन पुलिस लाइन परिसर में स्थित आरटीसी मैस, बैरक, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण अभ्यर्थियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। प्राप्त बिंदुओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही, ने परिसर में निर्माणाधीन भवनों की प्रगति का निरीक्षण कर गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं समयसीमा के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

इसके उपरांत महोदय द्वारा अर्दली रूम में रखे विभिन्न रजिस्टरोंकृजैसे आगमनध्प्रस्थान पंजिका, शस्त्र रजिस्टर, मालखाना अभिलेख, दैनंदिन डायरी, निरीक्षण रजिस्टर आदि का अवलोकन किया गया। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, अद्यतन प्रविष्टियों तथा पारदर्शी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस व्यापक निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी थानाभवन जितेन्द्र सिंह, प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह सहित विभिन्न थानों एवं शाखाओं के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### चोरी की घटना में एक अभियुक्त पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 28.9.2025 को वादी अक्षय कुमार ठाकुर पुत्र राकेश कुमार, निवासी मोहल्ला सुभाषनगर रेलपार, थाना आदर्शमण्डी, जनपद शामली के घर से अज्ञात चोरों द्वारा एक जोड़ी चांदी की पाजेब, एक सोने की अंगूठी, नगद रूपए व दो मोबाइल फोन चोरी कर लिए जाने के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। चोरी की घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह द्वारा प्रभारी निरीक्षक आदर्शमण्डी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा चोरी की घटना में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की एक अंगूठी पीली धातु, 1 जोड़ी पाजेब सफेद धातु, 1 मोबाइल फोन रेडमी कंपनी रंग कॉफी पिंक एवं रु. 1000 नगद बरामद हुए हैं। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्शमण्डी पर विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त सलमान पुत्र रीशु, निवासी मोहल्ला घास मण्डी, थाना थानाभवन, जनपद शामली है।

### छेड़छाड़ के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 27.11.2025 को थाना बाबरी क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग से छेडछाड करने के मामले में पीड़िता के परिजन द्वारा थाना बाबरी पर नामजद तहरीर दी गई थी । तहरीर के आधार पर थाना बाबरी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। आज पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना बाबरी पुलिस द्वारा नाबालिग से छेडछाड करने के मामले में 1 बाल अपचारी को पुलिस हिरासत में व 2 अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्तगण उस्मान पुत्र जाहिद निवासी ग्राम बाबरी थाना बाबरी जनपद शामली व बिलाल पुत्र जाहिद निवासी ग्राम बाबरी थाना बाबरी जनपद शामली है।

### संदिग्ध युवक से 26.90 ग्राम स्मैक बरामद, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन पुलिस ने देर शाम एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 26.90 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।थाना पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक दीपचन्द पुलिस टीम संदीप कुमार और रोहित कुमार के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गांव गोंसगढ़-मसावी मार्ग पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 26.90 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अंसार पुत्र अल्लादीन, निवासी हसनपुर लुहारी, थाना थानाभवन बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

# डा. हिमानी अग्रवाल ने गर्भवती महिलाओं की कराई गोदभराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** डॉ हिमानी अग्रवाल, सदस्य, उप्र राज्य महिला आयोग द्वारा जनपद में अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बाल विकास परियोजना कैराना शामली में आंगनवाडी केन्द्र अलीपुर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर सदस्य, उप्र राज्य महिला आयोग द्वारा दो गर्भवती महिलाओ की गोद भराई कराई गई एंव सात माह आयू पूर्ण कर चुके दो बच्चो को अन्नप्राशन कराया गया गर्भवती महिलाओ को पोषण टोकरी दी गई तथा सात माह पूर्ण कर चुके बच्चो को भी पोषण टोकरी दी गई। इस अवसर पर वन स्टाप सैन्टर प्रभारी गजाला त्यागी, के द्वारा महिलाओ एंव बच्चो को




जागरूकता एंव कल्याण कारी योजनाओ की जानकारी दी गई। इस अवसर पर एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन, यामिनी रंजन जिला कार्यक्रम अधिकारी शामली, खण्ड विकास अधिकारी, वन स्टाप सेन्टर प्रभारी गजाला त्यागी, महिला थाना प्रभारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी सुदेश भारती, समस्त आगनवाडी कार्यकत्री एंव आंगनवाडी सहायिका उपस्थित रही। इसके बाद डॉ हिमानी अग्रवाल जी, माद्द सदस्य, उद्प्रद्द राज्य महिला आयोग द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाई स्कूल देवी मंदिर मार्ग कैराना में सप्त शक्ति संगम एवं मातृ सम्मेलन कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर सदस्य, उप्र राज्य महिला आयोग द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की जानकारी दी और कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग आपके द्वारा अभियान के अंतर्गत आप 24 घंटे आयोग के टोल फ्री नंबर पर शिकायत कर सकते हैं। उन्होंने बेटियों को सभी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी गजाला त्यागी ने महिलाओं को वन स्टार केंद्र की कार्यप्रणाली के बारे में अवगत कराया। इसके साथ ही महिलाओं को केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा महिलाओं के लिए संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही टोल फी नंबर,महिला हेल्पलाइन 181, सरकारी सीयूजी नंबर 9412102300 के बारे में भी जागरूक किया।उन्होंने मौके पर ही सभी महिलाओं को अपना पर्सनल नंबर देते हुए कहा कभी भी किसी भी समस्या के लिए हुए उन्हें फोन कर सकती हैं।कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रबंधक समिति के प्रबंधक प्रदुमन कुमार जैन, अध्यक्ष जयप्रकाश गर्ग,प्रधानाचार्य ज्ञानचंद जी, महिला थाना प्रभारी मोनिका चौहान, वन स्टॉप सेंटर प्रभारी गजाला त्यागी, सहित भारी संख्या में महिला बहने उपस्थिति रहीं।







# लोकतंत्र के मूल्यों के विकास को युवा संसद का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सेंट आरसी कान्वेट स्कूल में शुक्रवार को विद्यार्थियों को भारतीय संसदीय कार्यप्रणाली से परिचित कराने और उनमें लोकतांत्रिक मूल्यों को विक. सित करने के उद्देश्य से युवा संसद का भव्य आयोजन किया गया। छात्रों को नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल, नागरिक जागरूकता और सार्वजनिक भाषण जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी और चेययरमैन अरविंद संगल ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान दिल्ली संसद की तर्ज पर आयोजित युवा संसद में पक्ष और विपक्ष के छात्र सांसद आमने-सामने बैठे। नव निर्वाचित सांसदों को लोकसभा अध्यक्ष ने शपथ दिलाई, जिसके बाद सदन की कार्रवाई शुरू हुई। विपक्षी सदस्यों ने बेरोजगारी, आतंकवाद, नोटबंदी, नारी सुरक्षा, पेपर लीक समेत कई मुद्दों पर प्रश्न उठाए। वहीं एक राष्ट्र-एक चुनाव, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया जैसे विषयों पर भी तीखी बहस हुई। मंत्रियों ने सूझबूझ भरे उत्तर देकर सदन की कार्यवाही को आगे बढ़ाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका शुभम शर्मा, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की भूमिका चिराग जैन, राजनाथ सिंह की भूमिका पार्थ कौशिक, अमित शाह की भूमिका कृष्णम, नितिन गडकरी की भूमिका कृष्णा, पीयूष गोयल की भूमिका प्रियांशु, अखिलेश यादव की भूमिका दक्ष, धर्मेंद्र यादव की भूमिका आरिज, लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका पिक्सी सहित सभी बच्चों ने पात्रों का जीवंत अभिनय किया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संस्थाओंकृगौशाला संस्था, लायंस क्लब दोआब, लायंस क्लब क्राउन, रोटरी क्लब और भारत स्वाभिमान योग ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने बच्चों का हौसला बढ़ाया।

युवा संसद में अंशिका, राशि, निधि मित्तल, वंशिका, अनुष्का, .ष्टि सैनी, कनक, सुहाना सैनी, निहारिका, मनस्वी, अदिति शर्मा, प्रगति, नित्या, हार्दिक गर्ग, दिग्विजय, सान्वी, प्रिंस कुमार आदि ने लोकसभा सदस्यों की भूमिकाऐ निभाई। सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को निर्णायक मंडल की जज मीनू संगल और सीमा निर्वाल द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## गन्नों से भरा ओवरलोड ट्रक पलटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** शुक्रवार को गन्नों से भरा ओवरलोड ट्रक गागौर शुगर मिल की ओर जा रहा था।ग्रामीणों ने बताया कि जैसे ही वह गंगारामपुर खेड़की से मिल रोड की तरफ मुड़ा तो , ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया और कुछ दूरी पर जाकर सड़क किनारे पलट गया। ट्रक पलटते ही आसपास अफरा-तफरी मच गई। राह चलते लोगों ने भागकर जान बचाई। हादसे के बाद मौके पर लंबा जाम लग गया, जिससे राहगीर और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ओवरलोड वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



# प्रदूषण विभाग को दिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में जिला गंगा समितिध्जिला पर्यावरण समि. तिध्जिला वृक्षारोपण समिति बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने एजेंडा बिन्दु के अनुसार समीक्षा करते हुए जिन बिंदुओं पर कमी दिखी उसमें सुधार के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कंडेला इंडस्ट्रियल एरिया से अंडर ग्राउंड आ रहे प्रदूषित जल, जो सीधा कृष्णी नदी एवं अलीपुर, एरटी गांव की ओर जा रहे नाले के प्रदूषण को कम करने हेतु प्रदूषण विभाग को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए कि आप उक्त नाले का निरीक्षण करें,एवं आगमी बैठक में कार्ययोजना प्रस्तुत करे। जिसके पश्चात् मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आगमी वृक्षारोपण हेतु स्थल चयन करते हुए सूचना डीएफओ को उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए और जिन विभागों द्वारा वृक्षारोपण का अभी तक क्रॉस चौकिंग की सूचना नहीं भेजी गई है। उन्हें जल्द से जल्द सूचना भेजने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिका. रियों को सिंगल यूज प्लास्टिक पर नियमित रूप से रोकथाम कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परियोजना अधिकारी, नमामि गंगे, डॉ सोनू कुमार, लोक निर्माण विभाग, उद्योग विभाग, ड्रैनेज खंड, कृषि विभाग, पीडब्ल्यूडी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिंचाई विभाग, पंचायती राज विभाग आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## शिक्षकों की एनपीएस राशि खातों में जमा न होने की समस्या उठाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के दोनों गुटों के पदाधिक. ारियों ने शुक्रवार को नवागंतुक जिला विद्यालय निरीक्षक ऐश्वर्या लक्ष्मी जायसवाल से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया। जिलाध्यक्ष कैप्टन रजनीश कुमार, जिला महामंत्री जिया-उल-हक अंसारी, देवेंद्र कुमार तथा चेतनारायण गुट से सहारनपुर मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र हुड्डा, जिलाध्यक्ष प्रदीप मलिक और जिला मंत्री नीरज बेनीवाल शामिल रहे। पदाधिकारियों ने डीआईओएस को सहजन के पौधे भेंटकर सम्मानित किया। भेंट के दौरान शिक्षकों के विभिन्न लंबित मामलों पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेष रूप से नवंबर 2024 से अब तक शिक्षकों की एनपीएस राशि खातों में जमा न होने की समस्या को प्रमुखता से रखा गया। इस पर डीआईओएस ऐश्वर्या लक्ष्मी जायसवाल ने सभी लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

## मशीनों की मरम्मत के कारण झिंझाना कस्बा सात घंटे तक अंधेरे में डूबा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** टाउन बिजली घर में मशीनों की मरम्मत के चलते कस्बे की विद्युत आपूर्ति शुक्रवार को लगातार सात घंटे तक ठप रही। इसके चलते पूरा कस्बा दिन में ही अंधेरे में डूब गया। बिजली आपूर्ति सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रही। मरम्मत का कार्य पूरा होने के बाद ही कस्बे में बिजली सप्लाई सुचारू रूप से शुरू हो सकी। इस संबंध में अवर अभियंता सुरजीत सिंह ने बताया कि मशीनों में हुए तकनीकी खराबी के कारण ही विद्युत आपूर्ति बंद करनी पड़ी। उन्होंने कहा, मशीनों में कुछ तकनीकी गड़बड़ी थी, जिसे हमने दुरुस्त कर दिया है।



# मुंबई इंडियंस ने अधिकतर खिलाड़ियों को फिर खरीदा

**नई दिल्ली, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने नई दिल्ली में हुई डब्ल्यूपीएल 2026 की मेगा नीलामी में अपनी 2025 की विजेता टीम के ज्यादातर खिलाड़ियों को सफलतापूर्वक वापस पा लिया। टीम की मालिक नीता एम. अंबानी ने कहा कि उनकी रणनीति पुराने चैंपियन खिलाड़ियों को फिर से साथ लाने की थी। उन्होंने अमेलिया केर, शबनिम इस्माइल, साईका इशाक, सजाना और संस्कृति गुप्ता की वापसी को लेकर खुशी जताई। कप्तान हरमनप्रीत कौर, नैट शिवर-ब्रंट, हेली मैथ्यूज, अमनजोत कौर और जी. कमलिनी पहले से ही रिटेन थीं। नीता अंबानी ने इस मौके पर कहा कि नीलामी का दिन हमेशा रोमांचक होता है।

हमारी रणनीति यह थी कि जीत दिलाने वाली टीम को जितना हो सके वापस लाया जाए। मुझे अमेलिया केर की वापसी को लेकर बेहद खुशी है और हमारी चार 'एस' यानी शबनिम, साईका, सजाना और संस्कृति का फिर से टीम के साथ शामिल होना शानदार है।

साथ ही हम तीन युवा खिलाड़ियों-रहीला फिरदौस, नल्ला क्रांति रेड्डी और त्रिवेणी वशिष्ठ का भी टीम में स्वागत करते हैं। पूनम खेमनार, मिली इलिंगवर्थ और निकोला केरी को मुंबई-इंडियंस परिवार में शामिल करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है।

नीलामी में मौजूद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि शुरू में थोड़ा नर्वस थी, लेकिन जिस तरह से हमने प्लानिंग की और हर किसी की भागीदारी रही। खासकर नीता मैम की, वह शानदार थी। उन्होंने हमेशा हमें सपोर्ट किया है। टीम के पुराने चेहरे फिर हमारे साथ हैं, जो बताता है कि टीम मैनेजमेंट को हम पर कितना भरोसा है।

# पूरी तरह फिट हुए रजत पाटीदार




● **रजत बाएं घुटने की हल्की चोट से उबर चुके हैं और बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने उन्हें खेलने की अनुमति दे दी है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रजत पाटीदार बाएं घुटने की हल्की चोट से उबर चुके हैं और बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने उन्हें खेलने की अनुमति दे दी है। वह शुक्रवार को कोलकाता में मध्य प्रदेश की टीम से दोबारा जुड़ेंगे और रविवार को होने वाले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के तीसरे राउंड के लिए उपलब्ध रहेंगे। पाटीदार एमपी के कप्तान हैं। पिछले चार हफ्तों से वह प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेल पाए थे। दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट में भारत ए के लिए खेलने के बाद उन्हें लगातार घुटने में दर्द हो रहा था। इसके कारण वह रणजी ट्रॉफी के कुछ मैच से भी दूर रहे। यह दर्द उन्हें 15 अक्तूबर को पंजाब के खिलाफ एमपी के पहले रणजी मैच के दौरान महसूस हुआ था। ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार पाटीदार ने 10 दिन का रिहैब प्रोग्राम पूरा किया और सीओई की मेडिकल टीम ने उन्हें फिर से खेलने की अनुमति दे दी है। वह नेट में दोबारा बल्लेबाज़ी शुरू कर चुके हैं। चोट से पहले पाटीदार बेहतरीन लय में थे। उन्होंने रणजी सीजन की शुरुआत पंजाब के खिलाफ दोहरा शतक लगाकर की थी। इस दौरान दलीप ट्रॉफी में सेंट्रल ज़ोन के कप्तान के तौर पर वह खिताबी सफर में दो शतक और दो अर्धशतक भी लगा चुके थे। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 उनके लिए आईपीएल 2025 के बाद पहला सफेद गेंद का टूर्नामेंट होगा, जहां वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को उनका पहला खिताब दिलाने वाले कप्तान थे। इसके बाद पाटीदार को राज्य टीम की सभी फॉर्मेट की कप्तानी सौंप दी गई, जहां उन्होंने शुभम शर्मा की जगह ली। पिछले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सीजन में एमपी उपविजेता रही थी और पाटीदार का योगदान अहम था। वह 428 रन के साथ टूर्नामेंट के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज थे। उन्होंने नौ पारियों में 186.08 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारत दिसम्बर में पांच महिला टी-20 मैचों के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा

**मुम्बई, वार्ता।** अगले वर्ष जनवरी में शुरू होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 से पहले भारत दिसम्बर में पांच महिला अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों की मेजबानी करेगा। यह सीरीज 21 से 30 दिसम्बर तक खेली जाएगी, इसके पहले दो मैच विशाखापत्तनम में और आखिरी तीन तिरुवनंतपुरम में होंगे। इसके बाद डब्ल्यूपीएल नौ जनवरी से नवी मुंबई में शुरू होगा और फिर दूसरे हाफ के लिए वडोदरा जाएगा, भले ही श्रीलंका का कोई भी खिलाड़ी डब्ल्यूपीएल की पांचों टीमों में से किसी में भी नहीं है। भारत और बंगलादेश के बीच दिसम्बर में भारत में होने वाली सफेद गेंद सीरीज के इस महीने की शुरुआत में स्थगित होने के बाद इस श्रीलंका के साथ टी-20 सीरीज के कार्यक्रम का निर्धारित किया। भारत और श्रीलंका के बीच पांच टी-20 अगले साल इंग्लैंड में 12 जून से खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी के तौर पर काम करेंगे।

### नीरज चोपड़ा ने कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलने पर खुशी जताई

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने भी भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलने पर खुशी ज़ाहिर की है। उन्होंने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि भारत को 2030 में शताब्दी राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का सम्मान मिला है, जो एक सच्चे खेल राष्ट्र बनने की हमारी यात्रा में एक सशक्त कदम है। यह ऐतिहासिक क्षण प्रत्येक भारतीय खिलाड़ी, खेल प्रशंसक और नागरिक को अपार गर्व से भर देता है।

# श्रीलंका ने पाक को हराया

● **कामिल मिशारा ने 76 और कुसल ने 40 रनों की पारी खेली दुश्मांता ने चार विकेट लिए**

**रावलपिंडी, वार्ता।** कामिल मिशारा (76) और कुसल मेंडिस (40) के बाद दुश्मांता चमीरा (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर श्रीलंका ने त्रिकोणीय छठे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को छह रनों से हरा दिया।

185 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान के बल्लेबाजों को दुष्मंथा चमीरा के घातक गेंदबाजी के आक्रमण का सामना करना पड़ा और उसने 43 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए। साहिबजादा फरहान (नौ), बाबर आजम (शून्य), फखर जमान (एक) तथा सैम अयुब 27 रन बनाकर आउट हुए। ऐसे सकंट के समय कप्तान आगा सलमान ने उस्मान खान के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 56 रन जोड़े। 13वें ओवर में वानिंदु हसरंगा ने उस्मान खान 23 गेंदों में 33 रन को आउटकर तोड़ा। मोहम्मद नवाज 16 गेंदों में 27 और फहीम अशरफ सात रन बनाकर आउट हुए। दुश्मांता चमीरा ने शुरुआती शानदार स्पेल के बाद आखिरी ओवर में हिम्मत बनाए रखी।

उन्होंने आखिरी ओवर में तीन रन दिए और पाकिस्तान को सात विकेट पर 178 के स्कोर पर रोक कर मुकाबला छह रनों से मुकाबला अपने नाम किया। कप्तान आगा सलमान ने 44 गेंदों में चार चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 63 रनों की पारी खेली। श्रीलंका के लिए दुश्मांता चमीरा ने चार ओवर में 20 रन देकर चार विकेट झटके। इशान मलिंगा को दो विकेट मिले। वानिंदु हसरंगा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने गुरुवार रात खेले मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

# इंडियन विमेंस क्रिकेट टीम फॉर द ब्लाइंड की सदस्यों को 1-1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि

**नई दिल्ली, वार्ता।** पहले टी 20 वर्ल्ड कप फॉर द ब्लाइंड में अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद, इंडियन विमेंस क्रिकेट टीम फॉर द ब्लाइंड को आज चिटेल्स सीएसआर विंग, नोरा सोलोमन फाउंडेशन ने गर्मजोशी से सम्मानित किया। अपराजित रहते हुए, इस इवेंट में टीम के शानदार धैर्य, टीमवर्क और लचीलेपन को दिखाया गया। स्पोर्ट्स के ज़रिए सबको साथ लेकर चलने के अपने कमिटमेंट को दोहराते हुए, चिटेल्स ग्रुप ने पूरे टूर्नामेंट में टीम इंडिया को अपना सपोर्ट दिया और इंडियन टीम के हर सदस्य को 1-00 लाख रुपये की प्राइज मनी दी। ग्रुप की सीएसआर विंग, नोरा सोलोमन फाउंडेशन एजुकेशन, हेल्थकेयर और सोशल वेलफेयर में पहल करना जारी रखे हुए है। कैप्टन दीपिका टीसी की लीडरशिप में भारत की टीम ने नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और यूनाइटेड स्टेट्स

● **भारत की टीम ने नेपाल पाकिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और यूएस वाले छह देशों के टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाया**

वाले छह देशों के टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाया, जिसका फाइनल 23 नवम्बर 2025 को कोलंबो में खेला गया। सेरेमनी में, चिटेल्स ग्रुप के डायरेक्टर और नोरा सोलोमन फाउंडेशन के ट्रस्टी, प्रशांत सोलोमन ने कहा: "टीम की जीत भारत के लिए गर्व का पल है। इन शानदार एथलीटों ने बेमिसाल जोश और पक्का इरादा दिखाया है, जिससे दिव्यांग लोगों को आगे बढ़ने और अपने सपने और उम्मीदें पूरी करने की हिम्मत मिली है। उनकी वर्ल्ड कप जीत न सिर्फ भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट के लिए एक मील का पत्थर है, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का पल है। हमें इस कामयाबी का जश्न मनाने में उनके साथ खड़े होने का मौका मिला है। टीम के शानदार सफर के बारे में बताते हुए, कैप्टन दीपिका टीसी ने कहा कि इस जीत में हमारे सामने आए हर संघर्ष का वजन है (कम रिसोर्स, कड़ी ट्रेनिंग की चुनौतियां, और ऐसे पल जब हालात नामुमकिन लग रहे थे। लेकिन हमने हार नहीं मानी। वर्ल्ड कप चैंपियन के तौर पर यहां खड़े होना इस बात का सबूत है कि पक्का इरादा सबसे मुश्किल सफर को भी यादगार जीत में बदल सकता है। हमें उम्मीद है कि हमारी जीत हम जैसे और भी कई लोगों को हिम्मत के साथ अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित करेगी। चिटेल्स ग्रुप ने टूर्नामेंट को को-होस्ट करने के लिए भारत और श्रीलंका की सरकारों की दिल से तारीफ की और सपोर्टम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड के फाउंडर-मैनेजिंग ट्रस्टी डा. महंतेश को बधाई दी, जिन्होंने टीम को उसकी इस शानदार सफलता को सराहा।

# हरियाणा एक गेंद में 4/0 से जीता

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता में खेले गए हैदराबाद बनाम महाराष्ट्र के एक अन्य मुकाबले में अर्शिन कुलकर्णी के 54 बॉल में नाबाद 89 और पृथ्वी शॉ के 36 बॉल में 66 रन की जबरदस्त पारियों के दम पर महाराष्ट्र ने हैदराबाद को आठ गेंदें शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर 191 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें चामा मिलिंद (नाबाद 35), तनय त्यागराजन (32), राहुल बुद्धि (31), प्रज्ञय रेड्डी (26) और अरफाज अहमद ने (23) रनों का योगदान दिया। महाराष्ट्र के लिए जलज सक्सेना ने दो विकेट लिए। राजवर्धन हंगारगेकर, विक्की ओस्तवाल और रामकृष्ण घोष ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 192 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाराष्ट्र के लिए अर्शिन कुलकर्णी 54 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 89 रनों की पारी खेली। कप्तान पृथ्वी शॉ ने नौ चौके और तीन छक्कों की मदद से 66 रन बनाए। इसके बाद राहुल त्रिपाठी ने 11 गेंदों में 26 रन बनाकर महराष्ट्र को 18-4 ओव. रों में जीत दिला दी। कुलकर्णी और शॉ ने मात्र 12-1 ओवर में 117 रन की साझेदारी कर महाराष्ट्र को अच्छी शुरुआत दी।

संक्षिप्त स्कोर: हैदराबाद 20 ओवर में 191/8 (चामा मिलिंद नाबाद 35, तनय त्यागराजन 32, जलज सक्सेना 2-25) महाराष्ट्र से 18-4 ओवर में 192/2 (अर्शिन कुलकर्णी नाबाद 89, पृथ्वी शॉ 66( अजय देव गौड़ 1-34)

# अंशुल ने हरियाणा जीत में अहम भूमिका निभाई



● **सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलिट ग्रुप सी में हरियाणा ने सुपर ओवर में पंजाब को हराया**

**हैदराबाद, वार्ता।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप सी में पंजाब बनाम हरियाणा के रोमांचक मुकाबले में शुक्रवार को हरियाणा ने सुपर ओवर में पंजाब को हरा दिया। निर्धारित ओवरों में दोनों टीमों का स्कोर बाद 207- 207 बराबर रहने के बाद हुए सुपर ओवर में अंशुल कंबोज ने अभिषेक शर्मा और सनवीर सिंह को पहली ही गेंद पर डक पर आउट कर दिया, इसके बाद हरियाणा को जीत के लिए केवल दो रन बनाने थे। निशांत सिंधु ने चौका मारकर हरियाणा को जीत दिला दी। इससे पहले, कप्तान अंकित कुमार (26 गेंदों पर 51) और निशांत सिंधु (31 गेंदों पर 61) ने हरियाणा के लिए नौ विकेट पर 207 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया, सुमित कुमार ने 14 गेंदों में 28 रन का योगदान दिया। यशवर्धन दलाल (27) और सामंत जाखड़ 19 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब के लिए अश्विनी कुमार ने चार ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिए। अभिषेक शर्मा और रमनदीप सिंह, हरप्रीत बरार और मयंक मार्कंडेय ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। जवाब में पंजाब ने अभिषेक शर्मा को छह रन पर जल्दी खो दिया, जबकि प्रभसिमरन सिंह 20 रन पर आउट हो गए, दोनों को अंशुल कंबोज ने आउट किया। लेकिन, अनमोलप्रीत सिंह की 37 गेंदों पर 81 रन की तेज पारी ने पंजाब को फिर से लक्ष्य के पीछे जाने में मदद की, जबकि सनवीर सिंह की 16 गेंदों पर 30 रन की पारी ने सुनिश्चित किया कि पंजाब ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 207 रन बनाकर स्कोर बराबर कर दिया।

संक्षिप्त स्कोर: 20 ओवर में हरियाणा 207/9 (निशांत सिंधु 61, अंकित कुमार 51, अश्विनी कुमार 3-31) और पंजाब 20 ओवर में 207/7 (अनमोलप्रीत सिंह 81, सनवीर सिंह नाबाद 30, अंशुल कंबोज 2-26) के साथ टाई रहा। सुपर ओवर: पंजाब तीन गेंद में 1/2 (रमनदीप सिंह नाबाद एक रन बनाया।

# भारत सऊदी अरब से पहला मैच हारा

**रियाद, वार्ता।** भारतीय बास्केटबॉल टीम गुरुवार को रियाद ग्रीन हॉल में फीबा वर्ल्ड कप 2027 क्वालिफायर के अपने पहले मैच में सऊदी अरब से 75-51 से हार गई।

सऊदी अरब के लिए मुहम्मद-अली अब्दुर-रहमान ने गेम में सबसे ज्यादा 23 पॉइंट्स बनाए, जबकि हर्ष डागर 10 पॉइंट्स के साथ भारत के टॉप-स्कोरर रहे। मेजबान सऊदी अरब ने मार्जीक अलमुवालद के टू-पॉइंटर से स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया, इससे पहले अरविंद मुथु कृष्णन ने थ्री-पॉइंटर से भारत को आगे बढ़ाया। इसके बाद अरविंद मुथु कृष्णन ने टू-पॉइंटर से भारत को 5-4 की बढ़त दिलाई, लेकिन सऊदी अरब ने जल्द ही लगातार पॉइंट्स लेकर मैच पर कंट्रोल कर लिया और पहला क्वार्टर 28-16 की बढ़त के साथ खत्म किया। दूसरे क्वार्टर में सऊदी अरब ने अपनी बढ़त बनाए रखी, जिसमें मुहम्मद-अली अब्दुर-रहकमान ने गेम को भारतीय डिफेंस के पास ले जाकर अपनी मर्जी से स्कोर किया, जिससे पीरियड के आखिर में उनकी टीम को 45-32 की बढ़त मिल गई। तीसरे क्वार्टर में भी मैच का यही पैटर्न रहा, क्योंकि भारत का डिफेंस सऊदी अरब को रोकने में नाकाम रहा। मर्जीक अलम. ्वालाद, मोहम्मद अलसुवा. इलम, खालिद एम अब्देल गबर, अली शुबैली और मुसाब तारिक एम कादी, सभी ने सऊदी अरब के लिए पॉइंट्स बनाए।

### यूनिसेफ गुडविल एम्बेसडर सर डेविड बेकहम भारत में बच्चों से मिले

**मुंबई, वार्ता।** यूनिसेफ गुडविल एम्बेसडर सर डेविड बेकहम इस सप्ताह भारत की यात्रा के दौरान बच्चों और युवाओं से मिले और हर बच्चे के लिए समान अवसर, समावेशन और सशक्तिकरण की अपील की। सर डेविड बेकहम ने कहा कि मैं आज मैं जिन बच्चों और युवाओं से मिला, उनके जोश, हिम्मत और जुनून को देखकर मैं बहुत खुश हूं। वे कम उम्र में ही बदलाव के लिए संघर्ष कर रहे हैं और अपने भविष्य पर अपनी बात रख रहे हैं। वे वास्तव में प्रेरणादायक हैं और कई चुनौतियों को पार कर यहां तक पहुंचे हैं। उनका सफर हमें यह याद दिलाता है कि हमें बच्चों और युवाओं में इन्वेस्ट करते रहना चाहिए।

# जापान में रिकॉर्ड प्रदर्शन करने वाले डेफ्रलंपिक्स निशानेबाजों की सराहना

**जयपुर, वार्ता।** पैरालंपियन अवनि लेखारा और ओलंपियन मनु भाकर ने हाल ही में जापान के टोक्यो में संपन्न 25वें ग्रीष्मकालीन डेफ्लंपिक गेम्स में भारतीय दल के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की सराहना की। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (जयपुर) में पदक समारोह में शामिल हुई अवनि ने कहा, ष्भारत का इतना शानदार प्रदर्शन देखना अद्भुत है। विशेषकर निशानेबाजी में लगातार पदक आते देख मैं बहुत खुश और गर्व महसूस करती हूं। मैं चाहती हूं कि खिलाड़ी ऐसे ही आगे बढ़ते रहें और हम दर्शक भी उनका समर्थन करते रहें ताकि आने वाले वर्षों में वे और भी बेहतर करें। कई भारतीय निशानेबाजों ने डेफ्रलंपिक्स में एक से अधिक पदक जीते। माहित संधू ने चार पदक जीतकर भारत के अभियान का नेतृत्व किया

● **माहित संधू ने चार पदक जीतकर भारत के अभियान का नेतृत्व किया जबकि प्रांजलि और अभिनव ने 3-3 पदक जीते**

जबकि प्रांजली और अभिनव देशवाल ने तीन-तीन पदक अपने नाम किए। इसी तरह धनुष श्रीकांत ने दो पदक जीते। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने कहा कि विशेष रूप से सक्षम खिलाड़ियों का संघर्ष उन्हें भी प्रेरित करता है। मनु ने कहा, ष्हम खुद प्रेरित होते हैं जब विशेष रूप से सक्षम खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इतना अच्छा प्रदर्शन करते हैं। उनका जुनून और जज्बा हम सबके लिए प्रेरणा है। मैं हर खिलाड़ी को बधाई देना चाहती हूं। हम सभी आपको और देखते हैं और यदि हमें कभी आपकी मदद करने का मौका मिले तो हमें खुशी होगी। खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण जीत चुकी अवनि ने कहा कि भारत सरकार की पहल से जमीनी स्तर पर खेलों का इकोसिस्टम बेहद मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा, ष्भारत सरकार और खासकर साई बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स जैसी प्रतियोगिताएं जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को बड़ा मंच देती हैं और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ने के लिए लॉन्चिंग पैड का काम करते हैं। अगर ऐसी प्रतियोगिताएं बढ़ती रहे, तो भारत से आने वाले वर्षों में और भी अधिक एलीट खिलाड़ी निकलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को डेफ्रलंपिक में शामिल एथलीटों को बधाई देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा था।

# अंडर-एशिया कप में भारत की अगुवाई करेंगे आयुष

**मुंबई, वार्ता।** के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को 12 दिसम्बर से दुबई में होने वाले एसीसी अंडर-19 एशिया कप के लिए भारत अंडर-19 टीम का कप्तान बनाया गया है। बीसीसीआई ने टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें आक्रामक ओपनर वैभव सूर्यवंशी भी शामिल हैं। विहान मल्होत्रा को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। म्हात्रे का हालिया फॉर्म कुछ खास नहीं रहा है। उन्होंने आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए अच्छा प्रदर्शन कर प्रभावित किया था, जहां उन्हें चोटिल )तुराज गायकवाड़ की जगह टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने सात मैचों में लगभग 189 की स्ट्राइक रेट से 240 रन बनाए। लेकिन उसके बाद से उनके प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही। म्हात्रे ने इंग्लैंड दौरे पर चार एकदिवसीय मैचों में सिर्फ 27

● **बीसीसीआई ने टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें वैभव सूर्यवंशी भी शामिल है**

रन बनाए, लेकिन दो यूथ टेस्ट में 340 रन बनाकर टॉप-स्कोरर रहे। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने तीन एकदिवसीय मैचों में केवल 10 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ यूथ टेस्ट में उनके नाम सिर्फ 38 रन रहे। भारत के घरेलू सीजन में खेले गए चार प्रथम श्रेणी मैचों में, जिसमें दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए का एक मैच शामिल था, म्हात्रे केवल 26 की औसत से सिर्फ 156 रन बना पाए। इसके बाद हुए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मुकाबले में उन्होंने रेलवे के खिलाफ केवल 18 रन बनाए। अंडर-19 एशिया कप एकदिवसीय फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसमें भारत ग्रुप ए में




पाकिस्तान और दो अन्य क्वालिफाइंग टीमों के साथ है। वहीं बंगलादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान, एक अन्य क्वालिफायर के साथ ग्रुप बी में हैं। भारत अपना अभियान 12 दिसम्बर को किसी एक क्वालिफायर के खिलाफ शुरू करेगा।

पुरुषों के अंडर-19 एशिया कप के लिए भारत की टीम: आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा (उपकप्तान), वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, नमन पुष्पक, डी-दीपेश, हेनील पटेल, किशन कुमार सिंह(, उ(व मोहन, ऐरन जॉर्ज। क्लीयरेंस पर निर्भर

स्टैंडबाय खिलाड़ी: राहुल कुमार, हेमचुदेशन जे, बी-के-किशोर, आदित्य रावत

# सांसों पर संकट

देश की राजधानी में सांसों पर संकट आ रहा है, लेकिन कोई देखने वाला नहीं है। बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। वे डाक्टरों के पास जाकर अपनी गाढ़ी कमाई खर्च कर रहे हैं, जिससे उनके पास रोटी तक के पैसे नहीं बचे हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। इसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी नेता और सांसद भाग लेंगे। इससे पहले कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देशभर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर संसद में तुरंत और विस्तार से बहस कराने की मांग की है। उन्होंने लिखा कि बच्चे रोजाना जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं, मोदी जी आप चुप कैसे रह सकते हैं। देश की हजारों माताएं अपने बच्चों की सेहत को लेकर डरी और परेशान हैं, क्योंकि बच्चे रोजाना जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं। इस गंभीर समस्या पर न तो कोई जल्दी दिखाई जा रही है, न कोई ठोस प्लान और न ही जवाबदेही। दिल्ली-एनसीआर में सर्वे किए गए कुल लोगों में से 80 परसेंट से अधिक लोगों ने बताया कि उन्हें लगातार हेल्थ प्रॉब्लम हो रही हैं, जिसमें पुरानी खांसी, बहुत ज्यादा थकान और प्रदूषित हवा की वजह से सांस लेने में जलन शामिल है। सर्वे से पता चला है कि पिछले साल 68.3 परसेंट लोगों ने प्रदूषण से जुड़ी खास बीमारियों के लिए मेडिकल मदद ली थी। बता दें कि यह एक हेल्थकेयर संकट है जो बढ़ रहा है। इस समय दिल्ली की हवा सबसे ज्यादा प्रदूषित है, जिसे रोकने के लिए सरकार की ओर से कोई इंतजाम नहीं किए गए है। पिछले दिनों दिल्ली सरकार ने कृत्रिम वर्षा कराने का फैसला लिया था, जो पूरी तरह फेल हो गया। अब सर्दी के यौवन पर आते ही धुंध ने दिल्ली को चारों तरफ से घेर रखा है, जिसका असर सीधा फेफड़ों पर पड़ रहा है। इस बात को लेकर दो दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी आपत्ति जताई थी, फिर भी इसकी रोकथाम के लिए कोई उपाय नहीं किए गए हैं। वायु प्रदूषण से गंभीर बीमारियां हो जाती हैं, जिनमें फेफड़ों और हृदय संबंधी बीमारियां प्रमुख हैं, जैसे अस्थमा, सीओपीडी, फेफड़ों का कैंसर, दिल का दौरा, और स्ट्रोक। इसके अलावा, वायु प्रदूषण निचले श्वसन तंत्र के संक्रमण (जैसे निमोनिया), टाइप 2 मधुमेह, और गर्भावस्था से संबंधित जटिलताओं का भी जोखिम बढ़ाता है। इसलिए इस पर रोक लगाना सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि यह समस्या आज की नहीं है, हर साल इसी समस्या से जूझना पड़ता है। सरकार को चाहिए कि वह इसके लिए सार्थक कदम उठाए, ताकि लोग साफ हवा में सांस लेकर गंभीर बीमा. रियों से बच सकें। भारत को हवा के प्रदूषण पर तुरंत, विस्तृत संसद बहस की जरूरत है और इस स्वास्थ्य आपातकाल से निपटने के लिए एक सख्त, लागू की जा सकने वाली कार्य योजना चाहिए। साफ हवा और साफ पानी हर नागरिक का बुनियादी अधिकार है। दिल्ली सहित उत्तर भारत में हवा जानलेवा हो चुकी है और समाधान देने की बजाय सरकार जनता से टैक्स वसूल रही है। लोग अपने परिवार को प्रदूषण से बचाने के लिए एयर प्यूरीफायर लेने जाते हैं, और वहां पता चलता है कि सरकार उस पर 18 प्रतिशत जीएसटी वसूल रही है। ये सरासर अन्याय है।

## व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल



व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया है, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में विश्वसनीय साझेदारों का होना जरूरी है, पिछले कुछ समय से हमने व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल होते देखा है, हमने अनुभव किया है कि दुनिया में विश्वसनीय साझेदारों का होना कितना जरूरी है, उन देशों के साथ काम करना कितना जरूरी है जो निष्पक्ष व्यापार और परस्पर समान अवसर में विश्वास करते हैं, भारत अब विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) पर काम कर रहा है, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन, चार विकसित यूरोपीय देशों से यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ एफटीए पहले ही किया जा चुके हैं।

**-पीयूष गोयल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री**

# भयावह होता जा रहा है दिल्ली का प्रदूषण

दिल्ली का वायु प्रदूषण आज केवल एक पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि एक गंभीर मानवीय संकट बन चुका है। राजधानी की हवा में घुला जहर हर सांस में महसूस किया जा सकता है। नवंबर और दिसंबर के महीनों में स्थिति इतनी भयावह हो जाती है कि दिल्ली का आसमान धुंध से ढका रहता है और सूरज की रोशनी तक पूरी तरह से धरती पर नहीं पहुंच पाती। बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और अस्थमा व हृदय रोग से पीड़ित लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। हवा में प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ जाता है कि एयर क्वालिटी इंडेक्स 450 से भी ऊपर पहुंच जाता है, जो कि गंभीर स्तर से भी आगे की स्थिति है। इस जहरीली हवा का असर आंखों में जलन, गले में खराश, सांस लेने में कठिनाई, सीने में दर्द और थकान जैसे लक्षणों के रूप में दिखाई देता है। दिल्ली के अस्पतालों में ऐसे मरीजों की संख्या हर साल सर्दियों में कई गुना बढ़ जाती है। दिल्ली में प्रदूषण के मुख्य कारणों की बात की जाए तो अनेक कारक इसके लिए जिम्मेदार हैं। पूरे वर्ष प्रदूषण बना रहता है, लेकिन सर्दियों में यह खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है। दिल्ली के आसपास के राज्यों पंजाब और हरियाणा में पराली जलाना प्रदूषण का एक बड़ा कारण बनता है। किसान धान की फसल कटने के बाद उसके अवशेषों को खेतों में ही आग लगा कर खत्म करते हैं। इससे निकलने वाला धुआं हवा के साथ दिल्ली पहुंचता है और शहर को एक बड़े गैस चौंबर में बदल देता है। दूसरी तरफ दिल्ली में वाहनों की संख्या करोड़ों में पहुंच चुकी है और निजी वाहनों के बढ़ते उपयोग से निकलने वाली गैसें प्रदूषण को और खतरनाक बनाती हैं। डीजल और पेट्रोल से चलने वाली गाड़ियों से निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और अन्य विषैले कण फेफड़ों को बुरी तरह नुकसान पहुंचाते हैं।

दिल्ली में औद्योगिक गतिविधियां भी प्रदूषण बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कई औद्योगिक क्षेत्र ऐसे हैं जहां धुआं उत्सर्जन मानकों का पालन नहीं किया जाता। फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं हवा को जहरीला बना देता है और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को गंभीर स्वास्थ्य खतरा पैदा करता है। निर्माण स्थलों पर चलने वाली गतिविधियां भी धूल के बड़े स्रोत हैं। बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के दौरान उड़ने वाली धूल महीन कणों के रूप में हवा में फैल जाती है, जो शरीर में प्रवेश कर कई बीमारियों को जन्म देती है। कूड़ा-कचरा जलाना, सड़क की धूल, थर्मल पावर प्लांट्स से निकलने वाला धुआं, और मौसम संबंधी स्थितियां यह सभी प्रदूषण को बढ़ाने में योगदान देते हैं। सर्दियों में तापमान गिरने के कारण हवा का दबाव बदल जाता है और प्रदूषक तत्व हवा में ऊपर नहीं उठते, बल्कि जमीन के करीब ही फंसे रहते हैं। हवा की गति कम हो जाने पर यह जहरीली परत दिल्ली की हवा को और ज्यादा दमघोंटू बना देती है। वैज्ञानिक इसे इन्वर्शन स्थिति कहते हैं जिसमें प्रदूषण इतना अधिक बढ़ जाता है कि स्वस्थ व्यक्ति भी बीमार हो सकता है। इस मौसम में घरों के अंदर मौजूद लोग भी प्रदूषण से पूरी तरह सुरक्षित नहीं होते। छोटे बच्चों के फेफड़े अभी विकसित हो रहे होते हैं और इस जहरीली हवा के कारण उनमें आजीवन स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। दिल्ली के स्कूलों में प्रदूषण बढ़ने पर छुट्टियां घोषित की जाती हैं, लेकिन यह समाधान नहीं है, बल्कि एक मजबूरी है। बच्चों को बाहर खेलने की अनुमति नहीं मिलती, खेल मैदान खाली दिखाई देते हैं। कुछ स्कूल एयर प्यूरीफायर का उपयोग करते हैं, लेकिन यह समाधान केवल कुछ ही लोगों तक सीमित है। सार्वजनिक स्थलों पर मास्क पहनना अनिवार्य जैसा हो जाता है। प्रदूषण का असर मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। लगातार तनाव, चिंता और कमजोरी लोगों के सामान्य जीवन को प्रभावित करती है।



जिन लोगों की रोजी-रोटी सड़क पर चलने या मेहनत के कामों पर निर्भर है, जैसे रिक्शा चालक, मजदूर, डिलीवरी कर्मचारी और सफाई कर्मी, उन्हें सबसे ज्यादा परेशानी होती है क्योंकि वे पूरे दिन खुले वातावरण में रहते हैं। दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार द्वारा प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए जाते हैं। निर्माण गति. विधियों पर रोक, डीजल जेनरेटर पर प्रतिबंध, पानी का छिड़काव, स्मॉग टावर, ग्रैप (ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान), औद्योगिक क्षेत्रों की निगरानी और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने जैसे उपाय किए जाते हैं। ऑड-ईवन योजना भी कुछ समय के लिए लागू की गई थी जिससे सड़कों पर वाहनों की संख्या कम हुई। इसके बावजूद स्थाई समाधान अब तक नहीं मिल पाया है। मुख्य चुनौती यह है कि प्रदूषण अनेक स्रोतों से पैदा होता है और प्रत्एक क्षेत्र में समान रूप से नियंत्रण लागू नहीं हो पाता। भारत में प्रदूषण का संकट केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक भी है। किसानों के सामने पराली जलाने के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन मशीनों की कीमत और अतिरिक्त खर्च के कारण वे अपने खेतों में आग लगाना ही आसान समझते हैं। सरकार मशीनें सब्सिडी पर उपलब्ध कराती है, लेकिन उन्हें पर्याप्त रूप से फैलाने और उपयोग को सुगम बनाने की आवश्यकता है। इसी प्रकार दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन के विस्तार की आवश्यकता है ताकि लोग निजी वाहनों पर निर्भर न रहें। मेट्रो ने बड़ी भूमिका निभाई है, लेकिन यह अभी भी अधिक भीड़ और सीमित पहुंच के कारण पूरी तरह पर्याप्त नहीं है। प्रदूषण का स्वास्थ्य पर प्रभाव गहरा और दीर्घकालिक होता है। लगातार प्रदूषित हवा में सांस लेने से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों में संक्रमण, निमोनिया, हृदय रोग और यहां तक कि कैंसर जैसी बीमारियां हो सकती हैं। कई अध्ययन बताते हैं कि दिल्ली में रहने वाले लोगों की उम्र अन्य क्षेत्रों की तुलना में कम हो सकती है क्योंकि प्रदूषण शरीर के हर अंग को प्रभावित करता है। गर्भवती महिलाओं और अजन्मे शिशुओं पर इसका असर अधिक गंभीर हो सकता है। दिल्ली का वायु प्रदूषण केवल सरकारी या औद्योगिक स्तर का मुद्दा नहीं, बल्कि हर नागरिक से जुड़ा हुआ है। समाज के सभी हिस्सों को मिलकर काम करना होगा। व्यक्तिगत स्तर पर भी कुछ सावधानियां अपनाना जरूरी है जैसे मास्क पहनना, घर में पौधे लगाना, गाड़ियों का कम उपयोग करना, बाइक या कार शेयरिंग करना, बिजली की बचत करना और कूड़ा जलाने जैसी गतिविधियों से बचना। लोग यह मानकर चलते हैं कि अकेले व्यक्ति के बदलाव से कुछ नहीं होगा, लेकिन यही सोच समस्या को बढ़ाती है। यदि हर नागरिक अपने स्तर पर जागरूक हो जाए तो प्रदूषण को काफी हद तक कम किया जा सकता है। भविष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम यह होगा कि प्रदूषण नियंत्रण पर केवल मौसमी कदम न उठाए जाएं बल्कि पूरे साल दीर्घकालिक योजनाएं लागू की जाएं। स्कूलों में पर्यावरण शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिए। नई तकनीक को उद्योगों और कृषि क्षेत्रों में अनिवार्य किया जाना चाहिए। सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन को पारदर्शी एवं कठोर बनाना आवश्यक है।

साथ ही हवा को स्वच्छ करने के लिए अधिक से अधिक पौधे और वृक्ष लगाने होंगे क्योंकि हरित क्षेत्र प्रदूषण कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हवा मनुष्य का पहला अधिकार है। जिस शहर की हवा ही सांस लेने योग्य न हो, वह शहर कितना भी विकसित क्यों न दिखाई दे, जीवन के मूल आधार पर असफल माना जाएगा। दिल्ली भारत की राजधानी है और देश की पहचान। यहां स्वच्छ हवा सुनिश्चित करना केवल पर्यावरणीय लक्ष्य नहीं, बल्कि लोगों के स्वस्थ और सुरक्षित जीवन का आधार है। इसका समाधान कठिन जरूर है, लेकिन असंभव नहीं। सरकार, समाज और नागरिक मिलकर यदि ईमानदारी से प्रयास करें तो एक ऐसा दिन जरूर आएगा जब दिल्ली फिर से नीला आसमान देखेगी और बच्चे बाहर खेलते हुए बिना मास्क के सांस ले सकेंगे। जब लोग सुबह की ठंडी हवा को महसूस कर सकेंगे और प्रदूषण का डर केवल इतिहास की बात बनकर रह जाएगा।

# संग्रहण भी करते थे प्राचीन शिकारी

**मिट्टी के बर्तनों का फैलाव देखने के लिए नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ऑयरलैंड के पुरातत्वविद रोवन मैकलॉफ्लिन और उनके साथियों ने बाल्टिक सागर और भूतपूर्व सोवियत संघ के यूरोपीय हिस्से के 156 पुरातात्विक स्थलों से इकट्ठा किए गए मिट्टी के बर्तनों के अवशेषों का विश्लेषण किया। इनमें से कई अवशेष वर्तमान रूस और यूक्रेन के संग्रहालयों में संग्रहित थे। बर्तनों में चिपके रह गए जले हुए भोजन का रेडियोकार्बन काल निर्धारण करके शोधकर्ता इनकी समयरेखा पता कर पाए। चिपके हुए वसा अवशेषों से पता चला कि वे या तो जुगाली करने वाले जानव. रों (जैसे हिरण या मवेशियों) का मांस पकाते थे या मछली, सूअर या सब्जी-भाजी उबालते थे।**

उत्तरी यूरेशिया में मिले लगभग 8000 साल पुराने टूटे और जले हुए भोजन अवशेष लगे मिट्टी के बर्तन चीनी मिट्टी के बर्तनों जैसे तो नहीं लगते लेकिन मांस और तरकारी रखने और पकाने की यह टिकाऊ तकनीक इस क्षेत्र में शिकारी-संग्रहकर्ताओं के लिए एक बड़ा कदम था और हालिया शोध बताता है कि यह तकनीक उन्होंने खुद विकसित की थी।

दरअसल वैज्ञानिक मानते आए थे कि यूरोप में मिट्टी के बर्तनों का आगमन लगभग 9000 साल पहले कृषि और जानव. रों के पालतूकरण के प्रसार के साथ हुआ था। उत्तरी युरोप में मिले लगभग इसी काल के बर्तनों के आधार पर माना जाता था कि यह तकनीक शिकारी-संग्रहकर्ताओं ने अपने अधिाक प्रगतिशील किसान पड़ोसियों से सीखी था, लेकिन नेचर ह्यूमन बिहेवियर में प्रकाशित एक अध्ययन बिल्कुल अलग कहानी कहता है। लगभग 20,000 साल पहले, सुदूर पूर्वी इलाकों में शिकारी-संग्रहकर्ताओं के समूहों के बीच मिट्टी के बर्तन बनाने और उपयोग करने के ज्ञान का प्रसार हो चुका था। ये बर्तन तब उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले चमड़े के बर्तनों से अधिक टिकाऊ थे और पकाने में उपयोग किए जाने वाले लकड़ी के बर्तनों की तरह आग में जलते नहीं थे। लगभग 7900 साल पहले तक यूराल पर्वत से लेकर दक्षिणी स्कैंडिनेविया तक मिट्टी के बर्तनों का उपयोग आम हो चुका था। मिट्टी के बर्तनों का फैलाव देखने के लिए नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ऑयरलैंड के पुरातत्वविद रोवन मैकलॉफ्लिन और उनके साथियों ने बाल्टिक सागर और भूतपूर्व सोवियत संघ के यूरोपीय हिस्से के 156 पुरातात्विक स्थलों से इकट्ठा किए गए मिट्टी के बर्तनों के अवशेषों का विश्लेषण किया। इनमें से कई अवशेष वर्तमान रूस और यूक्रेन के संग्रहालयों में संग्रहित थे। बर्तनों में चिपके रह गए जले हुए भोजन का रेडियोकार्बन काल-निर्धारण करके शोधकर्ता इनकी समयरेखा पता कर पाए। चिपके हुए वसा अवशेषों से पता चला कि वे या तो जुगाली करने वाले जानवरों (जैसे हिरण या मवेशियों) का मांस पकाते थे या मछली, सूअर या सब्जी-भाजी उबालते थे।

इसके अलावा, बर्तनों पर की गई कलाकारी और बर्तनों के आकार की तुलना करके शोधकर्ता पता लगा सके कि मिट्टी के बर्तनों का प्रसार एक से दूसरे समुदाय में कैसे हुआ। वैसे तो मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए कच्चा माल हर जगह उपलब्ध था, लेकिन उन्हें आकार देने और पकाने जैसा तकनीकी ज्ञान एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को हस्तांतरित हुआ होगा और साथ ही खाना पकाने की नई तकनीक भी सीखी गई होगी। सारे डैटा को एक साथ रखने पर टीम ने पाया कि उत्तरी यूरेशिया के कुछ हिस्सों में मिट्टी के बर्तन तेजी से फैले थे। कुछ ही शताब्दियों में यह तकनीक कैस्पियन सागर से उत्तरी और पश्चिमी हिस्से में फैल गई थी। जिस तेजी से इस क्षेत्र में मिट्टी के बर्तन बनाने का ज्ञान फैला, उससे लगता है कि यह ज्ञान लोगों के प्रवास के साथ आगे नहीं बढ़ा बल्कि एक समूह से दूसरे समूह में हस्तांतरित हुआ। ऐसा लगता है एक जगह से दूसरी जगह तक सफर ज्ञान ने किया, लोगों ने नहीं। यदि ऐसा है, तो ये नतीजे हाल ही में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन से विपरीत हैं जो बताता है कि एनातोलिया में यह तकनीक किस तरह से फैली। हालिया जेनेटिक साक्ष्य बताते हैं कि लगभग इसी समय एनातो. लिया से दक्षिणी यूरोप आए किसान अपने साथ मिट्टी के बर्तन बनाने के तरीके और परंपराएं लाए थे। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस पर अधिक शोध यह जानने में मदद कर सकता है कि वास्तव में यह ज्ञान कैसे फैला। जैसे यदि शिकारी-संग्रहकर्ता समाज पितृस्थानिक थे (जहां महिलाएं शादी के बाद ससुराल चली जाती हैं) तो मिट्टी के बर्तन बनाना महिलाओं द्वारा किया जाने वाला कार्य हो सकता है जो विवाह सम्बंधों के माध्यम से एक गांव से दूसरे गांव तक फैला होगा। बहरहाल, अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि हम जितना समझते थे शिकारी-संग्रहकर्ता उससे कहीं अधिक नवाचारी थे। प्रागैतिहासिक जापान से बाल्टिक सागर के किनारों तक घूमने वाले शिकारी-संग्रहकर्ता लोगों ने अपनी घुमंतु जीवन शैली को छोड़े बिना नई तकनीकों को गढ़ा और अपनाया था वे किसानों का अनुसरण नहीं कर रहे थे बल्कि सर्वथा अलग रास्ते पर आगे बढ़ रहे थे। इस मायने में देखा जाए तो शिकारी-संग्रहकर्ता समाज आविष्कारी समाज था। हालांकि रूस के वैज्ञानिक इस बारे में पहले से जानते थे और इसके अधिकतर साक्ष्य रूसी भाषा में प्रकाशित हुए थे, लेकिन द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यूरोप में खिंच गई अदृश्य दीवार के चलते इस जानकारी से बाकी लोग अनभिज्ञ रहे और बर्तनों का उपयोग किसानों और पशुपालकों की तकनीक माना जाता रहा। 1990 से यह अदृश्य दीवार ढहने लगी थी, पश्चिमी यूरोप और रूस, यूक्रेन व बाल्टिक क्षेत्र के शोधकर्ता संयुक्त अध्ययनों में शामिल होने लगे थे। हालिया अध्ययन भी इसी सहयोग की मिसाल है। यूक्रेन-रूस युद्ध ने इस दीवार को फिर ऊंचा कर दिया है।

**(स्रोत फीचर्स)**

# जेन गुडॉल ने दिए वन्यजीव अध्ययन को नए आयाम

कुछ दशकों पहले तक वन्यजीवों पर किया जाने वाला अधिकांश वैज्ञानिक अध्ययन प्राणी संग्रहालयों के कृत्रिम वातावरण में होता था। शोधकर्ता पिंजरों के भीतर पले-बढ़े जानवरो को देखकर जंगली जानवरों के व्यवहार पर निष्कर्ष निकालते। ऐसे समय में, 1960 में मात्र 26 वर्ष की एक युवा महिला अपने घर से हजारों किलोमीटर दूर तंजानिया के गॉम्बे स्ट्रीम गेम रिजर्व पहुंची। उन्होंने वहां रहकर कठिन परिस्थितियों में जंगल में पले-बढ़े चिम्पैंजियों का प्रत्यक्ष निरीक्षण शुरू किया। किसी औपचारिक वैज्ञानिक प्रशिक्षण के बिना, वे एक ऐसे नए अध्याय की शुरुआत कर रही थीं जिसने आगे चलकर पूरी दुनिया को प्रेरित किया। वह युवती थी जेन गुडॉल, जिनका इस साल दुखद निधन हो गया।

बचपन से ही टारजन और डॉक्टर डूलिटल जैसी किताबें पढ़ने वाली जेन का सपना था अफ्रीका जाना और किताबों के जरिए परिचित हुए अपने पसंदीदा जानवरों के साथ काम करना। उन्हें जानवरों के जीवन को गहराई से समझने और उनके बारे में लिखने की तीव्र इच्छा थी। इस सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने कई छोटे-मोटे काम किए, पैसे बचाए और अथक मेहनत की जो उनके दृढ़ निश्चई होने का प्रमाण है।

**शोध और अध्ययन**

जेन के दीर्घकालीन निरीक्षणों से चिम्पैंजियों के जीवन, सामाजिक संरचना और व्यवहार के बारे में नई जानक. ारी मिली। गुडॉल ने यह सिद्ध किया कि चिम्पैंजियों में भावनाएं होती हैं, वे संवेदनशील होते हैं, जीवनभर टिकने वाले रिश्ते बनाते हैं, समूह में योजनाएं बनाते हैं और जो कुछ सीखते हैं, उसे अगली पीढ़ी को सिखाते हैं। उन्होंने देखा कि चिम्पैंजी केवल शाकाहारी नहीं हैं वे कभी-कभी छोटे बंदरों का शिकार कर मांस भी खाते हैं। उन्होंने यह भी देखा कि चिम्पैंजी औजार बनाकर उनका उपयोग करते हैं। यह मानव विकास को समझने में क्रांतिकारी खोज थी। उनके शोध से यह सिद्ध हुआ कि चिम्पैंजियों के भी मनुष्य की तरह व्यक्तित्व होते हैं। इससे यह धारणा गलत साबित हुई कि जानवर केवल आदत के अनुसार व्यवहार करते हैं। उस समय कई वैज्ञानिक उनके निष्कर्षों से असहमत थे, क्योंकि तब यह विश्वास दृढ़ था कि मनुष्य अन्य प्रजातियों से बिल्कुल अलग है। जेन ने जिन चिम्पैंजियों का अध्ययन किया, उन्हें पहचान के लिए संख्या नहीं बल्कि नाम दिए। उस समय यह अवैज्ञानिक माना जाता था, लेकिन शायद इससे उनके निरीक्षण में भावनात्मक गहराई आई। उनमें से एक चिम्पैंजी, डेविड ग्रेबियर्ड, ने सबसे पहले जेन पर भरोसा किया और पास आने दिया। वह अपने समूह का प्रमुख था, जिससे अन्य चिम्पैंजियों ने भी जेन को स्वीकार किया। उसी डेविड ग्रेबियर्ड को जेन ने घास की डंडी की मदद से दीमक निकालते हुए देखा पहली बार यह साबित हुआ कि मनुष्य के अलावा अन्य प्रजातियां भी औजार का उपयोग करती हैं। इस खोज ने मनुष्य और जानवरों के बीच की सीमा रेखा धुंधली कर दी। नेशनल जियॉग्राफिक में प्रकाशित इस खोज ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलाई। जेन के अध्ययन ने चिकित्सा क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। गॉम्बे के कुछ चिम्पैंजियों में एक खास वायरस



पाया गया, जो मनुष्यों में एड्स उत्पन्न करने वाले वायरस HIV-1 का निकट सम्बंधी है। अध्ययनों में यह भी पाया गया कि SIVcpz से संक्रमित चिम्पैंजियों में CD4+ टी कोशिकाओं की संख्या घटती है, एड्स जैसे लक्षण दिखाई देते हैं और मृत्यु का खतरा 10 से 16 गुना बढ़ जाता है। इस खोज से यह स्पष्ट हुआ कि एड्स का उद्भव संभवत: चिम्पैंजी या गोरिल्ला जैसे ऐप में होकर मानव में हस्तातंरण हुआ संभवत: शिकार या मांस काटने के दौरान। इन खोजों की वजह से जेन को आगे के अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता मिली, जिससे उनका प्रारंभिक पांच महीने का प्रोजेक्ट आगे बढ़कर दुनिया का सबसे लंबा वन्यजीव अध्ययन बन गया जो आज भी 60 वर्षों से अधिक समय से चल रहा है। चिम्पैंजियों के दीर्घ जीवनकाल को देखते हुए, उनका दीर्घकालीन अध्ययन आवश्यक भी था। अब तक इस पर लगभग 300 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। जेन की यात्रा में डॉ. लुईस लीकी का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने जेन की जिज्ञासा और प्रकृति-प्रेम को पहचाना और उन्हें तंजानिया में शोध का अवसर दिया। आगे चलकर, उन्होंने ही जेन को कैंब्रिज विश्वविद्यालय से पीएचडी करने का अवसर दिलाया, भले ही उनके पास स्नातक की डिग्री नहीं थी। 1966 में जेन ने गॉम्बे नदी के किनारे संरक्षित क्षेत्र में मुक्त रूप से रहने वाले चिम्पैंजियों के व्यवहार विषय पर पीएचडी पूरी की। उनकी शोध पद्धति, नैतिकता और अनुशासन आज भी आदर्श माने जाते हैं।

पीएचडी के बाद भी जेन का कार्य रुका नहीं। वे गॉम्बे वापस आ गई लेकिन अब उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण था। दुनिया भर में वनों की कटाई और वन्यजीवों के आवासों का विनाश तेजी से बढ़ रहा था। गॉम्बे नेशनल पार्क भी इन चुनौतियों से अछूता नहीं था। मानव हस्तक्षेप और चराई के कारण जानवरों में रोगों का संक्रमण बढ़ रहा था। विशेष रूप से चिम्पैंजियों में, जो अलग-थलग समूहों में रहते हैं और समूह के बाहर जाकर बिरले ही प्रजनन करते हैं। ऐसी स्थिति में जेन के संरक्षण कार्यों का महत्व और बढ़ गया। जेन के इस कार्य व प्रयासों के चलते 1968 में गॉम्बे स्ट्रीम गेम रिजर्व को राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया। 1977 में उन्होंने जेन गुडॉल इंस्टिट्यूट की स्थापना की। प्रारंभ में इसका उद्देश्य गॉम्बे प्रोजेक्ट को सहायता देना था, लेकिन आगे चलकर यह संस्था वन्यजीव संरक्षण हेतु 25 देशों में सक्रिय हो गई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इमरान जिंदा हैं या नहीं, बेटे ने सबूत मांगा

## पाकिस्तान में चार दिन से प्रदर्शन, पुलिस ने खैबर सीएम को पीटा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटे कासिम खान ने गुरुवार को जेल में बंद अपने पिता के जिंदा होने का सबूत मांगा है। उन्होंने कहा कि किसी को भी नहीं पता है कि इमरान जिंदा हैं या नहीं। कासिम ने एक्स पर लिखा कि उनके पिता को 845 दिन पहले गिरफ्तार किया गया था। पिछले 6 हफ्तों से उन्हें अकेले एक 'डेथ सेल' में रखा गया है।

न तो किसी को उनसे मिलने दिया गया है, न ही कोई फोन काल या मैसेज दिया गया। कासिम ने कहा कि उनकी बुआओं को भी अपने भाई से मिलने नहीं दिया जा रहा है। यह सब किसी सुरक्षा नियम की वजह से नहीं, बल्कि जानबूझकर की जा रही कार्रवाई है। सरकार उनके पिता की असली हालत छिपा रही है। वहीं, इमरान खान का समर्थन करने रावलपिंडी की अडियाला जेल पहुंचे खैबर-पख्तूनख्वा (केपी) राज्य के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी को पुलिस ने गुरुवार को सड़क पर गिराकर पीटा। कासिम



■ दावा: सेना के आदेश पर किया गया हमला

ने अपने पिता की रिहाई को लेकर यह पोस्टर गुरुवार को एक्स पर शेयर किया, जिसमें कहा गया है कि इमरान खान को 845 दिन से अवैध हिरासत में रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीएम सोहेल अफरीदी पर हमले की कार्रवाई सेना के आदेश पर की गई। अफरीदी गुरुवार को जिस समय जेल पहुंचे थे वहां भारी सुरक्षा तैनात थी और पीटीआई समर्थकों की भीड़ लगातार बढ़ रही थी। उनके पहुंचने से हालात और बिगड़ गए। पुलिस ने उन्हें और उनके साथ आए नेताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया। धक्का-मुक्की के दौरान पुलिसकर्मियों ने सीएम को लात-घूंसे भी मारे और जमीन पर गिरा दिया। पीटीआई ने इस घटना को लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताया है। सुहैल अफरीदी का कहना है कि सरकार को इमरान खान की सेहत और सुरक्षा को लेकर उठे सभी सवालों के सही जवाब देने होंगे। अगर ऐसा नहीं किया गया तो वे जनता के साथ सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हो जाएंगे। अफरीदी ने आरोप लगाया कि सरकार इमरान खान की हालत की सही जानकारी नहीं दे रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इमरान खान को कुछ हुआ तो इसके नतीजे की जिम्मेदारी पूरी तरह मौजूदा सरकार पर होगी। उन्होंने पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर पर तंज कसते हुए कहा कि देश के बिगड़ते हालात के लिए वही जिम्मेदार हैं।

### इमरान की बहन ने किया अदालत का रुख

**लाहौर।** इमरान खान की बहन अलीमा खान ने शुक्रवार को इस्लामाबाद हाई कोर्ट (आईएचसी) में अडियाला जेल सुपरिटेंडेंट और अन्य के खिलाफ कोर्ट की अवमानना की याचिका दायर की है। अलीमा का कहना है कि उन्हें जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से मिलने की इजाजत नहीं दी गई। अलीमा खान ने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के दूसरे नेताओं की मौजूदगी में याचिका दायर की। याचिका में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के 24 मार्च के आदेश का जिक्र किया गया है, जिसमें कोर्ट ने 73 साल के अलीमा को हफ्ते में दो बार जेल में बंद इमरान खान से मिलने का शेड्यूल शुरू किया था। याचिका में अलीमा ने कोर्ट की अवमानना की कार्रवाई शुरू करने की मांग की है।



नई दिल्ली। महिलाओं से बातचीत के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

### अमेरिका के शांति प्रयासों को लेकर आशावान हूं: पॉल कागामे

**किगाली।** रवांडा के राष्ट्रपति पॉल कागामे ने गुरुवार को कहा कि वह अफ्रीकी महाद्वीप के मध्य स्थित कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से अमेरिका की ओर से कराए जा रहे शांति समझौते पर हस्ताक्षर को लेकर आशान्वित हैं। डीआरसी के राष्ट्रपति कार्यालय के सूत्रों का हवाला देते हुए मीडिया रिपोर्टों में संकेत दिया गया है कि कागामे और उनके कांगो के समकक्ष फेलिक्स त्सेसीकेदी के बीच यह शांति समझौता दिसम्बर की शुरुआत में वाशिंगटन में हस्ताक्षरित हो सकता है। कागामे ने रवांडा की राजधानी किगाली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि समझौते में देरी के लिए रवांडा ज़िम्मेदार नहीं है। उन्होंने कहा कि हम तो यहां इंतज़ार कर रहे हैं।

### संक्षिप्त समाचार

**भारत ने श्रीलंका के लिए मदद की पहली खेप भेजी**

**नई दिल्ली।** भारत ने चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका में जान-माल के नुकसान की भरपाई के लिए ऑपरेशन 'सागर बन्धु शुरू' कर तत्काल राहत सामग्री की पहली खेप भेजी है। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत ने चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका को मदद की पहली खेप भेजी है। डॉ. जयशंकर ने श्रीलंका को राहत सामग्री सौंपे जाने की तस्वीरें साझा करते हुए कहा है कि ऑपरेशन सागर बन्धु शुरू। आईएनएस विक्रांत और आईएनएस उदयगिरि ने कोलंबो में राहत सामग्री सौंपी।

**बेड़ा निरीक्षण में विक्रांत कर रहा भारत का प्रतिनिधित्व**

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत देश में ही निर्मित फ्रिगेट आईएनएस उदयगिरि के साथ अपनीपहली विदेश यात्रा पर श्रीलंका नौसना द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा निरीक्षण में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहा है। श्रीलंका नौसेना ने अपनी 75 वीं वर्षगांठ पर 27 से 29 नवम्बर तक इस समुद्री समारोह का आयोजन किया है। इसमें कई देशों के नौसैनिक पोत, प्रतिनिधिमंडल और पर्यवेक्षक भाग ले रहे हैं।

**रूस-वेनेजुएला ने 19 समझौतों पर किए हस्ताक्षर**

**मॉस्को।** रूस और वेनेजुएला के प्रतिनिधिमंडलों ने शिक्षा, अनुसंधान, युवा नीति, तेल उत्पादन, शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों को कवर करने वाले तीन समझौतों सहित कुल 19 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। समाचार एजेंसी स्पुतनिक की एक खबर के अनुसार, दोनों देशों ने उच्च स्तरीय अंतर-सरकारी रूसी-वेनेजुएला आयोग की बैठक के अंतिम अधिनियम पर हस्ताक्षर किए हैं।

# अमेरिका में अब इंडियन शब्द इस्तेमाल पर रोक!

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दिया फिर विवादित बयान, नेटिव अमेरिकन समूहों ने जताया कड़ा विरोध

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर ऐसा बयान दे दिया है जिसने नेटिव अमेरिकन समुदायों में नई बहस शुरू कर दी है। ट्रम्प ने दावा किया कि अब इंडियन शब्द का इस्तेमाल करना मानो प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसे इस्तेमान नहीं कर सकते। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में जनजातीय पहचान, पुरानी टीमों के नाम और सांस्कृतिक संवेदनशीलता पर गंभीर चर्चाएं जारी हैं। ट्रम्प ने बातचीत में कहा कि आप 'इंडियन' शब्द का इस्तेमाल नहीं कर सकते। सिर्फ इंडियंस ही चाहते हैं कि आप इसका इस्तेमाल करें।

मैं कभी आपको इसे बदलने के लिए नहीं कहूंगा। यह शब्द ऐतिहासिक गलती से जुड़ा है, जब क्रिस्टोफर कोलंबस ने सोचा था कि वह भारत पहुंच गया है, और इस गलतफहमी के चलते नेटिव अमेरिकन को इंडियन कहा जाने लगा। कुछ जनजातीय सदस्य आज भी इसे अपनाए रखते हैं, जबकि कई इसे नस्लीय और गलत मानकर छोड़ देना चाहते हैं। ट्रम्प पहले भी नेटिव अमेरिकन समुदायों से जुड़े मुद्दों पर विवादों में रहे हैं। वाशिंगटन की एनएफएल टीम के पुराने नाम रेडस्किन्स को लेकर उन्होंने कड़ा रुख अपनाया था। 2020 में विरोध और आलोचनाओं के चलते यह



■ ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में जनजातीय पहचान, पुरानी टीमों के नाम और सांस्कृतिक संवेदनशीलता पर गंभीर चर्चाएं जारी हैं
■ जब क्रिस्टोफर कोलंबस ने सोचा था, वह भारत पहुंच गया है, और इस गलतफहमी के चलते नेटिव अमेरिकन को इंडियन कहा जाने लगा: डोनाल्ड ट्रम्प

नाम हटाकर वाशिंगटन कमांडर्स कर दिया गया था। ट्रम्प का कहना था कि वह नए स्टेडियम की मंजूरी तभी देंगे जब टीम अपना पुराना नाम वापस ले।

उन्होंने यह भी कहा था कि पुराना नाम टीम के लिए ज्यादा मूल्यवान और ज्यादा रोमांचक होगा। अमेरिकन इंडियन अफेयर्स एसोसिएशन सहित कई समूहों ने ट्रम्प के दावों को खारिज कर दिया और कहा कि ऐसी टीम मास्काट परंपराओं से नेटिव संस्कृतियों को कार्टून की तरह पेश किया जाता है। समूह का कहना है कि ये नाम और मास्काट हमें सम्मान नहीं देते, बल्कि हमें मजाक बना देते हैं। हम जीवित संस्कृतियाँ हैं, मनोरंजन के साधन नहीं।

कई जनजातीय सदस्यों ने कहा कि ट्रम्प नेटिव पहचान को अपनी राजनीतिक भाषा में मोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। जहां अधिकतर समूह उनके बयान का विरोध कर रहे हैं, वहीं नेटिव अमेरिकन गार्जियन्स एसोसिएशन ने ट्रम्प का समर्थन किया है। इस संगठन ने कहा कि राष्ट्रपति की बात में कामन सेंस है और कुछ नाम व शब्द वापस लाने चाहिए। यह समूह पहले भी टीम नामों को वापस लाने या उसके उपयोग जारी रखने की मांग करता रहा है। ट्रम्प का नेटिव अमेरिकन समुदायों के साथ विवाद नया नहीं है। 1993 में कांग्रेस के सामने दिए एक बयान में उन्होंने कहा था कि कुछ जनजातियां उन्हें इंडियन जैसी नहीं दिखतीं। इतना ही नहीं, उन्होंने दावा किया था कि उनके अंदर कई कथित इंडियंस से ज्यादा इंडियन ब्लड हो सकता है। यह बयान तब आया था जब वे नेटिव अमेरिकन गेमिंग लाइसेंस को लेकर चल रही सुनवाई में शामिल थे।

### गरीब देशों के शरणार्थियों को घुसने नहीं दूंगा: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह 'थर्ड वर्ल्ड कंट्रीज' से आने वाले शरणार्थियों को हमेशा के लिए रोक देंगे, ताकि अमेरिका फिर से मजबूत हो सके। थर्ड वर्ल्ड कंट्रीज का कोई कानूनी मतलब नहीं है, लेकिन आम तौर पर इसका इस्तेमाल अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और मिडिल ईस्ट के उन देशों के लिए होता है जो लो इनकम या फिर लोअर मिडिल इनकम कैटेगरी में आते हैं। ट्रम्प ने वाशिंगटन डीसी में 2 नेशनल गार्ड्स की मौत के बाद गुरुवार को यह ऐलान किया। उन्होंने इस हमले को शरणार्थियों से जोड़कर बताया। ट्रम्प ने कहा कि इमिग्रेशन पालिसी की वजह से देश के लोगों की जिंदगी बदतर हो चुकी है। ट्रम्प ने कहा: जो लोग अमेरिका के लिए फायदेमंद नहीं हैं या जो हमारे देश से सच्चा प्यार नहीं करते, उन्हें भी हटाया जाएगा। ट्रम्प ने इमिग्रेशन पालिसी को और सख्त करने का वादा किया। इससे पहले ट्रम्प प्रशासन ने गुरुवार को ऐलान किया था कि अब 19 देशों से आए प्रवासियों की सख्त जांच की जाएगी। ट्रम्प के थर्ड वर्ल्ड देशों के शरणार्थियों को देश में एंट्री बंद करने का ऐलान यूएससीआईएस से भी बड़ा है। यह एजेंसी अमेरिका में प्रवासियों से जुड़े काम देखती है। यूएससीआईएस के डायरेक्टर जोसेफ एडलो ने गुरुवार को कहा था कि यूएससीआईएस अब अफगानिस्तान समेत 19 देशों के उन लोगों की जांच करने जा रही है जिन्हें पहले अमेरिका में परमानेंट रेजिडेंसी (ग्रीन कार्ड) मिल चुकी है। एडलो ने बताया कि इन 19 देशों की सूची ट्रम्प के जून 2025 के एक आदेश में जारी की गई थी, जिसमें इन्हें 'चिंता वाले देश' कहा गया था। यह नई गाइडलाइन 27 नवम्बर से लागू हो गई है।

### यूक्रेन के दूसरे सबसे ताकतवर शख्स के घर छापेमारी

**कीव।** यूक्रेन की एंटी-करप्शन एजेंसियों ने राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के चीफ आफ स्टाफ एंड्री येरमाक के घर की तलाशी की है। 2025 की शुरुआत में यूक्रेन में जांच एजेंसियों ने 800 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का खुलासा किया था, जिसमें जेलेंस्की के कई करीबी घिर गए हैं। जेलेंस्की पहले ही दो मंत्रियों को बर्खास्त कर चुके हैं। कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। राष्ट्रपति के एक पुराने बिजनेस पार्टनर तिमूर मिनडिच देश छोड़कर भाग चुके हैं। येरमाक को जेलेंस्की का सबसे करीबी सलाहकार हैं। इसलिए उन्हें देश का दूसरे सबसे ताकतवर शख्स कहा जाता है। वे अमेरिका और रूस के बीच पीस डील में यूक्रेन की तरह से बातचीत कर रहे हैं। भ्रष्टाचार के मामले में घिरने के बाद येरमाक पर पद छोड़ने का दबाव बढ़ता जा रहा है। हालांकि आज तलाशी के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि उनकी तरफ से पूरी मदद की जा रही है और वे किसी केस में आरोपी नहीं हैं। जांच एजेंसियों ने देश की परमाणु ऊर्जा फर्म एनर्जोएटम में टेंडर देने के बदले रिश्वत लेने और सरकारी पैसे की हेराफेरी करने के नेटवर्क को पकड़ा है।

# नेपाल ने भारत के 3 इलाकों को अपना बताया

■ 100 रुपये के नोट पर विवादित मैप छापा, भारत बोला: ऐसे दावों से सच्चाई नहीं बदलती

**काठमांडू।** नेपाल ने भारत के साथ पहले से चल रहे सीमा विवाद को और बढ़ा दिया है। उसने अपने नए 100-रुपये के नोट पर जो नक्शा छापा है, उसमें लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया है, जबकि ये तीनों इलाके भारत की सीमा के भीतर आते हैं।

भारत ने इस कदम की कड़ी आलोचना की है और इसे एकतरफा कार्रवाई बताया, जिसमें ऐतिहासिक तथ्यों को नजरअंदाज किया गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ऐसे दावों सच्चाई नहीं बदलती है। नेपाल को भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए। ऐसे दावे द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन करते हैं। ये नोट पर नेपाल राष्ट्र बैंक के पूर्व गवर्नर महा प्रसाद अधिकारी के साइन हैं और नोट जारी करने का साल 2081 बीएस (2024) लिखा गया है। यह नक्शा नोट के बीच में हल्के हरे रंग में बना है। यह नक्शा सिर्फ 100 के नोट पर है। 10, 50, 500 और 1000 के नोटों पर नहीं। बैंक का कहना है कि पुराने 100 के नोट पर भी नक्शा था, अब उसे सिर्फ सरकारी फैसले के मुताबिक संशोधित किया गया है।

# पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत गंभीर

## सीने में इन्फेक्शन से जूझ रहीं, बांग्लादेश के पीएम यूनुस बोले: सलामती के लिए लोग प्रार्थना करें

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया की हालत बेहद गंभीर है। यह जानकारी उनकी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा इस्लाम आलमगीर ने शुक्रवार को दी। 80 साल की खालिदा जिया बीएनपी की अध्यक्ष हैं। वे पिछले कई साल से लिवर, किडनी, डायबिटीज, गठिया और आंखों की परेशानी से जूझ रही हैं।

आलमगीर ने कहा कि कल रात डाक्टरों ने बताया कि उनकी शारीरिक स्थिति बेहद गंभीर है। 23 नवम्बर को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें सीने में इन्फेक्शन हो गया था, जिसका असर उनके दिल और फेफड़ों पर पड़ा। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने खालिदा जिया की बिगड़ती सेहत पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने लोगों से जिया के जल्द ठीक होने के



■ 23 नवम्बर को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था
■ खालिदा के बेटे तारिक और अन्य पांच आरोपियों को भी 10 साल कठोर कारावास की सजा दी गई थी

लिए दुआ करने की अपील भी की है। फिलहाल वे ढाका के एवरकेयर अस्पताल में भर्ती हैं, जहां स्थानीय और विदेशी डाक्टरों की एक टीम उनकी देखरेख कर रही है। खालिदा जिया को लिवर सिरोसिस, हार्ट डिजीज और किडनी की बीमारी है। खालिदा जिया को 8 फरवरी 2018 को ढाका की स्पेशल कोर्ट ने जिया अनाथालय ट्रस्ट के नाम पर सरकारी पैसे का गबन करने के आरोप में 5 साल की सुनाई थी। खालिदा के बेटे तारिक और अन्य 5 आरोपियों को भी 10 साल कठोर कारावास की सजा दी गई थी। इन पर 2.1 करोड़ बांग्लादेशी टका का जुर्माना भी लगा था। तारिक और अन्य 2 आरोपी फरार हो गए थे। जिया ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। इस पर कोर्ट ने 30 अक्टूबर 2018 को सुनवाई करते हुए सजा को बढ़ाकर 10 साल कर दिया था। इसके बाद खालिदा ने सजा के खिलाफ लीव-टू-अपील यानी सीधे सर्वोच्च अदालत में चुनौती देने की अपील की थी। 5 साल तक कानूनी प्रक्रियाओं के चलते इसमें देरी होती रही। शेख हसीना के तख्तापलट के 1 दिन बाद खालिदा जिया को 6 अगस्त 2024 को रिहा किया गया था। इसके बाद वह बेहतर इलाज के लिए लंदन चली गई थीं। 4 महीने वहां रहने के बाद वे 6 मई को देश लौटीं। खालिदा जिया दो बार 1991 से 1996 और 2001 से 2006 तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रह चुकी हैं। वह पूर्व राष्ट्रपति जिया-उर-रहमान की पत्नी हैं। उनके बड़े बेटे और बीएनपी के कार्यकारी अध्यक्ष तारीक रहमान 2008 से लंदन में रह रहे हैं। वहीं, उनके छोटे बेटे अराफात रहमान का 2025 में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

# यूएई ने पाकिस्तानियों को वीजा देना बंद किया

## 70-80 प्रतिशत आवदेन रिजेक्ट हो रहे, अपराध और भीख मांगने की घटनाओं के चलते सख्ती

**इस्लामाबाद।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने पाकिस्तान के नागरिकों को वीजा देना बंद कर दिया है। यह जानकारी पाक गृह मंत्रालय के अधिकारी सलमान चौधरी ने दी है।

हालांकि जिन लोगों के पास ब्लू और डिप्लोमैटिक पासपोर्ट है, उन्हें अभी वीजा जारी किया जा रहा है। पाकिस्तानी अखबार डीएडब्ल्यूएन ने ट्रैवल एजेंटों के हवाले से बताया है कि पहली बार और सिंगल-एंट्री वीजा के 70-80 प्रतिशत आवेदन रिजेक्ट हो रहे हैं। हालांकि जिन लोगों के परिवार यूएई में रहते हैं, उन्हें वीजा मिलने की संभावना ज्यादा है। डीएडब्लयूएन की रिपोर्ट के



■ जिन लोगों के परिवार यूएई में रहते हैं, उन्हें वीजा मिलने की संभावना ज्यादा है

मुताबिक लाहौर के रहने वाले 28 साल के नदीम पहली बार घूमने के लिए दुबई जाना चाहते थे, लेकिन उनका वीजा दो बार रिजेक्ट हो गया। ट्रैवल एजेंसी ने वजह बताई कि 40 साल से कम उम्र वाले लोगों की जांच ज्यादा हो रही है। फुल-टाइम नौकरी और बैंक स्टेटमेंट देने के बावजूद वीजा मंजूर नहीं हो रहा। इसके कई युवा परेशान हैं। यूएई और पाकिस्तान के बीच मजबूत राजनीतिक और आर्थिक संबंध हैं, फिर भी वीजा रिजेक्शन का मुद्दा महीनों से चल रहा है। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक यूएई ने आधिकारिक तौर पर कोई बैन नहीं लगाया है। लेकिन पिछले कुछ वक्त से यूएई में अपराध और भीख मांगने की घटनाओं में पाकिस्तानी लोगों का नाम सामने आया है। इसके चलते नए लोगों को वीजा मिलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। यूएई अधिकारियों को कई आवेदकों के दस्तावेज संदिग्ध मिले। एआई आधारित सिस्टम में गड़बड़ी पकड़ में आती है तो वीजा तुरंत रिजेक्ट हो जाता है। पाकिस्तानी पासपोर्ट दुनिया के सबसे कमजोर पासपोर्ट में गिना जाता है। अब कई देशों की सख्त वीजा नीतियों और एंट्री बैन ने पाकिस्तानी यात्रियों की दिक्कतें और बढ़ा दी हैं।

# श्रीलंका में दितवा का कहर 56 लोगों की मौत, 21 लापता

■ चक्रवाती तूफान ने श्रीलंका में भीषण तबाही मचाई, करीब 50 हजार लोग प्रभावित हुए

**कोलंबो।** चक्रवाती तूफान 'दितवा' ने श्रीलंका में भीषण तबाही मचाई है तथा अब तक 56 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 21 लोग लापता और 14 घायल हुए हैं। आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार चक्रवाती तूफान से करीब 50 हजार लोग प्रभावित हुए हैं।

श्रीलंका के स्थानीय मीडिया 'डेली मिरर' की रिपोर्ट के मुताबिक लगातार भारी बारिश और तेज हवाओं से कई जिलों में नदियों का जलस्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। सरकार ने केलानी नदी घाटी के कई निचले इलाकों में अगले 48 घंटे के भीतर बाढ़ की आशंका जताते हुए राजधानी कोलंबो सहित कई क्षेत्रों को अलर्ट पर रखा है। देश के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों में अत्यधिक बारिश हुई है। कई इलाकों में बारिश की मात्रा 200 से 300 मिलीमीटर दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार तूफान का केंद्र त्रिकोमाली से लगभग 50 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है और इसके उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने की आशंका है। तेज मौसम के चलते रेल विभाग ने शुक्रवार सुबह सभी रेल सेवाएं निलंबित कर दीं। कई क्षेत्रों में सड़कें पेड़ गिरने और जलभराव के कारण अवरुद्ध हैं। तेज बारिश और पेड़ों के गिरने से बिजली आपूर्ति भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। कई इलाके पूरी तरह अंधेरे में डूबे हुए हैं। कोलंबो के कई मुख्य मार्गों में आवागमन बाधित है। सेना की 20,500 से अधिक टुकड़ियां राहत और बचाव कार्यों में लगा दी गई हैं।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108